पौष मास, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 325, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 2 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - आइए लिखें नई इबारत



अन्दर : धोनी-कोहली ने दुबई में मनाया न्यू ईयर

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# रेलकर्मी, पत्नी और बेटे के संदिग्ध हालात में मिले शव

**रहस्यमय**

**एडिशनल सीपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने की जांच**

**जनसंदेश न्यूज**


मौके पर लोगों से बात करते पुलिस अधिकारी

**वाराणसी।** रेलवे विभाग में ईएसएम पर कार्यरत राजीव रंजन पटेल उसकी पत्नी और बच्चे कमरे में संदिग्ध हालात में मृत पाये गये। कमरे में एक साथ तीन मौत की सूचना पर रेलवे कॉलोनी में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी तब हुई जब राजीव रंजन का हेल्पर आईपी रूप की चाभी लेने के लिए उनके आवास पर पहुंचा। मौके पर एडिशनल सीपी अपराध एंव मुख्यालय संतोष कुमार सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेसिंक टीम को बुलाया गया। पुलिस की माने तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

जानकारी के अनुसार राजीव काशी रेलवे स्टेशन पर सिग्नल विभाग में तैनात थे और रेलवे स्टेशन कॉलोनी का 29-डी कमरा एलॉट था जिसमें पत्नी और ढाई साल के बच्चे के साथ रहते थे। रविवार को ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर हेल्पर संतोष कुमार साहनी उसनके आवास पर आईपी रूम की चाभी लेने पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा खटखटाया तो वह खुल गया। अंदर जाकर देखा तो मच्छरदानी के अंदर बेड पर राजीव रंजन पटेल, उनकी पत्नी और बेटा बेसुध है और मुंह से झांग निकल रहा है। हेल्पर ने घटना की सूचना पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों ने सूचना आदमपुर थाने की पुलिस को दी। आदमपुर इंस्पेक्टर अजीत वर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

पुलिस ने अब तक की जांच में पाया है कि घर से कोई सामान गायब नहीं है। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में अंगीठी भी जल रही थी। ऐसे में यह हो सकता है कि या तो परिवार ने जहर खाकर जान दी हो। या फिर, अंगीठी जलने की वजह से दम घुट गया हो। फिलहाल फील्ड यूनिट की जांच जारी है। पड़ोसियों ने बताया कि राजीव मूल रूप से बिहार के नालंदा के रहने वाले थे। वह चार बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी सभी बहनों की शादी हो चुकी है।

# नौका विहार कर रही महिला का हाथ कटा

**जनसंदेश न्यूज**


जख्म दिखाती महिला

**वाराणसी।** नया साल मनाने गुजरात से आई एक महिला बड़े हादसे का शिकार हो गई। नौकायन के दौरान महिला का हाथ कट गया। बनारस के सबसे प्रमुख घाट पर हुए हादसे के बाद भी प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई।

हादसे के बाद महिला गोद में उठाकर किसी तरह सड़क तक लाना पड़ा। जल पुलिस पर एक स्ट्रेचर तो मिला लेकिन न तो दशाश्वमेध पर एम्बुलेंस मिल सकी और न ही गोदौलिया पर व्यवस्था हो सकी। इस दौरान उसके हाथ से लगातार खून बहता रहा और वह चिखती चिल्लाती रही। एम्बुलेंस नहीं मिलने पर किसी तरह स्ट्रेचल सहित महिला को पुलिस की जीप में लादा गया और मंडलीय अस्पताल भेजा गया। गुजरात से आए पर्यटकों के दल के साथ यह महिला सुबह काशी विश्वनाथ में दर्शन पूजन करने के बाद नौकायन कर रही थी। नौकायन करने के बाद दशाश्वमेध घाट के पास नाव को किनारे लगाया जा रहा था। इस दौरान महिला का हाथ नाव से बाहर था। बगल से निकली दूसरी नाव भी घाट की तरह बढ़ रही थी। गंगा में नावों के बीच होने वाले स्वाभाविक टकराव के दौरान महिला का हाथ दोनों नावों के बीच में आया।

## संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



**पिंडरा।** फूलपुर पुलिस ने तरती बार्डर कठिरांव में चेकिंग के दौरान बाइक सवार अभियुक्त शिवम तिवारी निवासी तुलसीपुर थाना बरसठी जौनपुर और विपुल दुबे निवासी ग्राम हरिपुर थाना बरसठी जौनपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी में एक तमंचा, तीन कारतूस और एक लोहे का पंच बरामद किया। पुलिस की माने तो शिवम तिवारी के उपर करीब आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश कुमार, हे0का0 योगेन्द्र यादव, हे0का0 दिवाकर गुप्ता और का0 अरविन्द सिंह शामिल रहे।

### शरारती तत्वों ने कबाड़ की दुकान में लगाई आग

**रोहनिया।** राजातालाब थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी कस्बा राजातालाब अंतर्गत कचनार गांव स्थित संतोष गुप्ता के कबाड़ के दुकान में शनिवार की रात शरारती तत्वों ने आग



लगा दी। आग से चार कुंतल फोम व एक इंजन जलकर खाक हो गया। करीब बीस हजार रुपये के ऊपर की क्षति हुई है। पीड़ित की तरफ से राजातालाब पुलिस को घटना की सूचना रविवार को दी गयी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कस्बा राजातालाब ईश चन्द्र यादव जांच पड़ताल की।

### हादसे में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

**सेवापुरी।** सेवापुरी क्षेत्र के हाथी बाजार पोस्ट ऑफिस के समीप शनिवार देर रात एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जबकि बाइक पर बैठा एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। अमरीपुर गांव निवासी आर्यन सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह (21) अपने साथी के साथ हाथी बाजार की तरफ जा रहा था। पोस्ट ऑफिस के समीप पहुंचने पर वहां खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली में से जा टकराया। हादसे में युवक का सिर में गंभीर चोट आयी। जबकि पीछे बैठा एक अन्य युवक भी घायल हो गया। ग्रामीणों ने जंसा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को ट्रामा सेंटर भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन बगैर पोस्टमार्टम कराए शव का दाह संस्कार कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक का नजदीक के एक निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जहां हालत चिंताजनक बनी है।

### पिकअप पर लादकर ले भागे भैंस

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव (तमाचाबाद) पुलिस चौकी के ठीक सामने से शनिवार की रात चोरो ने तेजू पाल की भैंस पिकअप पर लादकर ले गये। टीन सेट में कुल आठ भैस बंधी थी उसी में पशु पालक तेजू सोया था। चोरो ने पिकअप से रात में 12 बजे एक भैस को लाद लिया उसी समय एक चालक जेसीबी लेकर हाइवे से कछवांरोड के तरफ आ रहा था। उसकी निगाह पड़ी तो थोडा आगे एक ढाबे पर सूचना दी ढाबे वाले जैसे हो तेजू के घर के लिए निकले उनको आता देख पशु चोर पिकअप समेत औराई के तरफ भाग निकले। तेजू के पुत्र श्याम जी ने रविवार को थाने में अज्ञात चोरो के खिलाफ भैस चोरी की तहरीर दी। पशु पालक के अनुसार भैस की कीमत लगभग 65 हजार बताई गई।

### तीन बकरी खोल ले गए चोर

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद क्षेत्र के कल्लीपुर गांव में शनिवार की रात छोटे लाल के मिट्टी के मकान में बंधे दो बकरी व एक बकरे को चोरो ने उड़ा ले गया।भुक्तभोगी ने बताया की जब रविवार की सुबह सो के उठा तो देखा की बकरी व बकरे गायब थे काफी खोजबीन करने जब कही पता नहीं चला तो रविवार की दोपहर पुलिस को सूचित किया। पुलिस जांच में जुट गयी है।

### डायल 112 को देख भागे चोर

**चौबेपुर।** चौबेपुर क्षेत्र के बर्थरा खुर्द गांव में शनिवार की रात साढ़े ग्यारह बजे चोर गांव में सोलर पैनल की बैट्री निकाल रहा था तभी किसी ने डायल 112 पर सूचना दे दी । सूचना पर पुलिस जब पहुंची तो चोर बैट्री व अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। गांव के ग्राम प्रधान सुनील यादव व ज्ञानचंद तिवारी ने बताई कि गांव में अब तक दो दर्जन सोलर लाइटों का बैट्री चोरी की जा चुकी है। प्रधान की तहरीर पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

### तीन पर गैंगस्टर

**वाराणसी।** शातिर लुटेरों के खिलाफ कैण्ट पुलिस ने गैंगेस्टर के तहत मामला दर्ज किया। वर्तमान समय में एक जेल से बाहर है जबकि दो अभी भी जेल में है। अभियुक्तगण विशाल कुमार उर्फ बाबू निवासी सरसौली भोजूबीर थाना कैण्ट, विशाल कुमार प्रजापति निवासी काशीराम आवास शिवपुर, संजय सोनी निवासी कृष्णपुरम कालोनी थाना शिवपुर के विरुद्ध जुर्म धारा- 3 (1) उ.प्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि 1986 का अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। वर्तमान में संजय सोनी जेल से बाहर है जबकि शेष दोनों अभ्यस्त अपराधी जेल में है।

### शीतलहर के चलते 8 तक के सभी विद्यालय 4 तक बंद

वाराणसी। डीएम एस. राजलिंगम के दिए गये निर्देश के क्रम में भीषण शीतलहर और ठंड को देखते हुए 4 जनवरी तक (3दिन) कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल बन्द रहेंगे। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद रहेगें। स्कूल बंद होने का आदेश सभी प्राथमिक विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड व मदरसा बोर्ड आदि पर लागू होगा।

### आदिपुरुष महाराज अहिबरन की जयन्ती मनाई

वाराणसी। बरनवाल सेवा समिति वाराणसी, महिला समिति एवं नवयुवक संघ ने संयुक्त तत्वावधान में नाटीइमली स्थित कान्यकुब्ज वैश्य सभा में आदि पुरुष महराज अहिबरन की जयंती मनायी गई। वार्षिकोत्सव के अवसर पर महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण कुमार बरनवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ रचना अग्रवाल सहित अध्यक्ष राजेन्द्र बरनवाल, मंत्री डॉ विनोद कौशिक, अशोक बरनवाल, मार्कण्डेय बरनवाल, सुषमा कौशिक, नीलू, कीर्तन बरनवाल, विनोद, मंत्री नवीन, शुभम व प्रेमचंद बरनवाल, शशिकांत आर्य, शरद, डॉक्टर नन्दलाल, संजय, अरुण व मोहनलाल, पुष्पा बरनवाल, डॉक्टर किरण कौशिक, निर्मला, नीशिमा व सौरभ बरनवाल आदि मौजूद थे।

# घर में घुसकर छेड़खानी, दोनों पक्ष ने दर्ज करायी रपट

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर क्षेत्र के पहड़िया चौकी क्षेत्र में शनिवार को एक दर्जन से अधिक आरोपियों ने घर में घुसकर महिलाओं संग छेड़खानी, मारपीट व तोड़फोड़ की। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि उनके साथ मारपीट की गयी। पुलिस ने दोनों पक्ष के करीब एक दर्जन पर मुकदमा दर्ज किया।

एक पक्ष का आरोप है कि शनिवार को जितेन्द्र यादव निवासी गंगापुर लगभग 50-60 लोगों के साथ जो लाठी, डन्डे, राड, अवैध असलहा, हथौड़ा आदि लेकर प्रार्थिनी के घर पर चढ़ आए। घर में घुसकर तोड़ फोड़ करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। घर में औरतों के साथ छेड़खानी की। जाते समय आरोपियों ने सुबूत मिटाने के लिए घर में लगा सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी तोड़ दिया। जबकि दूसरे पक्ष के संजय नगर कॉलोनी निवासी सचिन राय का आरोप है कि शनिवार को वह अपने प्लॉट पर था। इस बीच आधा दर्जन लोग जिसमें महिलाएं भी शामिल थी ईंट पत्थर और रॉड से हमला कर दिया। हमले में तीन से चार लोगों को चोट आयी। पुलिस रपट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### जारी है शाइन सिटी पर मुकदमों का दौर

**वाराणसी।** शाइन सिटी के द्वारा जमीन देने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने का मामले में न्यायालय के आदेश पर कैन्ट पुलिस ने कम्पनी के निदेशकों समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सिद्धगिरी बाग सिगरा निवासी जितेंद्र कुमार ने कम्पनी के द्वारा प्लॉट 25 लाख में तय किया गया जिसका एडवांस 15 लाख चार दिसम्बर 2019 को लेने के बाद भी तय समय मे जमीन की रजिस्ट्री नही की गई। पीड़ित के द्वारा स्थानीय पुलिस के अलावा उच्चाधिकारियों से गुहार लगायी लेकिन मुकदमा दर्ज नही होने पर न्यायालय की शरण ली।

## पिकअप के धक्के से छह साल के बच्चे की मौत

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकअप की टक्कर से छह साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप छोड़ कर आरोपी चालक भाग निकला। जानकारी के अनुसार रामनगर कस्बे में 36वीं बटालियन पीएसी तिराहा के समीप बजरंगी अपने परिवार के साथ झोपड़ी में रहता है। बजरंगी नगर पालिका में साफ-सफाई का काम करता है। बजरंगी के दो बेटों और एक बेटी में सबसे बड़ा छह वर्षीय शिव आज अपनी झोपड़ी में मां नेहा के साथ गेंद से खेल रहा था। खेलने के दौरान ही गेंद सड़क पर चली गई। शिव गेंद पकड़ने के लिए सड़क की ओर दौड़ा। उसी दौरान पीएसी तिराहा से दुर्गा मंदिर की ओर जा रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिव को स्थानीय लोग लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में उपचार के लिए ले गए। उपचार के दौरान शिव की मौत हो गई। रामनगर थाने की पुलिस पिकअप के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से आरोपी चालक की तलाश कर रही है। मृतक के पिता बजरंगी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खनन अधिकारी का वाहन तोड़ा चालक और गार्ड की पिटाई की

**अराजकता की हद**

**शिवपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, तलाश जारी**

**जनसंदेश न्यूज**



**तरना।** खनन अधिकारी के गाड़ी पर पथराव व होमगार्ड और चालक को पीटने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दर्ज कर पुलिस खोजबीन शुरु कर दी है।

खनन अधिकारी पारिजात त्रिपाठी ने बताया कि 29 दिसंबर की राता में उनका चालक और होमगार्ड सर्किट हाउस स्थित उनके सरकारी आवास पर छोड़ा इसके बाद वाहन लेकर खाना खाने शिवपुर की तरफ निकले। शिवपुर बाईपास से ही चार पहिया वाहन में सवार संदिग्ध करीब आधा दर्जन युवक गाड़ी का पीछा करने लगे और तरना बीएचएल के समीप उनके चालक और होमगार्ड को घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। चालक और होमगार्ड ने मामले की जानकारी दी।

ऐसे में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। खनन अधिकारी ने बताया कि पहले खनन में लिप्त बगैर परमिट की गाड़ियों को विभाग सीज करता था तथा बाद में उसे खानापूर्ति करके छोड़ दिया जाता था, परंतु जब से जिलाधिकारी के निर्देश पर ऐसी गाड़ियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाने लगी तो खनन से जुड़े लोग आक्रोशित हो उठे। खनन अधिकारी ने बताया कि पिछले कई दिनों से जब भी मैं प्रवर्तन पर निकलता हूं तो चार पहिया वाहन से कुछ संदिग्ध मेरी गाड़ी का पीछा करते हैं तथा मेरा लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश करते हैं। सारी घटना के बारे में जिलाधिकारी को दे दी गयी है। वही शिवपुर थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि उपरोक्त मामले में एनसीआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है तथा अज्ञात हमलावरों की तलाश में टीम गठित कर कार्यवाही जारी है।

# वर्ग संघर्ष का बीज बो रहे लहरतारा के ट्रांसपोर्टर

**आक्रोश**

**मोहनसराय ट्रांसपोर्ट योजना प्रकरण को लेकर बैरवन में हुई किसान पंचायत में लगाए आरोप**

**जनसंदेश न्यूज**


मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर मुद्दे को लेकर रविवार को बैरवन गांव में किसान पंचायत हुई

**रोहनिया।** मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना को लेकर किसानों ने आरोप लगाया है कि हमारी सहमति लिए बगैर 2003 में खतौनी से जबरन नाम काटकर वीडीए का नाम दर्ज कर दिया गया। फलस्वरूप वैधानिक रूप से उस भूमि पर कृषकों का अपना ही अधिकार नहीं है। इस कारण सरकारी लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। वहीं, लहरतारा के मुट्ठीभर ट्रांसपोर्टर सड़क पर अवैध कब्जाकर अन्नदाताओं के वैधानिक अधिकार हनन की बात कर वर्ग संघर्ष का बीज बो रहे हैं।

मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लेकर रविवार को बैरवन गांव में हुई किसान पंचायत में कृषकों ने यह आरोप लगाया। किसान संघर्ष समिति के संरक्षक विनय शंकर राय 'मुन्ना' की अध्यक्षता में यह आयोजन था। इस मौके पर किसानों ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से योजना को लेकर शासन को भेजे गये विवरण के आधार पर प्रक्रिया चल रही है, फिर भी ट्रांसपोर्टर लहरतारा में सड़क की जमीन पर कब्जा कर कारोबार चला रहे हैं। मामले को लेकर किसानों ने नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव पास किया।

इस अवसर पर उन्होंने मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना से जुड़े किसानों की जमीन भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की धारा 91(1) के तहत वापस करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी बहुफसली पुश्तैनी जमीन पर आज भी व्यवसायिक खेती कर अपनी जीविका चला रहे हैं। फलस्वरूप यह किसान विरोधी योजना है।

कृषकों की भूमि डिनोटिफाई होते ही मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसान पीएम व सीएम का अभिनंदन करेंगे। मीटिंग में मेवा पटेल, दिनेश तिवारी, अमलेश पटेल, विजय नारायण वर्मा, विजय गुप्ता, रामधनी पटेल, प्रेम शाह, जय प्रकाश मिश्रा, लालमनी देवी, बिटना देवी, मंजू, लालजी पटेल, डॉ. मन्ना पटेल, राधेश्याम उपाध्याय, हृदय नारायण उपाध्याय, अपूर्व राय, सुक्खन यादव, अखिलेश कुमार, लाल बहादुर, किशोरी लाल, बबलू पटेल, कमलेश पटेल, लालचंद पटेल, शोभनाथ, अशोक कुमार, उमा शंकर पटेल आदि रहे।

### नववर्ष के प्रथम दिन सारनाथ में की मौज मस्ती

**वाराणसी।** वर्ष के अंतिम दिन रविवार को शहरवासियों की सारनाथ में अच्छी भीड़ रही। शहरवासी अपने परिवार के साथ पार्कों में जमकर मौजमस्ती की । सुबह से शहरवासियों ने अपने परिवार के साथ सारनाथ के मूलगंध कुटी बौद्ध पार्क में मौज मस्ती करने पहुंचे। जहां पर पार्कों में बच्चों ने जमकर खेलकूद किया। वही लोग परिवार के सदस्यों के साथ पिकनिक मनाया। को सैलानियों की अच्छी खासी भीड़ रही। खण्डर परिसर , मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर व पक्षी बिहार केंद्र में अच्छी खासी भीड़ रही। बच्चों ने मन्दिर के गेट पर गुब्बारों व खिलौने की खरीदारी की । मूलगंध कुटी बौद्ध पार्क से सग्रहालय मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। शाम 4 बजे से लोगो के जाने का क्रम शुरू हो गया। भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने शहर से आने वाले वाहनों को चौखंडी स्तूप के पास ही रोक दिया था।

### नववर्ष पर मारकण्डेय महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**चौबेपुर।** नववर्ष पर रविवार की सुबह से ही मार्कंडेय महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर लोग परिवार के मंगल की कामना करते रहे। पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ लगी रही। नववर्ष पर मार्कंडेय महादेव मंदिर में रविवार सुबह से ही गंगा गोमती संगम घाट पर परिवार संग स्नान कर लोग बाबा को जलाभिषेक कर नये साल की शुरूआत की। पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से पहुंचे दर्शनार्थियों में गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, चन्दौली, देवरिया,भदोही आदि जनपदों से लोग दर्शन करने पहुंचे वही अपने परिवार के साथ घूमने आए लोगों में आकर्षक का केंद्र बना रहा। दूसरी तरफ श्रद्धालुओं को कैथी चौराहे से मारकंडेय महादेव धाम तक जाने आने में दिन भर रोड सकरा होने से जाम से जुझना पड़ा।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा० वि० मवरी खुर्द ... ज्ञानपुर भदोही के जर्जर भवन ... 81.74 वर्ग मी० है निविदा ... 126.74-00 रू० सुनिश्चित किया गया है। नीलामी दिनांक 06.01.2023 को 12 बजे से सुनिश्चित है सभी इच्छुक व्यक्ति अवश्य प्रतिभाग करें।

अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्रा० वि० मवरी खुर्द द्वितीय
ज्ञानपुर-भदोही।




# नए साल में भी शहर ने झेला जाम

**सांसत**

**बेतरतीब व्यवस्था से बेहाल हुए लोग**


नये साल पर शहर रहा भीषण जाम की चपेट में

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** नए साल के दिन भी शहर के कई इलाके जाम की जपेट में रहे। जिससे शहरवासियों के साथ आस-पास के जिलों से आए लोगों व पर्यटकों को दिक्कतें झेलनी पड़ी। सांस्कृतिक नगरी के नाम से जाने वाला शहर काशी यातायात की समस्याओं से उबर नहीं पा रहा। नए साल पर शहर के काशी विश्वनाथ सहित प्रमुख मंदिरों में जाने वाले मुख्य मार्गों पर रविवार को लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान जाम की समस्या से लोगों को कुछ समय के सफर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। सिग्नल पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं, तो वहीं यातायात पुलिस को भी मसक्कत करनी पड़ी। शहर के मैदागिन, गोदौलिया, लहुराबीर, तेलियाबाग, अंधरापुल, चौकाघाट, लक्सा, रथयात्रा व मलदहिया, कमच्छा सहित लंका, विश्वेश्वरगंज आदि इलाकों में समस्या का सामना करना पड़ा।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

पहले मेरा नाम मोहम्मद मुस्लिम मुस्ताक अहमद था अब मेरा नाम मुस्ताक अहमद पुत्र मोहम्मद मुस्लिम ग्राम जमालपुर माफी ऊचागाव थाना रानीकीसराय आजमगढ़ है। इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

मेरा इण्टर मीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216723952 का अंकपत्र सहमूल प्रमाण पत्र खो गया है। करीना राजभर पुत्री सिकन्दर राजभर ग्राम गंगापुर चडई रानीकीसराय आजमगढ़।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3349949 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2119337 का मूल प्रमाण पत्र तथा अंक पत्र वास्तव में खो गया है। दिवाकर शर्मा पुत्र शिवाजी शर्मा, ग्राम-अतरौल, पोस्ट-इंदौली, जिला-बलिया।

# कार्यकर्ताओं में जोश भरने का सपा का प्लान

## कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्ययोजना**

**निकाय चुनाव की घोषणा के पूर्व जनता व व्यापारियों के बीच पैठ बनाने की कोशिश**

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में हो रहे विलंब का फायदा उठाने की समाजवादी पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। समाजवादी पार्टी कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी व स्वास्थ्य के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। इसके पीछे पार्टी की मंशा कार्यकर्ताओं में ठंड के इस मौसम में जोश भरने का प्लान है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो पहले चरण में इंटरनेट मीडिया पर सपा ने इन मसलों पर आक्रमण शुरू कर दिया है। अब अगले कुछ महीनों में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, कानून व्यवस्था, जीएसटी व स्वास्थ्य के मुद्दे पर पार्टी की सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रही है। निकाय चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी इन मुद्दों के जरिए अपने कार्यकर्तओं में जोश भरेगी।

पार्टी सूत्रों की मानें तो शीर्ष प्रबंधन ने प्रदेश स्तर पर एक ऐसी टीम बनाई है जो फिलहाल आपराधिक व खराब स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रदेश भर में जो खबरें प्रकाशित हो रही हैं, उनका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर रही है।

सपा इसे विविध प्रकार के टैग लाइन नाम से इंटरनेट मीडिया पर अपलोड कर रही है। दूसरी तरफ, पार्टी की इकाई व्यापार सभा ने आगामी दिनों में प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जीएसटी जैसे अहम सवाल पर कार्यशाला और आंदोलनों के माध्यम से व्यापारियों में भी घुसपैठ बनाने की कार्ययोजना बनायी है।

पार्टी के एक स्थानीय नेता ने बताया कि मैनपुरी लोकसभा व खतौली विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत से उत्साहित सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब पार्टी का जोश वर्ष 2024 तक यूं ही बरकरार रखना चाहते हैं। इसी रणनीति के तहत पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार जिलों में जाकर अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से मिलकर उन्हें प्रदेश सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों यह भी ऐलान भी किया है कि पार्टी जल्द ही प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। इसके साथ ही उन्होंने जल्द जेल भरो आंदोलन भी चलाने की घोषणा की है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनवरसा विकास खण्ड-मुरली छपरा, बलिया

पत्रांक : दिनांक-31.12.2022

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 (SLWM) के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति अल्पकालिक निविदा सूचना

[illegible]

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम प्रधान

पौष मास, शुक्ल पक्ष 10, वर्ष 11, अंक 325, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 2 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - आइए लिखें नई इबारत

अन्दर : धोनी-कोहली ने दुबई में मनाया न्यू ईयर



# धन के बिना नहीं रुकेगी पढ़ाई व दवाई

## सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित: योगी

**जताया संकल्प**

**गोरखपुर में जनता दर्शन से सीएम योगी ने की नए साल की शुरूआत**

**साल के पहले दिन सीएम योगी ने फरियादियों से किया बड़ा 'वादा'**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2023 की पहली सुबह की शुरूआत हमेशा की तरह जनसेवा के अहर्निश व्रत के अनुष्ठान के साथ की। साल के पहले दिन की शुरूआत श्री योगी के लिये जनता की समस्याओं को सुनने और उसके निस्तारण की प्रक्रिया से हुई। कड़ाके की ठंड में जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं के त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी और न ही किसी की दवाई-पढ़ाई में धन की बाधा आने दी जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नए साल के पहले दिन रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की फरियाद सुनी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ फरियादियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का




आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिलकर उनकी समस्याओं को इत्मीनान से सुना। फरियादियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। इस दौरान उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आई एक बिटिया को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया कि पैसे के अभाव में उसकी मनचाही पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वह बिटिया कॉलेज की फीस का इस्टीमेट बनाकर डीएम के माध्यम से उन तक उपलब्ध करवाए। इस्टीमेट मिलते ही आवश्यक धनराशि की तत्काल व्यवस्था कर दी कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के लिए यह मदद लगातार मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई फरियादी इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या गुरु गोरक्षनाथ के दर्शन पूजन व अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के साथ शुरू हुई। सीएम योगी हर बार की तरह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला भी गए और गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ चना खिलाकर उन्हें दुलार दिया।

## नये साल के पहले दिन लद्दाख में हिली धरती

**भारत में तीसरा भूकंप**

**जमीन से 150 फीट नीचे था भूकंप का केंद्र, राष्ट्रीय राजधानी में भी डोली धरती**

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन भारत में शाम साढ़े 6 बजे फिर भूकंप आया। इस बार लद्दाख की धरती थर्रा उठी. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की ओर से भूकंप की सूचना दी गई। सेंटर ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 थी। लद्दाख का अधिकतर इलाका पर्वतीय है, इसलिए खतरे की संभावना भी अधिक रहती है। हालांकि अभी के झटकों से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि जहां भूकंप का केंद्र था, वो जगह कारगिल से 250 किमी की दूरी पर है।




नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की गहराई जमीन से 150 किमी नीचे थी। सेंटर की सूचना में कहा गया कि लद्दाख में रविवार, 1 जनवरी की शाम 6:32:57 बजे भूकंप आया। कारगिल के स्थानीय निवासियों ने इसके झटके महसूस किए।

लद्दाख से पहले देश में आज (01-01-2023) दो और जगहों पर भूकंप आया. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रविवार तड़के 1:19 बजे हरियाणा के झज्जर के उत्तर-पश्चिम में भूकंप आया, जिसकी गहराई जमीन से 5 किमी नीचे थी। सेंटर से मिली रीडिंग के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 थी। इससे दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में धरती डोल गई। उसके बाद सुबह लगभग 11 बजे बंगाल की खाड़ी में भी भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर उसकी तीव्रता 4.5 मापी गई।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
SUNDAY OPEN

## काबुल में सैन्य हवाईअड्डे पर जोरदार धमाका, 9 की मौत

**काबुल।** नए साल के पहले दिन ही अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में धमाका हुआ है। राजधानी काबुल के सैन्य हवाई अड्डे के बाहर जोरदार धमाका हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक टोलो न्यूज ने बताया कि रविवार को सैन्य हवाई अड्डे पर विस्फोट हुआ।

तालिबान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने बताया कि आज सुबह काबुल सैन्य हवाई अड्डे के बाहर एक विस्फोट हुआ, इस धमाके में करीब नौ नागरिक मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। ताकोर ने इस धमाके में हुए हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया लेकिन ये जरूर बताया कि इस घटना में उनके कई नागरिकों की मौत हुई है। इसके पहले अफगानिस्तान में बुधवार (28 दिसंबर) को उत्तरी तखार प्रांत की राजधानी तालुकान शहर में हुए एक विस्फोट हुआ था जिसमें चार लोगों के घायल हुए थे। उसके तीन दिन बाद एक बार फिर काबुल के ऑर्मी एयरपोर्ट पर ये धमाका हुआ है। तखार में तालिबान सुरक्षा कमांडर अब्दुल मुबीन सफी ने विस्फोट की पुष्टि की और कहा कि बम स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों के डेस्क के नीचे रखा गया था। पिछले कुछ महीनों में, युद्धग्रस्त काउंटी में विस्फोटों की बढ़ती संख्या और वहां के लोगों की घटती सुरक्षा दिखाई दी है। इसके पहले सोमवार को एक विस्फोट में उत्तरी बदख्शां प्रांत के पुलिस प्रमुख की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

## भारतीय कैदियों को रिहा करे पाकिस्तान: भारत

**दिया जोर**

**631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने तथा स्वदेश भेजने का आह्वान किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को पाकिस्तान से उन 631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने तथा स्वदेश भेजने का आह्वान किया, जो अपनी जेल की सजा पूरी कर चुके हैं और जिनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा, इस्लामाबाद से उन 30 मछुआरों और 22 असैन्य कैदियों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान कराने का आग्रह किया गया है, जो पाकिस्तान की हिरासत में हैं और जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय नागरिक हैं। भारत ने साल 2008 में हुए एक समझौते के तहत दोनों देशों द्वारा प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में एक जनवरी और एक जुलाई की तिथि को एक-दूसरे से मछुआरों और असैन्य कैदियों की सूची साझा करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में यह अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से उन सभी भारतीयों और भारतीय माने जाने वाले असैन्य कैदियों व मछुआरों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है, जिनकी रिहाई और भारती वापसी लंबित है। मंत्रालय ने



बताया कि भारत ने वर्तमान में अपनी हिरासत में मौजूद उन 339 पाकिस्तानी असैन्य कैदियों और 95 मछुआरों की सूची साझा की है। इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 51 असैन्य कैदियों और 654 मछुआरों की सूची साझा की है, जो भारतीय हैं या भारतीय माने जाते हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत और पाकिस्तान ने रविवार को नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से अपनी हिरासत में मौजूद असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया।

## अरब सागर में डूब रहे आपूर्ति पोत के 12 चालक दल को बचाया गया

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के करीब अरब सागर में डूब रहे एक आपूर्ति पोत के चालक दल के 12 सदस्यों को बचा लिया। रविवार को यह जानकारी दी गई। एक रक्षा विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि मुंबई स्थित आईसीजी मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर (एमआरसीसी) को शनिवार सुबह 11 बजे संकट का संदेश मिला, जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। मोटर आपूर्ति पोत (एमएसवी) के बुरी तरह डूबने की सूचना मिली थी। भारतीय चालक दल के सभी 12 सदस्यों को मोटर टैंकर (एमटी) सीरेंजर पर ले जाया गया। एमएसवी 'निगाहें करम' जिबूती जाने के रास्ते पर था। एमआरसीसी ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र में काम कर रहे सभी जहाजों को सतर्क किया और समुद्री बचाव उप केंद्र (एमआरएससी) पोरबंदर के साथ कॉओर्डिनेशन कर एक मोटर टैंकर सीरेंजर को पोत की तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए डायवर्ट किया गया।



## राष्ट्रपति व पीएम ने नववर्ष की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्वीट किया, वर्ष 2023 सभी के लिए शानदार हो! यह आशा, खुशी और ढेर सारी सफलता से भरा हो। सभी को अच्छी सेहत का आशीर्वाद मिले। राष्ट्रपति मुर्मू ने बधाई संदेश में कहा कि नए साल की सुबह, नई ऊर्जा के साथ हमारे जीवन में नई खुशियां, लक्ष्य, प्रेरणा और बड़ी उपलब्धियां लेकर आए। आइए हम इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समावेशी विकास के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का संकल्प लें। नए साल के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2023 में अपने गौरवशाली राष्ट्र और लोगों की प्रगति व समृद्धि की कामना करती हैं। एजेंसी

## कोरोना के मिले दो नये केस, लखनऊ में अब तीन एक्टिव मरीज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर बेहद कम है। यहां बीते 24 घंटे में दो कोराना केस मिले हैं। राहत की बात ये है कि लखनऊ में एक भी केस नहीं मिला है। बल्कि पांच एक्टिव केसों में तीन एक्टिव केस बचे हैं। वहीं प्रदेश स्तर पर भी एक्टिव केसों की संख्या में काफी गिरावट आई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यहां सभी मरीजों का घर से इलाज हो रहा है। रविवार को गौतमबुद्ध नगर में दो केस मिले हैं। बता दें कि दिसंबर 2022 में राज्य में कुल 103 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

# नये साल के जश्न के बीच दिल्ली में दर्दनाक मौत

**हैवानियत**

**कार सवार लड़कों ने लड़की को 5 किमी तक घसीटा**

**पांचो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, केस दर्ज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में तेज रफ्तार कार ने सड़क पर स्कूटी सवार लड़की को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार सवार 5 युवक लड़की को पांच किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गए। कार सवार लड़कों ने लड़की को सामने से टक्कर मारी। टक्कर की वजह से लड़की बुरी तरह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर ही लड़की की मौत हो गई। घटना 1 जनवरी की रात की है। लड़की की उम्र 20 साल बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस के डीसीपी हरिंदर सिंह ने कहा कि यह घटना सुल्तानपुरी थाने के कंझावला इलाके में हुई। सिंह ने कहा कि सुल्तानपुरी में स्कूटी के एक्सिडेंट की जानकारी मिली थी। मौके पर स्कूटी के जरिये पीड़ित की पहचान की गई। कार के नंबर के जरिये पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। इसके बाद मामले में पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार पर कोई लटका हुआ जा रहा था। पुलिस ने इस मामले की जांच की तो घटना की जानकारी मिली। पुलिस इन आरोपियों का मेडिकल करा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस बात की भी जांच कराएगी कि क्या कार चलाते समय सभी युवक नशे में थे या नहीं। पुलिस का कहना है कि घिसटने की वजह से लड़की बुरी तरह से घायल हो गई। इसके बाद मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।



पुलिस ने बताया कि हादसा तड़के करीब 1 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार उनके पास कार में किसी के फंसे होने की कॉल आई थी। हादसे के बाद स्कूटी कार के नीचे फंस गई थी। इसके बावजूद कार में सवार युवक उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गए। घसीटे जाने की वजह से लड़की की बॉडी बुरी तरह से छिल गई। उसके कपड़े भी फट गए। बुरी तरह से घायल होने के बाद लड़की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आरोपियों का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है, जिससे पता चले कि क्या वह नशे में थे।

**स्वाती मालीवाल ने कहा सच सामने आना चाहिए**

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा- दिल्ली के कंझावला में एक लड़की की नग्न अवस्था में लाश मिली, बताया जा रहा है कि कुछ लड़कों ने नशे की हालत में गाड़ी से उसकी स्कूटी को टक्कर मारी और उसे कई किलोमीटर तक घसीटा। ये मामला बेहद भयानक है, मैं दिल्ली पुलिस को हाजिरी समन जारी कर रही हूँ। पूरा सच सामने आना चाहिए।



रविवार को नये साल के पहले दिन काशी विश्वनाथ दरबार के गंगा द्वार पर लोगों ने दर्शन के लिए लगाई लाइन

# लॉकर से हुई चोरी तो बैंकर्स भी होंगे जिम्मेदार

## नये नियम के तहत लॉकर किराए का 100 गुना करना होगा भुगतान

जितेंद्र श्रीवास्तव

**बदला नियम**

**नये साल से लॉकर का प्रयोग करने वालों के लिए खुशखबरी**

**आरबीआई के अनुसार लॉकर धारक को दिखाना होगा नया अनुबंध**

**वाराणसी।** नये साल के पहले दिन से कई सरकारी नियमों में बदलाव भी हुआ है। केंद्र सरकार ने उपभोक्ता हित में कई कदम उठाए हैं, जिसे पहले दिन से ही लागू कर दिया गया है। इसमें से एक बैंक लॉकर से जुड़े नियमों में बदलाव भी शामिल है। इसके तहत यदि लॉकर से आपका कोई कीमती सामान चोरी हुआ तो इसके लिए बैंकर्स को भी जिम्मेदार बनाया गया है। नये नियम के तहत चोरी गए कीमती सामान की भरपाई की जिम्मेदारी बैंकर्स पर डाली गयी है। इसके लिए बैंक लॉकर का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गाइडलाइन के अनुसार बैंकर्स से नया अनुबंध करना अनिवार्य बनाया गया है।

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो अगर आप अपना कीमती सामान रखने के लिए बैंक के लॉकर का इस्तेमाल करते हैं तो आपको बैंकों के लॉकर एग्रीमेंट पर साइन करना होगा। इसके लिए कई



बैंकर्स पहले से ही अपने लॉकर धारकों को एसएमएस भेजकर सचेत कर रहे थे। बैंक लॉकर के नये नियमों का प्राथमिक उद्देश्य महंगी संपत्ति को चोरी और सेंधमारी से बचाना है। नये नियमों का लाभ पाने के लिए लॉकर धारकों को नए लॉकर एग्रीमेंट के लिए पात्रता दिखानी होगी और नवीनीकरण के लिए एग्रीमेंट करना होगा। आरबीआई के संशोधित निर्देश अधिसूचना के अनुसार, 'बैंक ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके लॉकर समझौतों में कोई अनुचित नियम या शर्तें शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, बैंक के हितों की रक्षा के लिए अनुबंध की शर्तें व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में जरूरत से ज्यादा कठिन नहीं होंगी। बैंक एक जनवरी, 2023 तक मौजूदा लॉकर ग्राहकों के साथ अपने लॉकर समझौतों का नवीनीकरण करेंगे।' बैंकिंग सूत्रों का कहना है कि लॉकर की सामग्री का नुकसान आग लगने, चोरी या डकैती होने, इमारत गिरने या फिर बैंक के कर्मचारियों की तरफ से धोखाधड़ी के कारण होता है तो बैंक की देयता लॉकर के वार्षिक किराये के 100 गुना तक होगी।

### एसएमएस और ईमेल अलर्ट की भी सुविधा

ग्राहक जब भी आप अपना लॉकर एक्सेस करेंगे तो इसका अलर्ट बैंक के माध्यम से ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से दिया जाएगा। ये मैसेज दिन समाप्त होने से पहले बैंकों की तरफ से ग्राहक के पंजीकृत ई-मेल एड्रेस और मोबाइल नंबर पर पुष्टि के रूप में भेजा जाएगा। इस मैसेज में ग्राहकों को अनधिकृत लॉकर एक्सेस की स्थिति में दिनांक, समय और संभावित उपाय के बारे में सूचित करना होगा।

### क्या है लॉकर एग्रीमेंट

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो किसी भी ग्राहक को लॉकर जारी करते समय बैंक उस ग्राहक के साथ, जिसे लॉकर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है, विधिवत एक मोहर लगे कागज पर अनुबंध करता है। दोनों पक्षों की तरफ से हस्ताक्षरित लॉकर समझौते की एक कॉपी लॉकर-किराएदार को उसके अधिकारों और जिम्मेदारियों को जानने के लिए दी जाती है। जबकि किए गए समझौते की मूल कॉपी उस बैंक की शाखा के पास होती है, जहां लॉकर की सुविधा ग्राहक को प्रदान की जाती है।

### इन स्थितियों में बैंक नहीं करेगा क्षतिपूर्ति

बैंकिंग सूत्रों की मानें तो भूकंप, बाढ़, बिजली गिरने, आंधी-तूफान आदि प्राकृतिक आपदाओं, ग्राहक की गलती या लापरवाही के कारण लॉकर में रखी सामग्री को किसी भी तरह का नुकसान होता है, तो बैंक उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। दूसरी ओर, बैंकों को ऐसी आपदाओं से अपनी सुविधाओं को सुरक्षित करने के लिए अपने लॉकर सिस्टम के साथ उचित सावधानी बरतनी होगी।

### इन स्थितियों में बैंक देगा मुआवजा

आरबीआई के नये नियम के मुताबिक, बैंक की लापरवाही के चलते अगर लॉकर में रखी सामग्री को कोई भी नुकसान होता है तो इसके लिए बैंक को भुगतान करना होगा। आरबीआई की अधिसूचना कहती है-ये बैंकों की जिम्मेदारी है कि वे परिसर की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाएं, जिसमें सुरक्षित जमा तिजोरी रखी गई है।आरबीआई के नियम के मुताबिक, ये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बैंक की है कि आग, चोरी/डकैती, इमारत के गिरने जैसी घटनाएं बैंक के परिसर में उसकी अपनी कमियों, लापरवाही और किसी चूक के कारण न हो। बैंक ये दावा नहीं कर सकते हैं कि वे लॉकर की सामग्री के नुकसान के लिए अपने ग्राहकों के प्रति कोई उत्तरदायित्व नहीं रखते हैं।

## साल के पहले दिन आम आदमी को महंगाई का झटका लगा

नई दिल्ली। नए साल 2023 की शुरूआत हो चुकी है। आज साल के पहले दिन आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ गए है जिसके बाद गैस सिलेंडर की कीमत 25 रुपये तक बढ़ गई है। बता दें कि कमर्शियल सिलेंडर के दाम 25 रुपये तक बढ़ा दिए गए हैं। हालांकि, घरेलू सिलेंडर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और घरेलू सिलेंडर अपनी मौजूदा कीमतों पर ही बेचेंगे। दरअसल, हर महीने की पहली तारीख को गैस कंपनियां एलपीजी के दामों में बदलाव करती है। आज साल की पहली तारीख पर एलपीजी के दामों में बदलाव हुआ है। इस बदलाव के मुताबिक, कॉमर्शियल सिलेडर 25 रुपये महंगा हो गया है। जबकि, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में 1769 रुपये प्रति सिलेंडर, मुंबई में 1721 रुपये प्रति सिलेंडर, कोलकाता में 1870 रुपये प्रति सिलेंडर और चेन्नई में 1917 रुपये प्रति सिलेंडर हैं।

# साल के पहले दिन शीतलहर ने कंपाया

## बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई गलन तो बढ़े गर्म कपड़े

**मौसम का रुख बदला**

### कोहरे व कड़ाके की ठंड के बीच कटी सुबह व शाम

### आगामी दिनों में भी शीतलहर व कोहरा बने रहने के आसार



रविवार को कोहरे में आवागमन मुश्किल से हो पाया

**वाराणसी।** पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा ने नया वर्ष के पहले दिन की सुबह कड़ाके की सर्दी का एहसास कराया। रविवार को भीषण कोहरे व ठंड से जनजीवन प्रभावित दिखा। गलन के साथ ठंड बढ़ने से लोगों के बदन पर गर्म कपड़े और लद गए। बुजुर्ग और बच्चे तो बंद कमरों में रजाई व कंबल में दुबके रहे। मौसम विभाग ने नए वर्ष के पहले दिन की शुरूआत गलन, ठिठुरन, शीतलहर व कोहरे के साथ होने की संभावना जताई थी। तापमान में ज्यादा उतार चढ़ाव नहीं होगा, लेकिन धूप में मामूली बढ़ोत्तरी हो सकती है।

नम हवाओं के चलने के बाद रविवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर अचानक बदल गया। सुबह जहां पछुआ हवा की रफ्तार थोड़ी कम रही, वही घना कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना अधिक था कि सड़कों पर पूर्वाह्न नौ बजे के बाद भी गाड़ियों की रफ्तार बहुत धीमी कर लोग आ-जा रहे थे। तेज हवा से सिहरन को लोग मजबूर रहे। हालांकि शनिवार की आधी रात बाद से ही घना कोहरा छाने लगा था। रविवार की सुबह की बेला में कोहरा इस कदर था कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। लाइट जलाकर ही लोगों को चलना पड़ा। वैसे शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में कोहरे का असर काफी अधिक रहा। कोहरे की वजह से ही तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों का कहना हे कि देश में कई जगहों पर शीतलहर चल रही है। उसी का असर है कि कोहरा छाने के साथ ही तापमान में भी कमी देखने को मिल रही है। अभी तीन-चार दिन ऐसे ही मौसम रहने के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो हिमालय पर आए पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हुई है। अब पश्चिमी विक्षोभ का असर कम हुआ है और बर्फीली हवा सीधा असर वाराणसी समेत पूर्वांचल पर पड़ रहा है। शीतलहर से गलन व ठिठुरन बढ़ी है। शीतलहर व देर रात से सुबह तक घना कोहरा भी आने वाले दिनों में भी बने रहने के आसार हैं। आसमान में ऊंचाई पर बादलों की आवाजाही रहेगी, इसके कारण कुछ दिन बाद ही हल्की धूप खिल सकती है।

# मुख्य मार्गों पर धीमी पड़ी वाहनों की गति

## ग्रामीण इलाकों में भी दिखा घना कोहरा और शीतलहरी का असर

**कांपे लोग**

### दिनभर छाये घने कोहरे ने आवागमन को भी किया प्रभावित

### भीषण ठंड के बावजूद सरकारी अलाव का नहीं दिखा प्रबंध

**जनसंदेश न्यूज**



अपनी व्यवस्था से अलाव ताप कर ठंड से लोगों ने राहत पाई

वाराणसी। रविवार को नये साल की शुरुआत भीषण शीतलहरी और अत्यधिक कोहरे की बिछी चादर से हुई। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में भोर से लेकर देर शाम तक घना कोहरा छाया रहा। हाल यह रहा कि लोगों को सुबह से सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं हुए। दोपहर को भी कोहरे के कारण वातावरण जाड़े की सुबह या शाम होने का भ्रम पैदा कर रहा था। दिन में भी मुख्य मार्गों पर छोटे-बड़े वाहन हेड लाइट या फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से चलने के लिए बाध्य हुए। साइकिल या मोपेड से चलने वाले बड़ी सावधानी से आवागमन करते दिखे। पैदल चलने वालों को भी समस्या का सामना करना पड़ा।

गांवों के खड़ंजा मार्ग या पगडंडियों पर चलने वालों को आगे बढ़ने के लिए सावधानी बरतनी पड़ रही थी। मौसम के तेवर को देखते हुए तमाम लोग अपने-अपने घरों में कंबल-रजाई के अंदर दुबके रहे। दूसरी ओर, रोहनिया क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर तहसील की ओर से अलाव का कोई प्रबंध नहीं दिखा। रोज कमाकर खाने वाले या मार्गों पर स्थित दुकानदारों ने स्वयं ही किसी प्रकार व्यवस्था कर अलाव का प्रबंध करने के लिए बाध्य हुए।

रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार इस बारे में पूछे जाने पर उपजिलाधिकारी राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी ने दावा किया कि तहसील स्तर से इलाके के दो दर्जन से अधिक चिह्नित स्थलों पर सुबह से ही अलाव की व्यवस्था करायी गयी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के बड़े चौराहों समेत रामेश्वर मंदिर, शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर आदि पर भी अलाव का इंतजाम किया गया है। इधर, कई इलाकों में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं दिखी।

## सांस्कृतिक संध्या में दिखी काशी की झलक

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में दीक्षांत के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई। कार्यक्रम में कलाकालों द्वारा की गई प्रस्तुति में काशी की झलक देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आनंद कुमार त्यागी ने की। मुख्य अतिथि के रुप में भारत की प्रथम स्लाइड गिटार वादिका विदुषी कमला शंकर रहीं। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक मनविकी संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ जिसे तृप्ति, नेहा, आस्था, शुभांकर, रौशन और अभिनव ने प्रस्तुत किया, कार्यक्रम के अंत में कुलपति द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया, धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की सह संयोजक डॉ. संगीता घोष व संचालन डॉ. आकांक्षी द्वारा किया गया।

# घने कोहरे ने रोकी विमानों व ट्रेनों की रफ्तार

**समस्या**

### दो विमान डायवर्ट, कई घंटों लेट से आये,वंदे भारत भी लेट



**वाराणसी।** साल के पहले ही दिन उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में रहा वाराणसी समेंत आसपास के जिलों में घना कोहरा के चलते आम जीवन की रफ्तार जहां थमती नजर आयी वहीं विमान व ट्रेन के पहिओं की रफ्तार भी धीमी रही। कोहरा के चलते भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची, अपराह्न दो बजे के बदले यह ट्रेन शाम चार बजे स्टेशन पहुंची और शाम छह बजे के लगभग नई दिल्ली के लिए रवाना हुई, इसके साथ ही गोदिया वरौनी साढ़े छह घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े नौ घंटे, उपासना एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, पंजाब मेल साढ़े तीन घंटा, बरकाकाना-वाराणसी साढ़े तीन घंटे, मालदा टाउन विकली साढ़े सात घंटे, हिमगिरि एक्स्प्रेस साढ़े सात घंटे, दून एक्स्प्रेस छह घंटे, बेगमपुरा साढ़े दस घंटे, इंदौर पटना एक्स्प्रेस साढ़े सात घंटे, भृगु एक्स्प्रेस साढ़े चार घंटे व श्रमजीवी एक्स्प्रेस चार घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची जिसके चलते यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा, वंदे भारत के यात्री दो घंटे से प्लेटफार्म पर ही खड़ें रहे।

### दो विमान डायवर्ट, सात निरस्त

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्रीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को मौसम की खराबी व घने कोहरे के चलते दृश्यता कम रही जिसके चलते एयरपोर्ट पर विमानों का आवागमन काफी प्रभावित रहा। एयर इंडिया एआई 406 दिल्ली से 119 यात्रियों को लेकर वाराणसी के लिये उड़ान भरा वाराणसी हवाई क्षेत्र में पहुंचकर लगभग 40 मिनट तक हवा में चक्कर लगता रहा। रनवे की दृश्यता सामान्य से कम होने की वजह से पायलट ने विमान को उतारने में असमर्थता जताई और विमान को वाराणसी न उतार कर लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इसी तरह एयर इंडिया एआई 695 मुंबई से 118 यात्रियों को लेकर वाराणसी हवाई क्षेत्र में पहुंचा। दृश्यता कम हो गई विमान को डायवर्ट कर भुवनेश्वर के लिये भेज दिया गया। रनवे की दृश्यता सामान्य होने के बाद दोनों विमान दोपहर बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर सकुशल उतरे। एयरपोर्ट पर मुंबई और दिल्ली जाने वाले विमानों के विलंबित होने के कारण यात्रियों को काफी परेशनीयों का सामना करना पड़ा। विमान यात्री टर्मिनल भवन मे बैठकर काफी समय तक विमान का इंतजार करते देखे गये।

### कैंट स्टेशन बना आश्रय

नव वर्ष मनाने काशी आए लोगों के लिए कैंट स्टेशन ही सहारा बना, शहर के लॉज व अतिथिगृह में स्थान ना होने के चलते लोगों ने आखिरकार कैंट स्टेशन को ही अपना आश्रय बना लिया, यात्री आश्रय हॉल, यात्री हॉल, मुख्य हॉल, नये भवन सहित प्लेटफार्म पर भी लोगों की अत्याधिक भीड़ दिखी। रात से ही लोगों का जमावाड़ा स्टेशन पर दिखने लगा था। सुबह दर्शन पूजन के बाद भी लोगों ने कैंट स्टेशन को ही अपनी ठीकाना बनाया। बिहार से आने वाली लगभग सभी ट्रेनों से कैंट स्टेशन पर यात्री उतरे, स्टेशन के आसपास की सभी दुकानें रात भर गुलजार रही। इसके साथ ही ठंड होने के चलते चाय की मांग ज्यादा रही।

### ये विमान रहे निरस्त

इंडिगो 6ई 407 वाराणसी से कोलकाता, इंडिगो 6ई 7971 वाराणसी से भुनेश्वर, इंडिगो 6ई 5215 वाराणसी से दिल्ली, इंडिगो 6ई 499 वाराणसी से बेगलुरु, इंडिगो 6ई 6683 वाराणसी से हैदराबाद, स्पाइसजेट एसजी 390 वाराणसी से दिल्ली, इंडिगो 6ई 5292 वाराणसी से दिल्ली

# नववर्ष पर काशी विश्वनाथ धाम में उमड़े भक्त



बाबा धाम में भक्तों ने भारी संख्या में लगाई हाजिरी

**टूटा कीर्तिमान**

### आस्था पर ठंड व कोहरे का कोई असर नहीं

### सारी व्यवस्था हुई ध्वस्त प्रशासन के हाथ-पैर फूले

**वाराणसी।** नववर्ष पर रविवार को काशी विश्वनाथ धाम समेत अन्य देवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सारे रिकार्ड ध्वस्त हो गये। इसके चलते जिला प्रशासन की सारी तैयारियां धरी की धरी रह गई। भारी भीड़ के चलते प्रशासन को यातायात व्यवस्था भी बदलना पड़ा। काशी विश्वनाथ धाम में लगायी गई बैरिकेडिंग भरने के बाद श्रद्धालुओं की कतारें गंगा घाट की ओर लगी रही। भीड़ का आलम यह था कि ज्ञानवापी से लेकर दशाश्वमेध घाट ही नहीं बल्कि गुरुबाग से मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं को रेला ही रेला नजर आया। भीड़ को देख कर ऐसा लगा जैसे महाशिवरात्रि का पर्व हो। लाखों लोगों ने बाबा का दर्शन किया।

काशी विश्वनाथ धाम में शनिवार की रात से ही भीड़ का दबाव बढ़ने लगा था। भोर में तीन बजे आलम यह थी कि श्रद्धालुओं की लंबी कतारें ज्ञानवापी से लेकर गोदौलिया तक लगी रही। इस मार्ग पर कहीं पर भी तिल भर की जगह नहीं बची थी। चारों तरफ सिर्फ भीड़ ही भीड़ दिखायी पड़ रही थी। सुबह दशाश्वमेधघाट से गोदौलिया होते हुए ज्ञानवापी तक सिर्फ भीड़ ही दिखायी पड़ रही थी। उम्मीद से ज्यादा लोगों की भीड़ होने के चलते प्रशासन की सारी योजना धरी की धरी रह गई। प्रशासन को आनन-फानन में अपनी योजना बदलनी पड़ी। सुबह दस बजे तक चार पहिया वाहनों का आवागमन भेलूपुर से गिरजाघर, रथयात्रा से गिरजाघर व लहुराबीर से बेनियाबाग तक जारी रही लेकिन बाद में इन जगहों पर वाहनों का आवागमन रोक देना पड़ा।

# मंगल कामना लेकर देवालयों में झुके शीश

**दर्शन पूजन**

### कालभैरव, संकटमोचन मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़ागणेश में भक्तों ने मत्था टेका



**वाराणसी।** नववर्ष के प्रथम दिन मंगल कामना को लेकर देवालयों में सभी नतमस्तक हुए। हाजिरी लगाने के बाद सभी ने अपने परिवार व खुद के मंगल की कामना की। काशी के कोतवाल कालभैरव बाबा का दर्शन करने के लिए भोर से ही भक्तों की कतारें लग गई थी। दर्शन पूजन सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा। इसी तरह संकटमोचन मंदिर में भी भोर से दर्शनार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया था जो रात्रि तक चलता रहा। इस मौके पर महंत प्रो. विश्वभ्मर नाथ मिश्र भी मौजूद थे। दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर में रविवार को मां दरबार में हाजिरी लगाने के लिए हजारों लोग उमड़े रहे। मंदिर के बाहर मेले जैसा माहौल था। इसी तरह लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर में दर्शन-पूजन रात्रि तक चलता रहा। मंदिर के पं. राजेश तिवारी के नेतृत्व में कई लोग जुटे थे।

### कामेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड पाठ



नववर्ष पर मच्छोदरी स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर में दो दिवसीय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। रविवार को पाठ का विश्राम हुआ। पाठ में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी रही। इस मौके पर कामेश्वर महादेव का भव्य शृंगार किया गया था। मंदिर के पुजारी पं. राजेश गिरी ने बाबा की आरती की। इसके साथ ही भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।नववर्ष के पहले पहले दिन तुलसी घाट स्थित बाल हनुमान मन्दिर मे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जागृति फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास एवं संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विश्वम्भर नाथ मिश्र ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। प्रसिद्ध भजन गायक डॉ ऋतुराज व उनकी टीम ने सुंदरकांड की प्रस्तुति कर सबको भाव विभोर कर दिया।

## संक्षेप

### नव वर्ष पर मरीजों में मिष्ठान बंटे

वाराणसी। नव वर्ष पर रविवार को सिंह मेडिकल एंड रिसर्च सेंटर में मरीजों में फल, मिष्ठान के साथ ही खाद्य वस्तुओं का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को नव वर्ष की शुभकामना दी।




सिंह मेडिकल के प्रबंध निदेशक डॉ.अशोक सिंह व डॉ.अंशु सिंह ने सामूहिक रूप से अस्पताल में केक काटा और एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी इसके बाद सामूहिक रूप से दोनों ने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की, इसके साथ ही सभी मरीजों में विभिन्न पौष्टिक खाद्य वस्तुओं के साथ ही मिष्ठान व फल का वितरण किया गया। डॉ.अशोक सिंह ने कहा कि नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो यही ईश्वर से कामना है। बताया कि प्रत्येक वर्ष मरीजों में अस्पताल की ओर से मरीजों में खाद्य वस्तुओं का वितरण किया जाता है। इस दौरान डॉ. महेश कुमार सरीन, डॉ.केके शर्मा, देवेन्द्र उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार सिंह व सत्यप्रकाश सिंह आदि थे।

### शिक्षकों को कुलपति प्रो. त्यागी ने किया सम्मानित

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 44 वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ने विद्यापीठ के विभिन्न संस्थाओं से उन सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जिनको वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत रिसर्च प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं। इस सूची में प्रो. संजय, डॉ. नवरत्न सिंह, प्रो. रश्मि सिंह, प्रो. बंशीधर पांडेय, प्रो. केके सिंह, डॉ. मुकेश कुमार पंथ, डॉ. निशा सिंह ,प्रो. भावना वर्मा, प्रो. निमिषा गुप्ता, प्रो. कृपा शंकर जायसवाल, डॉ. धनंजय विश्वकर्मा, डॉ. अनीता और डॉ. राहुल गुप्ता शामिल है। कुलपति द्वारा सभी अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### आदर्श ब्राह्म्ण के राष्ट्रीय सचिव बने वेद प्रकाश



वाराणसी। आर्दश ब्राह्मण फाउंडेशन ने वाराणसी के प्रकांड विद्वान आचार्य पं.वेद प्रकाश मिश्र को राष्ट्रीय सचिव (संगठन ) पर नियुक्त किया गया। फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लेते हुए उन्हे इस पद पर आसीन किया गया। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि वेद प्रकाश सनातन धर्म के विस्तार कार्य और धार्मिक कार्य के प्रति हमेशा सजग रहते हैं। वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि संगठन ने जो नई जिम्मेदारी दी है उसके माध्यम से धार्मिक कार्य को और आगे बढ़ाया जायेगा।

### मेरे हमनवाज मेरे दोस्त बनकर दगा न देना..

वाराणसी। पं. दीनदयाल हस्तकला संकुल में रविवार को वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए- बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कानपुर से पधारी कलाकार श्रीमती शालिनी वेद का गायन हुआ।



श्रीमती शालिनी वेद ने गायन आरम्भ गजल से किया जो राग बागेश्री में निबद्ध था। दूसरी गजल शकील बदायुनी का सुनाया। बोल थे मेरे हमनवाज मेरे दोस्त बनकर दगा ना देना। समापन राग यमन में निबद्ध तीसरी गजल से हुआ। बोल थे जब प्यार नही है तो । तबला पर डॉ अमित ईश्वर की एवं हारमोनियम पर साथ दिया आनंद किशोर मिश्र तथा सारंगी पर अनीष मिश्र ने संगत की। कलाकारों को प्रमाण पत्र संग्रहालय के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया । कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष संग्रहालय दीन दयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव व अजय गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन अजय गुप्ता ने किया ।

### नगर के प्रमुख चौराहों पर सजाई गई रंगोली

वाराणसी। नगर निगम द्वारा नव वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली से सजावट की। इनमें मुख्यालय गेट के सामने, सर्किट हाउस गेट, कचहरी चौराहा, मंडलायुक्त चौराहा, मलदहिया चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा आदि जगहों पर रंगोली की आकर्षक पेंटिंग कराई गई। रंगोली में किनारे फूलों की कलाकृतियों के अलावा बीच के वृत्त में नव वर्ष मंगलमय हो 2023 लिखा गया दिखाई दिया।



### वार्डों में कूड़े की भरमार, जनता परेशान : आप

वाराणसी। आम आदमी पार्टी यानि आप ने आरोप लगाया है कि जनपद के नगर निकाय क्षेत्रों में जिस तरह कूड़े का अंबार और कचरे का पहाड़ लगा हुआ है व बेहद शर्मनाक है। कूड़े की भरमार के चलते संबंधित क्षेत्रों के नागरिक परेशान हैं। गंदगी की इस स्थिति के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ रही है। उसके बावजूद जिम्मेदार महकमा इसके प्रति उदासीन बना हुआ है। 'आप' की ओर से प्रदेश स्तर पर नगर निकाय इलाकों में चलाए जा रहे 'सेल्फी विद कूड़ा' अभियान के दौरान रविवार को यह आरोप लगाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर-18 नई बस्ती (दर्जियाना) से मुहिम की शुरुआत मो. कैफ के नेतृत्व में की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के जरिये संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संबंधित विभागों और जिम्मेदार अफसरों को नींद से जगाने का प्रयास है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमाशंकर पटेल, महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, पीयूष श्रीवास्तव, रोहित मौर्य, मेंहदी हसन, अलादीन खां, रजनीकांत गौतम, कमरुद्दीन अंसारी, इकबाल अहमद, तय्यब अहमद, शौकत अली, अलाउद्दीन, मो. आमिर, विजय कुमार, मो. आदिल, मंजे कुमार, फिरोज अहमद, सोनू अहमद, राजा, मो. रिजवान वगैरह की हिस्सेदारी थी।



## सनबीम भगवानपुर की तीन छात्राओं को स्वर्ण



**वाराणसी।** सनबीम कॉलेज फॉर वूमेन, भगवानपुर की छात्राओं ने एक बार फिर काशी विद्यापीठ के मेरिट लिस्ट 2022-22 में अपना परचम लहराया है। शनिवार को काशी विद्यापीठ के 44वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल अनंदीबेन पटेल ने महाविद्यालय की तीन छात्राओं श्रेया जैसवाल को बीएसए, जागृति मिश्रा और प्रेरणा पांडे को बीएससी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इन छात्राओं के अलावा विश्विद्यालय की मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय के बीकॉम की आयुषी दुबे को तीसरी, आस्था अग्रवाल को नौंवी और दीक्षा शर्मा को 10वीं रैंक प्राप्त हुई। सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक, निर्देशिका भारती मधोक एवं सह निदेशिक प्रतिमा गुप्ता ने सभी छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# डॉ. संपूर्णानंद ने संस्कृत के लिए संस्था स्थापित की

**स्मरण**

### संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री की मनाई गई जयंती



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में रविवार को संस्थापक, साहित्यकार, ज्योतिषी, प्रसिद्धचिंतक, समाजसेवी, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी एवं दार्शनिक डॉ. संपूर्णानंद की जयंती संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया, वे परंपरा और धर्म के आस्थावान नक्षत्र थे। उनके बहुमुखी व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को नयी पीढ़ी के लिये एक प्रेरणादायक पथ सिद्ध होगा। उक्त विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने संस्थापक डॉ. संपूर्णानंद की 133वीं जयंती के अवसर पर परिसर स्थित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर बतौर अध्यक्ष व्यक्त किया।

कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुये उनके द्वारा संस्कृत भाषा के नाम पर इस संस्था का जन्म वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में हुआ। बताया कि डॉ. संपूर्णानंद के व्यक्तित्व-कृतित्व पर यहां से पुस्तकों का प्रकाशन भी किया जायेगा और यहां पर उनके जीवन कृत्य पर एक मासिक संगोष्ठी का आयोजन करेंगे। विशिष्ट वक्ता प्रो. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि आप एक सन्त, ऋषि एवं महात्मा के रूप में जाने जाते थे,आपने सदैव संस्कृत, संस्कृति एवं संस्कार के संगम का प्रवाह कर भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर लाने का प्रयास किया। विशिष्ट वक्ता विजय कुमार मणि त्रिपाठी, डॉ. रविशंकर पांडेय ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के प्रारंभ में वैदिक एवं पौराणिक मंगलाचरण डॉ. दिनेश कुमार गर्ग ने किया। संचालन संयोजक प्रो. सुधाकर मिश्र ने किया। इस दौरान डॉ. विमल त्रिपाठी, अजय पांडेय, डॉ. जनक नंदिनी, जितेंद्र धर आदि उपस्थित थे।

### राजनीति में ऋषि परंपरा के सांस्कृतिक राजदूत थे संपूर्णानंद



राष्ट्ररत्न बाबू सम्पूर्णानंद की 133वी जयंती रविवार को नागरी प्रचारिणी सभा में मनायी गई। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा संपूर्णानंद भारतीय राजनीति मे ऋषि परंपरा के सांस्कृतिक राजदूत थे। वह भारतीय सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रवाद के प्रखर प्रवक्ता थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संपूर्णानंद शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के पद को सुशोभित करने वाले राजनेता ही नहीं साहित्यकार चिंतक शिक्षाविद संपादक थे। नागरी प्रचारिणी सभा में प्रो. श्रद्धानन्द ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ. भगवती सिंह, रामअवतार पांडेय, दीपेश चौधरी, पवन कुमार शास्त्री, नरोत्तम शिल्पी, आशुतोष शास्त्री आदि ने विचार व्यक्त किये। स्वागत सभाजीत शुक्ल व संचालन डॉ. जय शंकर जय व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बृजेश पाण्डेय ने किया।

## बर्गर-बिरयानी-पिज्जा चाउमीन का रहा क्रेज

**स्वाद का चस्का**

### न्यू ईयर पर चूड़ा-मटर, गाजर हलवा पर भारी पड़े फास्टफूड

### अलसुबह डिलेवरी ब्याय खटखटाने लगे दरवाजे, पूरे किए ऑर्डर

**वाराणसी।** ई-कॉमर्स कंपनियों की इन दिनों बल्ले-बल्ले हैं। तमाम आइटम ऑनलाइन मंगाये जा रहे हैं। खासकर युवा मन तो आजकल ई-कॉमर्स कंपनियों पर ही जैसे निर्भर हो गया है। यहीं वजह है कि न्यू ईयर पर भी मनपसंद उत्पादों, गिफ्ट आइटमों के साथ ही तरह-तरह के व्यंजन और फास्टफूड मंगाने से नहीं हिचका। जी हां, न्यू ईयर पर युवाओं ने जमकर ऑनलाइन खाना और फास्टफूड मंगाया। युवाओं ने बर्गर, बिरयानी, पिज्जा, चाउमीन आदि फास्टफूड के ऑर्डर ऑनलाइन दिए और नए साल का जश्न मनाया। ऑनलाइन कारोबार के बढ़ते चलन के चलते इस बार न्यू ईयर पर चूड़ा-मटर, गाजर हलवा पर फास्टफूड आइटम भारी पड़े। रविवार की सुबह अलसुबह डिलेवरी ब्याय ने ऑर्डर वाले मकानों के दरवाजे खटखटाएं या फिर बेल की घंटी बजायी और ऑर्डर पूरे किए। ऑडर में सर्वाधिक डिमांड बर्गर, बिरयानी, पिज्जा, चाउमीन, मैगी के साथ तरह-तरह के अन्य खाने के आइटमों की रही। नए साल पर चिप्स, कुरकुरे की मांग में काफी बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा, नए साल के पहले दिन ऑर्डर किये गये विविध प्रकार के फूल भी लोगों के घरों तक पहुंचे।

# वर्ष नव-हर्ष नव, चहुंओर दिखी उमंग नव



हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने दर्शन के लिए लगी भीड़

स्वागत

## पिकनिक स्पॉटों पर पूरे दिन देखी गयी भीड़

## मंदिरों में दर्शन-पूजन को लगी रही कतार

**बलिया।** 'वर्ष नव, हर्ष नव, जीवन उत्कर्ष नव... नवल चाह, नवल राह, जीवन का प्रवाह नव' एक-दूजे को संदेश भेजकर व मिलकर कुछ इसी अंदाज में आम से लेकर खास तक ने नूतन वर्ष 2023 का स्वागत किया। सूर्योदय की लालिमा संग लोगों की भीड़ मंदिरों पर लग गयी। बाबा बालेश्वर मंदिर में तो भक्तों की लम्बी कतार लगी थी। वही, नववर्ष की अगवानी को युवाओं में कुछ ज्यादे ही उत्साह दिखा। बाजार भी नववर्ष के रंग में रंगा दिखा।

भृगु नगरी में नूतन वर्ष के स्वागत को लेकर पहले से ही काफी तैयारियां थी। शहर से सटे जीराबस्ती स्थित जनेश्वर मिश्र उपवन हो या सुरहा ताल या फिर होटल-रेस्टोरेंट, यहां काफी भीड़ देखी गयी। जनेश्वर मिश्र सेतु पर भी लोगों ने नये साल का जश्न मनाया। इससे इतर अन्य पिकनिक स्पॉटों पर भी लोगों ने इंज्वाय किया। नववर्ष की मस्ती में सेल्फी का भी खूब क्रेज दिखा। पिकनिक स्पॉटों पर लोग अपनों के साथ सेल्फी में जरूर कैद हुए। पार्टियों का भी दौर चलता रहा। कोई घर से पका-पकाया भोजन ले गया था तो किसी ने पिकनिक स्पॉट पर ही विभिन्न तरह के व्यंजन पकाकर स्वाद लिया। पिकनिक स्पॉटों के अलवा बाजार के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में दुकानें भी सजी थी, जहां लोग खरीददारी करते दिखे। विभिन्न प्रकार के गुब्बारों की बिक्री कुछ ज्यादे ही रही।

### विधायक ने बच्चों में बांटा उपहार



**बलिया।** रसड़ा के बसपा विधायक एवं विधान मंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने क्षेत्रवासियों के साथ नववर्ष का जश्न मनाया। इस दौरान श्री सिंह ने बच्चों में उपहार वितरित किया। कहा कि घर- परिवार एवं समाज को एक रुपता के सूत्र मे बांधने के लिए प्रेम की डोरी ही एकमात्र उपाय है। इससे समाज की हर बुराई को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर छात्र शक्ति इन्फ्रा कन्स्ट्रक्शन के प्रबन्ध निदेशक रमेश सिंह, संतोष पाण्डेय, मुन्ना सिंह, मुकेश सिंह, निर्भय प्रकाश, मनीष सिंह, पिंकी सिंह, पिन्टू यादव आदि मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी पुलिस ने 25 हजार के इनामिया एवं गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसके पाससे तमंचा एवं कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया गया। थानाध्यक्ष हल्दी सुनील कुमार सिंह एवं उप निरीक्षक राधेश्याम सरोज सदल-बल रविवार की सुबह चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मूखबीर से सूचना मिली कि अभियुक्त योगेश तिवारी उर्फ राहुल तिवारी निवासी बड़का सरांक, थाना बांसडीह रोड क्षेत्र के बिगही एवं सोनवानी सीमा पर पाकड़ के पेड़ के पास खड़ा है। मूखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर पुलिस ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

# मोबाइल एप से लगेगी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

**बलिया।** सरकार नये साल में धरातल पर काम कराने व जनता को लाभ पहुंचाने के लिए कई अहम बदलाव कर रही है। इनमें से एक मनरेगा योजना भी है। सरकार ने फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मजदूरों की काम करते हुए दिन में तीन बार मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन हाजिरी लगाने का निर्णय लिया है। मनरेगा में अब बिना काम किए मजदूरों की हाजिरी नहीं लग पाएगी। नई व्यवस्था एक जनवरी से प्रभावी हो जाएगी।

इसकी जिम्मेदारी रोजगार सेवक और महिला मेटों को सौंपी गई है। मनरेगा में अभी तक एक ही मजदूर को अलग-अलग जगह काम देने और बिना काम के भुगतान करने के आरोप लगते रहे हैं। इसे रोकने के लिए सरकार ने मोबाइल एप के माध्यम से कार्य स्थल पर काम करने वाले मजदूरों की आनलाइन हाजिरी लेने के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश के ग्राम विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने डीएम सहित कार्यक्रम समन्वयकों को भेजे आदेश पत्र में कहा कि पहली जनवरी से मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों की रोजगार सेवक व महिला मेट एक फोटो कार्यस्थल पर काम शुरू होने पर, दूसरी फोटो दोपहर में और तीसरी कार्य समाप्त होने के बाद मोबाइल एप से खींचकर एनएमएमएस एप में अपलोड करेंगे, जिससे फर्जी हाजिरी पर लगाम लग सके।

**आनलाइन हाजिरी से होगी पारदर्शिता : बलिया।** मनरेगा में अभी श्रमिकों की हाजिरी रजिस्टर और मास्टर रोल में लगाई जाती है। इसमें काफी गलतियां हो जाती हैं। इतना ही नहीं, मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों के कार्य के सापेक्ष फीडिंग में लापरवाही बरती जाती है। आनलाइन हाजिरी से मास्टर रोड में पारदर्शिता होगी। शिकायत होने पर कभी भी रिकार्ड जांचा जा सकता है।

**मस्टर रोल से लिंक होगा एनएमएसएस एप : बलिया।** इस संबंध में एपीओ मनरेगा भरत वर्मा ने बताया कि मनरेगा को पारदर्शी बनाने के लिए नेशनल मोबाइल मनिटरिंग साफ्टवेयर (एनएमएमएस) एप से मास्टररोलों को जोड़ा जा रहा है।




# कर्मियों की हड़ताल से 150 गांवों की बत्ती गुल



रोष

## विद्युत उपकेन्द्र पर धरना- प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज

**बैरिया।** विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की मांगों का संज्ञान न लेने से लगभग 150 गांवों की बत्ती गुल हो गयी है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से विद्युत उपकेन्द्र बैरिया नगर, बैरिया देहात, लोकधाम ठेकहा एवं जयप्रकाश नगर की विद्युत आपूर्ति रविवार की सुबह छह बजे से ही बाधित हो गयी, जबकि विद्युत उपकेन्द्र बैरिया पर विद्युत मौजूद है।

कर्मचारियों का कहना है कि ओरियन सिक्योर कम्पनी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। संविदा कर्मियों का वेतन व अन्य भुगतान इसी कम्पनी के जिम्मे है, किंतु दो माह से उन्हें कम्पनी वेतन नही दे रही है। सात माह से उनके पीपीएफ खाते में कम्पनी द्वारा पैसा नही जमा किया जा रहा है। हड़ताली कर्मियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने इस समस्या के समाधान का आग्रह किया गया, किंतु अधिकारियों ने इसे गम्भीरता से नही लिया। हमारे संगठन ने 28 दिसम्बर को अधिशासी अभियंता व उपखण्ड अधिकारी को लिखित पत्र देकर अल्टीमेटम दिया था कि 31 दिसम्बर तक हमारा भुगतान करा दिया जाय। अन्यथा एक जनवरी से विद्युत आपूर्ति बाधित कर देंगे और कार्य से विरत हो जाएंगे। फिर भी हम लोगों की बातों को अधिकारियों ने नजर अंदाज कर दिया। मजबूरन साल के पहले दिन ही बैरिया विधानसभा क्षेत्र के डेढ़ सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। हम लोग नही चाहते थे कि नए साल के पहले ही दिन लोगों को बिजली से वंचित होना पड़े, किन्तु हम लोगों के पास कोई विकल्प नही था। कर्मियों ने बैरिया विद्युत उपकेन्द्र पर धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर सुरेन्द्र वर्मा, राजेश शर्मा, लालन वर्मा, मिथिलेश वर्मा, श्याम लाल, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

**लोगों को करना पड़ा मुश्किलों का सामना : बैरिया।** जिन डेढ़ सौ गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित की गई है, उनमें सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त का गांव दोकटी, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह का गांव दलजीत टोला, पूर्व सांसद भरत सिंह का गांव नवका टोला, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह का गांव चांदपुर, पूर्व विधायक विक्रमा सिंह का गांव गोन्हिया छपरा, दुर्जनपुर, नगर पंचायत बैरिया, रानीगंज बाजार, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का नाम शामिल है। साल के पहले ही दिन बिजली के नही रहने से कड़ाके की ठंड में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

> मैंने आग्रह किया था कि कम से कम साल के पहले दिन आप सब हड़ताल न करे, लेकिन कर्मी नही माने।
>
> विनोद भारद्वाज, अवर अभियंता

> विद्युत वितरण खण्ड चार के विद्युत उपकेन्द्र बैरिया नगर, बैरिया देहात, ठेकहा व जयप्रकाश नगर की विद्युत आपूर्ति साल के पहले दिन ही बाधित हुई है। लोगों की असुविधा के लिए खेद है। विद्युत आपूर्ति शुरू कराने के लिए हड़ताली कर्मियों से बातचीत की जा रही है।
>
> एके शुक्ल, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड चार

> मेरे संज्ञान में नही था कि संविदा विद्युत कर्मी हड़ताल पर है और लगभग डेढ़ सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। मातहतों ने इसकी सूचना मुझे नही दी थी। आपके माध्यम से यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। तुरन्त इसके समाधान की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहा हूं।
>
> आरके जैन, अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग बलिया




रिटेल डायरेक्टरी













# नदी में दूसरे दिन भी होती रही मजदूर की तलाश



**सिकंदरपुर।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाले निर्माणाधीन खरीद-दरौली पक्का पुल के सपोर्टिंग ब्रिज (पायल ब्रिज) पर काम करते समय एक मजदूर गिर कर शनिवार को नदी में डूब गया था। कांस्ट्रक्शन कंपनी के लोगों ने घटना से थाने सहित अन्य उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था। स्थानीय स्तर पर उक्त मजदूर को ढूंढने का कार्य शनिवार से ही जारी है। थानाध्यक्ष दिनेश ने अपने नेतृत्व में रविवार को गोताखोरों की मदद से काफी देर तक मजदूर को खोजवाने का प्रयास किया, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय हो जाने के बाद भी मजदूर नही मिल पाया। दूसरे दिन भी सफलता हाथ नही लगी। खरीद-दरौली पक्का पुल के निर्माण की जिम्मेदारी बंगाल की भंगल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जिम्मे है। सरयू नदी में लगातार हो रहे कटान के कारण पक्के पुल की लम्बाई को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत दो अतिरिक्त पायों का निर्माण कराया जाना था। उसी में से एक पाए का निर्माण कार्य शनिवार को चल रहा था। उसी दौरान उसके सपोर्ट के लिए पायल ब्रिज के अंतिम छोर पर करीब 35 फीट ऊंचे एंगल पर काम कर रहे सहारनपुर जिला अंतर्गत बेहट थाना क्षेत्र के रेहड़ी निवासी मोहम्मद आजम (22) पुत्र तज्जमुल अचानक असंतुलित होकर नदी में गिर गया।

# जनप्रतिनिधियों ने लिया संकल्प, बेहतर होगा कल

**बलिया।** जनप्रतिनिधियों ने नववर्ष-2023 में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने के साथ ही अस्पतालों पर पर्याप्त संख्या में महिला-पुरूष चिकित्सकों की तैनाती कराने का प्रयास करने की बात दोहरायी है। उनका मानना है कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराकर कुछ बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। सभी ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का संकल्प लिया है।

**शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में आगे होगा बलिया :** नववर्ष की बधाई देते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार सभी परिषदीय स्कूलों को आपरेशन कायाकल्प के साथ 19 पैरामीटर पर सुविधाएं दे रही है। आक्सीजन प्लांट की संख्या भी बढ़ायी जा रही है। आयुष्मान योजना गरीबों के लिए वरदान बनी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक किये जा रहे है। हमारा संकल्प है कि आने वाले दिनों में किसी को शिक्षा या चिकित्सा के लिए अन्य जनपदों में न जाना पड़े।



## रसड़ा क्षेत्र में होंगे ऐतिहासिक कार्य

रसड़ा के बसपा विधायक एवं नेता विधान मंडल दल उमाशंकर सिंह ने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य होंगे। सीएचसी रसड़ा को माडल हास्पिटल के रूप में विकसित किया जायेगा। कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इलाज की हर सुविधाएं सुनिश्चित की जायेगी। क्षेत्र में महिला पीजी कालेज की स्थापना की जायेगी। जल्द ही इसके साकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है।

**पठन-पाठन की होगी बेहतर व्यवस्था :** बांसडीह विधान सभा क्षेत्र की विधायक केतकी सिंह ने कहा कि नववर्ष में हमारा लक्ष्य यह है कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं पूरे जनपद के लिए नजीर बने। क्षेत्र के मरीजों को उपचार के लिए विधान सभा क्षेत्र से बाहर न जाना पड़े। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यवसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जायेगा। विद्यालय को गोंद लेकर वहां पठन-पाठन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जायेगा।

**चिकित्सा एवं शिक्षा क्षेत्र में होगा परिवर्तन :** सिकंदरपुर विधान सभा के विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि हमारे विधान सभा क्षेत्र में चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन होगा। इसके लिए प्रयास किया जायेगा। उससा गांव में सौ बेड के अस्पताल के लिए प्रयास किया जा रहा है। सिकंदरपुर में महिला अस्पताल की स्थापना एवं ट्रामा सेंटर की मांग की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में पूर गांव में सैनिक स्कूल की स्थापना एवं सिकंदरपुर में एक राजकीय डिग्री कालेज की स्थापना कराया जायेगा।

### अस्पतालों में होगी चिकित्सकों की तैनाती

बैरिया विधान सभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि नया साल सबके लिए खुशहाली भरा वर्ष हो। सपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत सोनबरसा के सौ बेड के अस्पताल को चालू कराने का प्रयास होगा। राजकीय बालिका विद्यालय का भवन भी सपा सरकार ने ही स्वीकृत किया था, लेकिन उसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। उसे पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा। बेहतर चिकित्सा के लिए सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता के लिए प्रयास होगा। शिक्षा की व्यवस्था में सुधार का प्रयास होगा।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा बड़ा बदलाव

फेफना विधान सभा क्षेत्र के विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव करने की तैयारी चल रही है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में फेफना बेहतर हो, इसके लिए भी प्रयासरत है। नये साल में फेफना में बने सौ बेड के अस्पताल को चालू कराने का हमारा संकल्प है, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार मिल सके। आने वाले दिनों में विद्यालयों को गोद लेकर व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जायेगा।

### समस्याओं का कराया जायेगा समाधान

बेल्थरारोड विधान सभा क्षेत्र के विधायक हंसू राम ने कहा कि क्षेत्रवासियों ने हमें अपना विधायक चुना है। जनता की जो भी समस्या है, उसका निदान कराने का प्रयास किया जायेगा। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेल्थरारोड समृद्ध होगा। क्षेत्र में पालीटेक्निक कालेज के लिए प्रयासरत है। राजकीय बालिका इंटर कालेज की कमी दूर होगा। सीएचसी में कार्डियोलाजी, न्यूरो स्पेशलिस्ट, आर्थोपेडिक सर्जन की तैनाती के लिए शासन से मांग की गई है।

## जिला अस्पताल में खुलेगा पब्लिक हेल्थ लैब

**बलिया।** जिला अस्पताल में इंट्रीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ लैब खोला जा रहा है। 75 लाख से पुरानी लैब को अपग्रेड कर यह लैब बनाई जाएगी। लैब में एक जगह पर सभी प्रकार की जांचों की सुविधा होगी। मरीजों की सुविधा, सरकारी अस्पतालों के बाहर बढ़ती प्राइवेट पैथोलाजी की कमाई और संख्या पर लगाम लगाने के लिए यह प्रयास काफी होगा। लखनऊ से आई टीम जिला अस्पताल में सर्वे कर चुकी है। यहां जल्द काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। शासन के निर्देश के बाद पहले से चल रहे जांच केंद्र को ही विस्तारित करने का निर्णय लिया था। हालांकि ये ओपीडी से दूर है और दूसरे नए भवन में संचालित होता है, लेकिन लैब के लिए यहां आवश्यक भूमि उपलब्ध, जहां इसे आसानी से विस्तारित किया जा सकता है। भूमि की पैमाइश के बाद इसका प्रस्ताव भेज दिया गया था। 75 लाख की लागत से यहां लैब बनाया जाएगा। एनएचएम के जिला प्रबंधक आरपी यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्कीम के तहत इस लैब का संचालन कराया जाएगा।

## साहित्यकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** पीएम की मां हीरा बेन के निधन का समाचार सुनकर पूरा देश ही शोक मग्न हो गया। इसी क्रम में विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के आनंद नगर कार्यालय पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान साहित्यकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर सुदेश्वर, डा. आदित्य, डा. नवचंद्र, डा. अरविंद, रमाशंकर, रमेश, डा. नन्दजी, जितेंद्र, डा. कादम्बिनी आदि मौजूद रहे। आभार अकादमी के अध्यक्ष डॉ. फतेहचन्द ने व्यक्त किया।




# भृगु नगरी में निकली कलश यात्रा का भव्य स्वागत





**बलिया।** महर्षि भृगु के तपोस्थली व गंगा की पवित्र स्थली पर गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट की तरफ से विशाल कलश यात्रा रविवार को निकाली गयी। इसका पूरे मार्ग पर फूलों से भव्य स्वागत किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट की ओर से निकली भव्य कलश यात्रा काफी लंबी रही।

महावीर घाट से लेकर भृगु मंदिर तक लंबी कलश यात्रा धार्मिक चर्चाओं में रही। जहां एक तरफ महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ शिवभक्त डमरू लेकर कलश यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। वहीं, श्रद्धालु महिलाएं शंख बजा रही थी। इधर, कुछ भक्त ज्योति दीप लेकर आगे-आगे चल रहे थे। रथों पर शिव-पावती, राधा-कृष्ण और गायत्री माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। भृगु मंदिर में पहुंची कलश यात्रा का स्वागत हुआ और उसके बाद आधे घंटे तक कलश पूजन हुआ। उसके बाद कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट पहुंची। यह कलश यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ बलिया के प्रांगण में मां गायत्री के प्राणप्रतिष्ठा का पांचवां वार्षिकोत्सव पर 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए निकाली गयी।

**गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख ने अतिथियों का किया स्वागत : बलिया।** गायत्री शक्तिपीठ प्रमुख विजेन्द्र नाथ चौबे ने मुख्य अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। नगर चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी की पत्नी सरिता गुप्ता ने मशाल जलाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यह शोभा यात्रा महावीर घाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ से चमन सिंह बाग रोड से लोहापट्टी रोड, चौक से सिनेमा रोड होते हुए बालेश्वर जी मंदिर रोड से नया चौक होकर चित्रगुप्त रोड़ से भृगु मंदिर में कलशयात्रा पहुंचा। यहां कलश पूजन व जल भराव किया गया। वहां से मालगोदम होकर स्टेशन चौक रोड़ होते हुए गुदरी बाजार से शक्तिपीठ पर संपन्न हुआ।

**कलश उठाने की महत्ता पर डाला प्रकाश : बलिया।** शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे विद्वान आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा द्वारा कलश उठाने की महत्ता को विस्तार से बताया गया। बताया कि 33 कोटि के देवी-देवता ही विश्व का कल्याण करते हैं। प्राणी के सभी समस्याओं का नाश करते हैं। कहा कि नारी शक्ति है, जो समर्थ एवं सशक्त बने। संगीत के आचार्य रमेश पटेल, गुड़सागर जी राणा, कमल सिंह चौहान व कपिल देव यादव रहे।




## युवाओं में वितरित किया कापी व कलम

बलिया। राष्ट्र की तकदीर बदलने वाले युवा ही गंगा की तस्वीर बदलेंगे। पतित पावनी मां गंगा के दर्द से विमुख कोई भी शक्ति सशक्त राष्ट्र का निर्माण नहीं कर पायेगी। उक्त बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर युवाओं को कापी एवं कलम देकर गंगा सफाई की सीख देने के दौरान व्यक्त किया। कहा कि गंगा बातुनी कसरत एवं कल्पना का ढ़ोल पीटकर नहीं, बल्कि मौके पर जमीनी अंदाज अपनाकर निर्मलता का मुकाम हासिल करेगी। गंगा सफाई के नाम पर अकूत धन की बर्बादी से अच्छा है, उसे उसके सफर में प्रतिरोध एवं अवरोध विहीन कर दिया जाय। सरकार को इस ओर सोचना ही होगा। श्री तिवारी ने युवाओं को आजीवन गंगा साफ रखने के व्रत का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राहुल यादव, राज यादव, मोहित, अमित, आरूष चौधरी, संतोष ठाकुर, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनी जगदीश ओझा सुंदर की जयंती

**बलिया।** बलिया हिंदी प्रचारिणी सभा के चलता पुस्तकालय सभागार में जनकवि जगदीश ओझा सुंदर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। डॉ. शत्रुध्न पांडेय ने कहा कि सुंदर एक पूर्ण साहित्यकार थे। उन्होंने आजादी के सुर में सुर मिलाते हुए अपनी रचना से जन जागरण किया। महर्षि अशोक ने सुंदर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रो. रामसुंदर, भोला प्रसाद आग्नेय, डॉ. चंद्रशेखर उपाध्याय, राज गुप्त, आशीष त्रिवेदी, डॉ. कादम्बिनी सिंह, शशिप्रेम देव, शिवजी पांडेय रसराज, रामेश्वर सिंह, नवचंद्र तिवारी, विजय मिश्र, हीरालाल, फतेहचंद बेचैन, संतोष गुप्त, मोहन श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश सिंह, प्रेमचंद, संजय सिंह, अरविन्द उपाध्याय, धर्मनाथ गुप्त, बृजमोहन प्रसाद अनारी, कन्हैया यादव, शिवशरण श्रीवास्तव, नारायण दत्त पांडेय, विष्णुदत्त पांडेय, शैलेन्द्र मिश्र, आशुतोष यादव, उत्सव यादव, श्रीकृष्ण कुमार सिंह, सुधांशु पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. राजेन्द्र भारती ने किया। सभी का आभार रामसकल गिरि ने व्यक्त किया।

## हीराबेन के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बैरिया।** स्थानीय डाक बंगला परिसर में भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हीराबेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। मौके पर विजय बहादुर सिंह, दिलीप गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष मदन सिंह, रत्नेश सिंह, अरविन्द सिंह सेंगर, हरी कंचन सिंह, मार्कण्डेय सिंह, पप्पू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने किया।

## बोलेरो व बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के बहेरी चट्टी के समीप बाइक एवं बोलेरो की टक्कर में दो लोग घायल हो गये। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पकड़ी थाना क्षेत्र के चक उसरैला गांव निवासी मनोज कन्नौजिया (47) पुत्र स्व. राजगोविंद कन्नौजिया अपने साथी सन्तोष राम (40) पुत्र स्व. रामकिशुन राम के साथ बेल्थरा से बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। अभी वह बलिया-सोनौली राज्य मार्ग स्थित बहेरी चट्टी पर पहुंचे थे कि बलिया की तरफ से आ रही बोलेरो से बाइक की टक्कर हो गई। दोनो लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गये। इधर, चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। आस-पास के लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## संगठन अलग हो सकता है, पत्रकारिता नहीं : पाठक

**सिकन्दरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सिकंदरपुर की मासिक बैठक शनिवार को मनियर मार्ग पर स्थित वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ मिश्र के आवास पर हुई। इसमें प्रधानमंत्री की मां हीराबेन, ग्रापए के संस्थापक स्व. बालेश्वर प्रसाद की पत्नी चंदा देवी, पूर्व सांसद जगन्नाथ चौधरी, सेनानी रामरक्षा गोंड को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान पाठक ने सभी पत्रकारों को अंगवस्त्रम व डायरी देकर सम्मानित किया। कहा कि देश-प्रदेश में पत्रकारों का कई संगठन चल रहा है। हमारी जानकारी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जैसा संगठन कही नही है।



# 12 बजते ही गूंजा हैप्पी न्यू ईयर, युवाओं ने की आतिशबाजी


गोराबाजार स्थित लार्डकार्नावालिस में नववर्ष पर बच्चे को हवा में उछालते परिजन।


लार्डकार्नावालिस में नववर्ष पर भीड़।


लार्डकार्नावालिस में सेल्फी लेती युवतियां।


नव वर्ष पर मां कामाख्या मंदिर में दर्शन के लिए लगी कतार।

**उत्साह**

## गीतों की धुन पर थिरके

**गाजीपुर।** नए वर्ष को लेकर रविवार को लोगों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। रात बारह बजते ही लहुरी काशी में हैप्पी न्यू ईयर के साथ ही पटाखे की गूंज सुनाई दी। देर रात तक लोगों ने अपने प्रियजनों को मोबाइल आदि के माध्यम से नए वर्ष की बधाई दी।

पुराने वर्ष को अलविदा कहने के बाद नए वर्ष को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। नए वर्ष के स्वागत के लिए लोगों विशेषकर युवाओं ने कई दिन पहले से ही तैयारी की है। बीती रात जैसे ही 12 बजे वैसे ही लहुरी काशी में नए वर्ष की धूम शुरू हो गई। युवाओं ने एक-दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर की बधाई देते हुए एवं आतिशबाजी कर नए वर्ष का स्वागत किया। इस दौरान कुछ जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने गीत-संगीत पर जमकर ठुमके भी लगाए। वहीं घर पर बुर्जुग, महिलाओं और युवतियों ने टीवी पर आने वाले कार्यक्रमों का आनंद उठाया। कार्यक्रम देखने के लिए आधी रात तक इनके जगे रहने से अधिकांश घरों से टीवी पर चलने वाले नए वर्ष के कार्यक्रम की आवाज सुनाई देती रही। ठंड में बढ़ोतरी के कारण अधिकांश लोगों ने अपने घर पर ही पार्टी रखकर अपने रिश्तेदार एवं यार दिखे।

### फूल और बुके देकर किया खुशी का इजहार

नए वर्ष पर एक-दूसरे को बधाई देने के लिए युवाओं की ओर से गुलदस्ता सहित गिफ्ट आइटमों की खरीदारी की जाती है। इसको देखते हुए दुकानदारों ने नए वर्ष के स्वागत के लिए एक दिन पूर्व 31 दिसंबर को ही शहर के कई स्थानों पर फूल एवं गिफ्ट आइटमों की दुकानें सजा दी थी। शहर में महुआबाग में फूल बुके की दुकानें लगी थी। इन दुकानों से लोगों ने फूल बुके के साथ ही गिफ्ट आइटमों की खरीदारी की।

### नव वर्ष पर देवी मंदिरों पर लगी श्रद्धालुओं की हाजिरी

**गहमर/बारा।** नए साल के पहले दिन पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही । सुबह की मंगला आरती के बाद से ही मां के दर्शनार्थियों के आने का जो क्रम शुरू हुआ वह देर शाम तक चलता रहा । मां के भक्त गगनभेदी जयकारे के साथ क्रमबद्ध होकर दर्शन करते जा रहे थे। घना कोहरा छाए रहने के बावजूद भी दर्शनार्थियों पर आस्था भारी रही वही मंदिर परिसर वन पार्क एवं तालाब के किनारे नव युवक युवतियों के बीच सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। वहीं छोटे बच्चे अपने माता-पिता के साथ कामाख्या वन पार्क ,तालाब सहित अन्य स्थानों पर झूले चरखी एवं पिकनिक का मजा लेते नजर आएं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय हमराहियों के साथ मंदिर परिसर का चक्रमण करते नजर आए। मुहम्मदाबादः स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने नव वर्ष 2023 के आगमन पर एक दूसरे को बधाई देते हुए भ्रमण स्थलों पर भ्रमण किया। मंदिरों पर जाकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विगत दिनों से ही क्षेत्र में कोहरे का प्रकोप बुरी तरह फैला हुआ है। नागरिकों ने भगवान भास्कर का दर्शन तक नहीं किया। क्षेत्र में चारों तरफ गलन और कोहरा छाया रहा। इसके अतिरिक्त नववर्ष के आगमन का उत्साह ने नागरिकों को कड़ाके की ठंड में भी दर्शन पूजन एवं भ्रमण स्थलों को जाने के लिए उत्साहित किया। यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर पर भक्त गणों ने उपस्थित होकर मां को चुनरी चढ़ाई और माता का श्रृंगार कर अखंड ज्योति जलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। हरिदास बाबा के स्थान पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सर्दी का सितम जारी, छूटी कंपकंपी

**कोहरे से थमी वाहनों की रफ्तार**

## जनवरी की शुरूआत से बढ़ी ठंड, प्रशासन नहीं जलवा रहा अलाव

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** हाड़कंपाती ठंड लोगों को बेहाल कर रही है। दिन-ब-दिन लुढ़कते तापमान ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। वहीं पालिका और प्रशासन द्वारा अलाव न जलवाए जाने से आमजनों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। समाजसेवी ठंड के सितम से लोगों को राहत देने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण कर रहे हैं परंतु प्रशासन को अब तक सर्दी का अहसास नहीं हुआ है।

सर्द हवाओं की वजह से एक जनवरी की शुरूवात सर्दी के मौसम में अब तक की सर्वाधिक ठंडी के साथ हुई। सुबह का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास था। जिसकी वजह से लोगों को हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का अहसास हो रहा था।

जबरदस्त ठण्ड की वजह से लोगों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा और लोगों ने ठंड कम होते तक बिस्तर में रहना ही सही समझा। वहीं सुबह की सैर पर निकलने वाले भी आज कम ही नजर.आये।


कैथवलिया मार्ग पर अलाव के सहारे बच्चे राहगीर व कोहरा के बीच हेडलाइट जलाकर गुजरता वाहन।

### बहुत जरूरी हो गया अलाव जलाना

तेज ठंड को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिससे हाड़कंपा देने वाली सर्दी से लोगों को कुछ तो राहत मिल सके। हालांकि नगरवासी अपने स्तर पर कई जगह अलाव जलाकर आग तापते हैं, पर यह व्यवस्था बढ़ी हुई ठंड में नाकाफी साबित हो रही है। अब देखना यह है कि इसके लिए स्थानीय प्रशासन पहल करता है या नगर की सामाजिक संस्थाएं लोगों की इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए अपनी ओर से कोई इंतजाम करते हैं।

### मकरसंक्राति तक लगातार बढ़ेगी ठण्ड

नया वर्ष लगते ही ठंड ने अचानक जो रफ्तार पकड़ी है वह दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ती ही जाएगी। तापमान में आई भारी गिरावट से आसानी से समझा जा सकता है। इसी कड़ी में एक जनवरी की सुबह तो ठंड दूसरे दिनों की अपेक्षा और भी ज्यादा बढ़ गई थी, जिसने लोगों का घर से निकलना मुहाल कर दिया। हालांकि सूर्योदय के पश्चात जैसे-जैसे सूर्य का तेज बढ़ता गया वैसे-वैसे ठंड में कुछ कमी का अहसास होने तो लगा, फिर भी दिनभर ठंड ने अपना असर जारी रखा। वही शाम होते-होते फिर से ठंड का कहर शुरू हो गया। लगातार चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को सुबह वाली ठंड की याद दिला दी। इस तरह दिनभर पड़ी ठंड की वजह से ज्यादातर लोग गर्म कपड़ों से लदे हुए नजर आये। वही यह ठण्ड मकरसंक्रांति तक दिन-ब-दिन बढ़ते ही जाना है। परंतु आमजनों एवं पशुओं को हो रही परेशानी का एहसास प्रशासन को नहीं हो रहा।

# साइबर सेल ने वापस दिलाये 3.17 लाख की नकद

**गाजीपुर।** साइबर सेल द्वारा साइबर अपराध के पीड़ितों के कुल 317693.00 रुपये वापस कराने में बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही हेतु दिये गये, आदेश -निर्देश के अनुपालन के तहत आवेदकों के अवैध ट्रांजेक्शन होने की शिकायत पर प्रभारी साइबर सेल उ.नि वैभव मिश्रा मय टीम के प्रकरण का अध्ययन कर अवैध ट्रांजेक्शन जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे, संबंधित कम्पनी को त्वरित रुप से जरियें मेल पत्राचार कर एवं दूरभाष पर सम्पर्क कर अवैध ट्रांजेक्शन रोकने एवं ट्रांजेक्शन की जानकारी प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण की एवं आवश्यक कार्यवाही की गई। जिसके फलस्वरुप कुल 06 ऑफलाइन आवेदक के प्राप्त प्राथार्ना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदको की गाढ़ी कमाई कुल रुपए 317693.00 को खातें में वापस कराया गया। अपनी मेहनत की कमाई पुनः प्राप्त होने पर आवेदकों द्वारा साइबर कार्यालय उपस्थित होकर समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। धनराशि वापस कराने वाली टीम प्रभारी साइबर सेल वैभव मिश्रा, मुकेश कुमार,राजकुमार, आशीष कुमार मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, शिव प्रकाश यादव,प्रतिभा शुक्ला रहे।

### पुलिस ने दस हजार के इनामी अपराधी को पकड़ा

**भांवरकोल।** थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय अपने हमराही अंबुज मिश्रा, पंकज सिंह, चंद्रभान बिंद, देवेंद्र यादव, महिला कांस्टेबल पुजा गौतम और एकता देवी के साथ क्षेत्र में नव वर्ष को सकुशल संपन्न कराने के लक्ष्य से क्षेत्र में बीती रात्रि में भ्रमण कर रहे थे। मुखबिर सूचना मिली कि रविवार नारायणपुर से लठूडीह जाने वाली मार्ग पर सियाडी मोड़ से सुरेंद्र राजभर पुत्र बिरजा राजभर ग्राम पैकवली थाना करीमुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षेप

### चोरी के 51 मोबाइल बरामद,उपभोक्ताओं को किया सुपुर्द



**गाजीपुर।** सर्विलांस सेल/स्वाट टीम ने खोये हुए कुल 51 स्मार्ट फोन अनुमानित कीमत दस लाख को बरामद करते हुए मोबाइल आवेदकों को किया गया सुपुर्द। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपद में गुमशुदा मोबाईल फोन/टैबलेट बरामद कर उपभोक्तओं को सौंपा दिया। सर्विलांस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 51 गुमशुदा मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं जिनकी अनुमानित कीमत रू 10 लाख हैं, अब तक बरामद कुल मोबाइल फोन के आवेदकों को सम्मान पूर्वक सुपुर्द किया जा रहा है। बरामद करने वाली टीम का उ.नि रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट मय टीम, उ.नि सुनील तिवारी प्रभारी सर्विलांस, संजय कुमार पटेल, संजय सिंह रजावत,संजय प्रसाद,दिनेश कुमार,सूरज सिंह, विकास श्रीवास्तव रहे।

### सेंधमारी कर ढाई लाख सहित बीयर लेकर चंपत

**जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन बाजार के बड़ेसर मोड़ के पास स्थित बीयर की दुकान पर बीती रात चोरों ने सेंधमारी कर 2 लाख 50 हजार रुपए नगदी एवं बीयर लेकर चंपत हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बीयर कि दुकान का संचालक दीपक यादव ने बताया कि दुकान के पीछे सेंधमारी कर गले में रखा ढाई लाख रुपया सहित 2 पेटी बियर लेकर चोर चंपत हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसे पेनड्राइव में निकालकर पुलिस को दे दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में चौकी प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### कोविड के शोर के बीच सावधानी की अपील

**गाजीपुर।** कोविड की तीन लहरों को झेल चुके अपने जिले में कोविड के शोर के बीच फिर सतर्कता की तैयारी है। हालांकि अभी तक शासनादेश का इंतजार है। मगर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन को ध्यान में रखकर विदेशी लोगों के आने पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इधर, खास बात है कि जिले में वर्तमान समय में कोई मरीज सामने नहीं आया है और कोविड टीकाकरण की रफ्तार भी सुस्त है। चीन में कोविड की लहर के बाद अपने देश में भी सतर्कता बरती जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी की है। जिसके तहत विदेशियों के आने पर उनकी जांच व उनके संपर्कों की जांच के निर्देश जारी हुए हैं। वैसे तो यह काम एयरपोर्ट पर ही होगा। मगर किसी तरह एयरपोर्ट से वह अपने घर तक पहुंच जाता है तो वहां तक निगरानी व ध्यान रखा। एसीएमओ डा. उमेश कुमार बताते हैं कि अपने जिले में स्थिति सामान्य है। प्रदेश स्तर से भी अभी कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है। केंद्रीय मंत्रालय की गाइडलाइन एयरपोर्ट पर विशेष निगरानी की है। फिर भी लोगों से अपील है कि सावधानी बरतें।

### नशीली दवाएं, युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप

**मुहम्मदाबाद।** नशीली दवाएं जिन्हें मेडिकल की भाषा में सी.एन.एस. डिप्रेशन ड्रग्स भी कहा जाता है, इसका सेवन युवाओं में काफी तेजी से बढ़ रहा है। बहुत सारी ऐसी दवाएं, जिनकी बिक्री प्रतिबंधित हैं, वे भी क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर स्थित मेडिकल की दुकानों पर चोरी-छुपे बेची जा रही हैं।। युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंस कर बिगड़ रही हैं, परंतु जिम्मेदार इस दिशा में मूक बने हुए है। नाइट्रावेट, स्पासमो प्राकशिवान, अलप्राक्स, डायजिपाम आदि तमाम ऐसी दवाएं हैं, जो विभिन्न तरह के रोगों से छुटकारा दिलाने के लिए बनी हैं, परंतु इन दवाओं का ओवरडोज लेने से व्यक्ति नशे की हालत में आ जाता है। क्षेत्र में 14-15 वर्ष से लेकर 28-30 साल के युवा इसको नशे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। थोड़े से प्रयास के बाद तमाम चौराहों पर इस तरह के दवाएं मिल जा रही हैं। सतीश कुमार राय, आरएम राय, गिरीश राय, शिवशंकर गिरी, रविंद्र नाथ तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, अजय कुमार, महेन्द्र सिंह, अमरनाथ सिंह व गोपाल का कहना है कि कुछ दवाएं तो प्रतिबंधित हैं, वह भी चोरी-छुपे बेची जा रही हैं, जबकि कुछ दवाओं की बिक्री खुलेआम धड़ल्ले से बेची जा रही है। सरकार को ऐसी दवाओं की बिक्री पर ठोस कदम उठाया जाना चाहिए। कुछ मेडिकल स्टोर वाले थोड़े से फायदे के लिए युवाओं को जहर दे रहे हैं, इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। शासन-प्रशासन से इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# रेलवे ट्रैक पर आपस में टकराई ट्रैक मेंटनेंस मशीन, फिटर घायल

**बारा।** दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड के गहमर चौसा के बीच रेल ट्रैक की मरम्मत के लिए चौसा स्टेशन से पूर्व बने लूप लाइन में तीन मेंटनेंस मशीनें खड़ी करने के लिए आ रही थीं। इस दौरान दो मशीनें आपस में टकरा गई जिससे मेंटनेंस मशीन के इंजन का शीशा टूट गया। वहीं, इंजन में खड़ा कासिमबाद तहसील के कैथवली गांव निवासी 40 वर्षीय फिटर जितेंद्र कुमार झटका लगने से गिरकर घायल हो गए। अन्य कामगार साथियों द्वारा इलाज के लिए उन्हें चौसा स्थित प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना ने रेल विभाग में हड़कंप मचा दिया। घटना की सूचना पर दानापुर डीआरएम प्रभात कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। उन्होंने कहा कि घटना कैसे हुई इसकी जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि विगत छह माह से दानापुर - डीडीयू रेल खंड पर प्रतिदिन कहीं न कहीं ट्रैकों पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। कार्य के पूर्व ट्रैक मरम्मत करने वाली मशीनों को नजदीकी लूप लाइनों में खड़ा किया जाता है। इसी दौरान एक बीसीएम मशीन (ब्लास्टिंग क्लियरिंग मशीन) व सीएसएम वाईब्रट मशीन आपस में टकरा गईं। मशीनों के टकराने से बीसीएम मशीन के इंजन के कांच का शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। बताया जाता है कि घटना के पीछे चालकों की लापरवाही है। मैकेनिकों ने बताया कि इसमें मशीन को चलाने वाले की लापरवाही मानी जा रही है। दोनों मेंटनेंस मशीनें ट्रैक पर काफी कम दूरी पर चल रही थीं। इस दौरान पीछे वाली मशीन ने आगे चल रही मशीन में जोरदार टक्कर मार दिया। हालांकि, मशीनों में सवार अन्य मजदूर मैकेनिक घटना में बाल-बाल बच गए।



घटना के बाद मौके पर जांच करने पहुंचे डीआरएम के साथ तकनीकीशियन दल।

### पुलिस थानों में जगह का अभाव जब्त वाहन हो रहे कबाड़

**गाजीपुर।** पुलिस थानों में विभिन्न मामलों में जब्त बाइक, कार व ट्रक धूप और धूल में पड़े होने से कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। इनमें से अधिकतर को तो लम्बे समय से इनके मालिक छुड़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं। जबकि कई वाहन एनडीपीएस जैसे दूसरे संगीन मामलों में होने के कारण छूट नहीं पा रही है। न्यायालय से इन मामलों का निस्तारण नहीं होने से वाहन भी छूट नहीं पाते है। यहां थाना परिसर में जगह के अभाव में एक बाइक के ऊपर दूसरी जब्त बाइक खड़ी कर रखी है। ऐसा नहीं है कि पुलिस थाने में सिर्फ दुपहिया वाहन ही बंद है बल्कि शराब तस्करी के मामले में जब्त कई लग्जरी कारें भी जब्त हैं। थाने के बाहर सड़क पर खड़े ट्रकों के भी जंग लग रही है। इनमें से कई चोरी तो कई शराब तस्करी जैसे मामलों में जब्त है। स्थिति यह है कि ये जब्त वाहन इतने अधिक हो गए है कि अब तो पुलिस थाने में इन्हें रखने की जगह भी नहीं बची है। इसके चलते पुलिस इन्हें कहीं सड़क पर, तो कहीं दूसरों की जगह में खड़ा कर रही है। थाने के सामने सड़क पर जब्त वाहन खड़े रहने से कई बार थाने के सामने जाम की स्थिति हो जाती है।

# डीएन सिंह के पदचिह्नों पर चलने से ही होगा कर्मचारी समाज का भला


फुल्लनपुर स्थित आवास पर डीएन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कर्मचारी।

**जयंती**

### कर्मचारी हितों के लिए काम करते थे डीएन सिंह : अरविंद राय

### 60वीं जयंती पर कर्मचारी नेता को दी गई श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष रहे कर्मचारी नेता स्वर्गीय डीएन सिंह की 60वीं जयंती रविवार को फुल्लनपुर स्थित आवास पर श्रमिक उत्थान समिति के तत्वधान में मनाई गई। वक्ताओं ने डीएन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्वक याद किया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक अरविंद नाथ राय ने कहा कि कर्मचारी हितों की खातिर हमेशा लड़ाई लड़ने वाले ऐसे कर्मचारी नेता आदर्श प्रतिमान स्थापित करते हैं। डीएन सिंह कर्मचारी हितों की को ही सर्वोपरि मानते थे। डीएन सिंह कर्मचारियों व असहायों मसीहा थे। उनके कार्यों व पदचिन्हों पर चलने से ही कर्मचारी तथा समाज का भला हो सकेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जब भी कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात हुआ, डीएन सिंह ने घर परिवार को त्याग कर आंदोलन की राह पकड़ ली थी। कर्मचारियों के हित के लिए न दिन की परवाह करते थे और ना ही रात की। उनकी यही खासियत उन्हें एक श्रमिक नेता की छवि प्रदान की और इसी वजह से वे जिले के अधिकारियों के दिलो-दिमाग पर छा गए कि डेढ़ दशक तक कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं हुआ। समिति के अध्यक्ष चौधरी दिनेश चंद्र राय ने उनको याद करते हुए कहा कि वह कर्मचारियों के किसी भी हद तक जाकर सम्मान के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार रहते थे। जयंती के मौके पर गायत्री सिंह ने गरीब छात्रों को पठन सामग्री वितरित किया।

इस मौके पर सूर्य प्रकाश राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, बालेन्द्र त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, अजय कुमार सिंह, अंतु गुप्ता, आशुतोष पाण्डेय, अशोक कुमार, राजीव कुमार सिंह, रमाकांत, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।





समस्त जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुबेदार यादव
प्रधान उत्तमा, ब्लॉक मिर्जापुर
जनपद-आजमगढ़

जीयनपुर नगर पंचायत से चेयरमैन पद के प्रत्याशी पुरुषोत्तम यादव की तरफ से सभी जीयनपुर नगरवासियों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं

पुरुषोत्तम यादव
जीयनपुर चेयरमैन पद के प्रत्याशी

खालिसपुर, आजमगढ़ के सभी ग्रामवासियों को प्रधानप्रतिनिधि एकरामुल्लाह उर्फ शेरू की तरफ से नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं

निवेदक
एकरामुल्लाह उर्फ शेरू
प्रधान प्रतिनिधि







समस्त जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


रवि कुमार
उपजिलाधिकारी
निजामाबाद-आजमगढ़

कैलाशी मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय
ध्यानीपुर लोहरा अतरौलिया आजमगढ़
समस्त जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

योगेन्द्र-संचालक
श्रीमती सुनीता देवी-प्रबंधक

सीमा हॉस्पिटल ईवा फर्टिलिटी क्लीनिक एवं आईवीएफ सेन्टर
अतरौलिया-आजमगढ़
समस्त जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. सीमा पांडे

किसान सेवा केन्द्र महरूपुर अतरौलिया एवं कीर्तिमान-वितरण लोहरा जिसके प्रोपराइटर हैं डॉ0 उमाकांत मिश्रा की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


चन्द्रशेखर सिंह
रतुवापार अतरौलिया आजमगढ़
समाजसेवी

की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हेमन्त सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
अतरौलिया आजमगढ़
की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
अतरौलिया-आजमगढ़
की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


मारुति फिलिंग सेन्टर
भोराजपुरकला अतरौलिया आजमगढ़
की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयशंकर मिश्रा

ओम क्लीनिक
खानपुर फतेह अतरौलिया आजमगढ़
डॉ. विश्वकर्मा

की तरफ से जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयमंगल यादव स्मारक इण्टर कॉलेज
मदियापार अतरौलिया-आजमगढ़
समस्त जनपदवासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्रांति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


निन्हकू यादव
संस्थापक
हवलदार यादव
प्रबंधक

## जनसंपादकीय

# आइए लिखें नई इबारत

नए के प्रति आकर्षण मनुष्य की सहज स्वाभाविक प्रवृत्ति है। 'नया' अर्थात जो पहले से भिन्न है, मौलिक है अपनी अलग पहचान बनाता है। यह भिन्नता सृजनात्मकता का प्राण कही जाती है। उसी कृति या आविष्कार को प्रतिष्ठा मिलती है, पुरस्कार मिलता है जिसमें कुछ नयापन होता है, जो पुरानी घिसी-पिटी लीक पर न होकर उससे हट कर हो। हालाँकि, एक सच यह भी है कि अक्सर नए को अपनी प्रतिष्ठा अर्जित करना आसान नहीं होता, उसे पुराने से टक्कर लेनी पड़ती है और प्रतिरोध की पीड़ा और उपेक्षा भी सहनी पड़ता है। कभी ऐसे ही क्षण में संस्कृत के शीर्षस्थ कवि कालिदास को यह कहना पड़ा कि पुराना सब अच्छा है और नया खराब है' ऐसा तो मूढ़ और अविवेकी लोग ही सोचते हैं जो दूसरों की कही-कहाई बात सुन कर फैसला लेते हैं परंतु साधु या विवेकसम्पन्न लोग सोच-विचार कर और परख कर ही अच्छाई या बुराई का निश्चय करते हैं। नए 'के प्रति आकर्षण का एक पहलू यह भी है कि लगातार एक सा अनुभव हमारे मन-मस्तिष्क को उबा देने वाला होता है। ऐसे में नीरस होते जाने या उकता जाने से थकान और गतिहीनता का तनाव भी पैदा होने लगता है जो मानसिक उलझन और अस्वास्थ्य का कारण बनता है।


चलने और आगे बढ़ते रहने का अहसास अपने होने या कहें जीवन-स्पंदन का प्रमाण देता रहता है। चलना जीने का पर्याय होता है और मन के लिए भरोसा देने वाला होता है। चलने का अर्थ श्रम भी है जिसके बिना कुछ भी नहीं होता। इसी अर्थ में ऐतरेय ब्राह्मण मेम एक प्रसंग में कहा गया है कि जो श्रम करने से थकता नहीं है, उसे ही श्री अर्थात समृद्धि मिलती है। यही सोच कर निर्देश दिया गया कि चरैवेति ! चरैवेति ! यानी चलते रहो, चलते रह। चलने वाले को ही मधु मिलता है : चरन् वै मधु विन्दति ।

जो भी हो नयेपन की हर किसी को तलाश रहती है। काव्य जगत में तो प्रसिद्धि ही है कि हर क्षण नया होते रहना ही रमणीयता का स्वरूप है : क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः। नया ही रमणीय होता है इसलिए नया सबको प्रिय लगता है। आज की दुनिया में देश-विदेश चारों ओर वस्त्र आभूषण का फैशन हो या ज्ञान-विज्ञान का कोई क्षेत्र या फिर टेक्नोलोजी और उपकरण की दुनिया हर जगह नए की ही धूम मची रहती है। कोई पुराना नहीं रहना चाहता और नए को अपनाने के लिए मन में उत्सुकता रहती है और उसे अपनाने की उमंग होती है। उपटुडेट या अद्यतन बने रहना सभ्यता का तकाजा हो चुका है। पुराने खयाल दकियानूसी और कालातीत होने से अप्रासंगिक ठहरा दिए जाते हैं। चूँकि काल का पहिया आगे ही चलता है इसलिए हर किसी पर नित्य नए बने रहने का दबाव होता है।

भविष्य पर्दे के पीछे रहता है इसलिए अज्ञात और अनागत का आकर्षण सदैव रहता है। उससे रूबरू होने का अनुभव उत्साह और उत्सव का क्षण बन जाता है। ऐसे में एक किस्म का उन्माद का भाव आता है जो नया वर्ष मनाते समय अक्सर दिखता है विशेषकर युवा वर्ग में जिसके अतिरेक के कभी कभी घातक परिणाम भी हो जाते हैं। नया वर्ष का अवसर उनके लिए भविष्य की एक खिड़की या एक किस्म के समय के पुल जैसा होता है जब वर्तमान में रहते हुए (मानसिक स्तर पर) भविष्य में छलांग लगाते हैं। अक्सर सब लोग खुद को सम्बोधित करते हैं। अपने को टटोलते हुए खोने-पाने का हिसाब भी लगाते हैं। साल भर जिन उपलब्धियों और विफलताओं का अनुभव करते रहे हैं वे सब मुक्त करने वाले और बांधने वाले होते हैं। पर वे ठहरे अतीत के अनुभव जिनसे अपना रिश्ता परिभाषित करना हमारा काम होता है। उनसे बंधना या उन्हीं में अटक कर ठहर जाना निरर्थक है। काल के पहिए को पीछे घुमाने की जगह अतीत के अनुभव का लाभ लेते हुए नए सृजन की ओर आगे बढ़ने का शुभ संकल्प ही आगामी जीवन में पाथेय हो सकता है।

जीवन के नाटक में तो नव वर्ष का अवसर उस नाटक के एक नए अंक की शुरूआत है जिसका कथानक और घटनाक्रम हमारी तैयारी, साधन और समर्थन पर निर्भर करेगा। दर असल जो क्षण कभी भी हमारे हाथ में रहता है वह सिर्फ. और सिर्फ. वर्तमान ही होता है उसे अपनी नयी इबारत लिखनी होगी। रचनाशीलता से अवसर में तबदील करने का दायित्व हमारा ही बनता है। युवा भारत के लिए यह वर्ष गति, लय और स्वर की दृष्टि से समृद्धिशाली हो। निराला जी के साथ हम भी यही कहेंगे :

नव गति, नव लय,ताल-छन्द नव/ नवल कंठ, नव
जलद-मन्द्र रव/ नव नभ के नव विहग बृंद को/
नव पर, नव स्वर दे/ वर दे, वीणा वादिनि वर दे।



**गिरीश्वर मिश्र**
**लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं**

## मलबा

यह जो मलबा है/ कुछ देर पहले मकान था/ घर की गर्मी को/ अभी भी महसूस कर सकते हो/ ताजा है
इसमें किसी आदमी के/ पुराने सपने की/ सीमेंट चिपकी है /और एक रंग भी लगा है
अब यह बेकार होता जा रहा है/ आत्महत्यारे की /ठंडी होती देह की तरह
एक ट्राली उठा ले जायेगी/ बस कुछ देर बाद/कहीं फेंक आयेगी/ बेपहचान/ लावारिस लाश की तरह
अब इस पर/ नये आततायी/ ख्वाब की तामीर होगी/ जिसका नक्शा/ शहर भर में/ घूम रहा है।



**- रघुवंश मणि**

## पुलिया प्रसंग

निकला ही था / गांव के पश्चिमी छोर की ओर
कि याद आया बीएचयू का पुलिया प्रसंग
जहां महीने के हर रविवार को/ लोग साथ गुजारते हैं अपना समय
साहित्यिक संवादों, चचाओं में/ टहलते अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करते
करते हैं परस्पर संवाद/ सकारात्मक ऊर्जा के साथ/ संबुद्ध पुलिया पर
जहाँ मिलता है सुकून / कुल्हड़ वाली चाय पीते/ मानो ज्ञान विज्ञान व साहित्य और इतिहास
खड़ा हो सामने / और पुरखे दे रहे हों आशीष
हम करते ज्ञानार्जन/ मालवीय जी की बगिया में
जहां की हवा, मिट्टी व पानी में भी/ बहती है अजश्र धारा ज्ञान की
होता है गुंजायमान / मधुर मनोहर अतीव सुन्दर का स्वर
इस धरती को कबीर, रैदास, तुलसी, प्रसाद, प्रेमचंद व हरिश्चंद्र जैसे
सैकड़ों विभूतियों ने /अपने ज्ञान व तप से/सींचा व संवारा है
शिवजी के त्रिशूल पर बसी ये काशी!/ बुद्ध के उपदेश से आज भी अलौकिक है
जहां अपने शिष्यों को आलोकित करते हैं/गुरुवर श्रीप्रकाश शुक्ल
कहते हैं बार-बार/राह में पड़े पत्थरों से/ टकराना मत कभी
वे अपनी आकृति में/होते हैं ठोस व ठस्स/उन्हें जाना नहीं है कहीं !
उनसे टकरा कर/खुद को मत करो लहूलुहान
बस थोड़ा झुक कर करो प्रणाम/और बढ़ चलो / अपने गंतव्य की ओर...!



**- मनकामना शुक्ल पथिक**

# सरकार नहीं व्यवस्थागत ढांचा बदलना जरूरी है

**समय- संदर्भ**



**भगवान स्वरूप कटियार**

हमारे नताओं ने लोकतंत्र की व्यापक अवधारणा को चुनावी लोकतंत्र में बदल दिया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सिर्फ वोट डालना ही लोकतंत्र नहीं होता है। लोकतंत्र का अर्थ होता समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व देश के लोगों के जीवन के हर पक्ष में परलक्षित हो। देश की आजादी की लड़ाई का एक ही सपना था कि हम सब मिलजुल कर एक खुशहाल देश बनायेंगे। इसके लिए हजारों देश भक्तों ने शहादतें भी दीं और जेल की कठोर यातनाएं भी सही। गाँधी, नेहरू, पटेल, भगतसिंह, सुभाष चन्द्र बोस, डा०अम्बेडकर, डा०लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव एवं भगत सिंह और उनके साथियों सहित हजारों देश भक्तों ने इस देश की खुशहाली के सपने के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने खुशहाल देश के सपने का आर्थिक-सामाजिक एवं राजनैतिक-सांस्कृतिक खाका भी पेश किया था। हर तरह की गैर बराबरी को खत्म कर धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, समतावादी लोकतंत्र जिसमें सभी के लिए आर्थिक-सामाजिक सांस्कतिक-राजनैतिक और न्यायायिक अधिकार सुरक्षित हों। पर आज जब हम देश की आजादी के 75 साल पार कर रहे हैं तब वह खुशहाली का सपना धरती पर उतारना तो दूर हमारे कर्णधार नेताओं के जेहन से ही गायब हो गया। अब राजनीति एक धन और रुतबा हासिल करने पेशा बन गया है और फायदे का निवेश होगया है।

आंकड़ों के आइने में भारत की तस्वीर बहुत धुंधली है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र जरूर हैं पर कई क्षेत्रों में जो खुशहाली का खाका बनाते है अर्थात खुशहाली सूचकांक में हमसे छोटे देश जैसे 149 देशों की सूची में बांग्लादेश 101वें, नेपाल 87वें, पाकिस्तान 105वें और श्रीलंका 129वें स्थान पर होकर जैसे छोटे कम आयु वाले देश हमसे आगे हैं। खुशहाली के मामले में 2021 की हैपीनेस इंडेक्स में भारत 149 देशों 139 स्थान पर है। बिडम्बना यह है कि जो देश पांचवी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा हो उसकी हालत यह है कि खुशहाली के मामले में सिर्फ दस देश उससे पीछे हैं जिनके नाम हैं अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे, रवांडा, सोमालिया आदि। ब्रिक्स देशों में भारत जिसका मेंबर ( ब्राजील,रूस इण्डिया, चीन, और दक्षिण अफ्रीका ) भारत सबसे निचले पायदान पर है जबकि ब्राजील नम्बर एक 35 स्थान पर है। ब्राजील के बाद रूस 76वे स्थान पर, चीन 84वे स्थान पर, दक्षिण अफ्रीका 130वें स्थान पर और सबसे पीछे भारत 139वें स्थान पर है। वर्ष 2020 में भारत 153 देशों 144वे स्थान पर था। इसी तरह 2019 में 156 देशों में भारत 140वें स्थान पर और 2018 में 150 देशों में भारत 133वें स्थान पर था। खुशहाली के मानक हैं प्रति व्यक्ति घरेलू उत्पाद, लोक विश्वास, स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सहयोग, जीवन विकल्पों के चयन की सुविधा, जीवन प्रत्याशा यानी प्रति व्यक्ति औसत आयु आदि। खुशहाली सूचकांक में फिनलैंड लम्बी अवधि से नंबर एक पर है, डेनमार्क दूसरे स्थान पर और स्विट्जरलैंड तीसरे स्थान पर। चौथे स्थान पर आइसलैंड और पांचवे स्थान पर नीदरलैंड है। दुनिया के सर्वाधिक दस खुशहाल देशों की सूची में स्वीडन, नार्वे, न्यूजीलैंड, लक्जम्बर्ग और ऑस्ट्रिया भी शामिल हैं। खुशहाली सूचकांक की कसौटी पर विभिन्न देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। इसकी शुरूआत सयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा 2012 में की गयी थी। इसके बाद ही वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास के साथ साथ खुशहाली सूचकांक का भी महत्व बढ़ गया है। खुशहाल देशों में भारत का पिछड़ापन एक गंभीर और विचारणीय मुद्दा है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में भारत दुनिया के विकसित देशों से बहुत पीछे है। उदारता और विनम्रता में भारत कभी विश्व गुरू की श्रेणी में था। महामना बुद्ध, जिन्हें लाइट ऑफ एशिया कहा गया, ने अपने विचारो से पूरी दुनिया को प्रभावित किया। दक्षिण एशिया में बुद्ध का प्रज्ञा प्रकाश इस तरह जगमगाया कि पूरा दक्षिण एशिया बुद्धमय होगया। बुद्ध से लेकर महात्मागांधी तक उदारता, विनम्रता और मानवीय मूल्यों के लिए भारत के सामने दुनिया नत मस्तक होती थी। अशोक ने तलवार के बूते नहीं प्रेम और अहिंसा के बल पर एक विराट भारत की संरचना की थी। आज अपनी पसंद का जीवन जीना महज एक सपना होगया है। मनुष्य अपनी पूर्ण गरिमा से स्वतंत्र रूप जीने की बुनियादी शर्त होती है आर्थिक निर्भरता। आर्थिक सम्पन्नता आत्मनिर्भरता का आधार है। मौजूदा समय में भारत की औसत आयु पुरुषों की 67.5 वर्ष और महिलाओं की 69.8 वर्ष जबकि जबकि फिनलैंड जैसे खुशहाल देश की औसत आयु 81.1 वर्ष है। अब ज्वलंत सवाल है भारत खुशहाली के पायदान पर ऊपर कैसे आये। जाहिर इसके व्यवस्थागत स्तर पर अमूलचूल बदलाव करने पड़ेगे। भ्रष्टाचार, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों से निपटना होगा। भारत में बेरोजगारी चरम पर है। देश की युवा आबादी के लिए यह संकट गंभीर है। बेरोजगारी के कारण युवा पीढ़ी अवसाद में डूबी है और आत्महत्या की ओर अग्रसर है?। यह सब सरकार की नीतिगत खामियों का नतीजा है। भारत को खुशहाल बनाने के लिए सरकार को उन देशों से सबक लेना होगा जिनकी प्राथमिकता अपने देश की जनता के दर्द को दूर करना है। हमारे देश की सरकारें सत्ता की राजनीति में इस तरह डूबी हैं की देश और देश के लोग सरकारों केन्द्र में ही नहीं हैं। देश के 75 सालों में देश बहुमत की तानाशाही में बदल गया है। देश के अधिकांश राजनैतिक दलों के पास देश के दीर्घकालीन विकास का कोई खाका नहीं है। देश में दलीय लोकतंत्र पूरी तरह विफल रहा। इसी बात के लिए डा. अम्बेडकर ने सावधान भी किया था। आज देश जिस ढर्रे पर चल रहा वहां सरकारें बदलने से भी बहुत फर्क पड़ने वाला नहीं है। देश एक चुनावी लोकतंत्र बन कर रह गया। चुनाव जीतने के लिए जाति, धर्म, धन, बाहु बल और सरकारी संस्थानों एवं एजेंसियों का दुरपयोग खुल्लम खुल्ला हो रहा। न्यायलयों पर सरकार के दबाव काम करते हैं। भारतीय लोकतंत्र का पूरा ढांचा ही अलोकतांत्रिक और जन विरोधी है। जब देश का कोई दल लोकतांत्रिक नहीं है तो देश में लोकतंत्र कैसे संभव हैं। अधिकांश राजनैतिक दल सुप्रीमो और परिवारवाद की संस्कृति संचालित होते हैं। दलीय लोकतंत्र देश को संगठित और मजबूत करने की बजाय कमजोर और विभाजित करता है। राजनैतिक विचारकों ने दलीय राजनीति के खतरों को समझा था और दल विहीन लोकतंत्र की कल्पना की थी। दलगत राजनीति के केंद्र में सिर्फ और सिर्फ दलगत स्वार्थ और सत्ता हासिल करना रहता है। यद्यपि दुनिया के अधिकांश देशों दलीय लोकतंत्र है पर उन देशों में मानव मूल्यों और सामाजिक झराजनैतिक नैतिकता की राजनीति एक लम्बी और मजबूत परम्परा है।इसके बावजूद वहां भी सरकार की खामियों का खामियाजा जनता भुगतती है। दुनिया के जिन शीर्ष 30-35 देशों आदर्श लोकतंत्र बेहतर ढंग से चल रहा है उनकी सबसे खास बात है कि देश का नागरिक और उसके हित सरकार के केंद्र में है और सरकार शीर्ष प्राथमिकता में भी। सरकार अपनी गलतियाँ स्वीकारती है और सुधारती है और अपने नागरिकों से क्षमा भी मांगती है। पर भारत में तो सत्ता ने झूठ बोलने का रिकार्ड कायम कर रखा है और बड़ी बेशर्मी से झूठ बोला जाता है।

आखिर समाधान क्या है ? दलगत राजनीति का 75 साल का इतिहास बड़ा निराशा जनक रहा है। सबसे पहली बात तो यह है की राजनीति जैसे संवेदनशील क्षेत्र में जो देश के वर्तमान और भविष्य की दिशा और दशा तय करती है, अच्छे, चरित्रवान, संवेदनशील, ईमानदार, प्रगतिशील विचारवान और विषय विशेषज्ञ लोग आयें। उनके दिमाग में देश की तरक्की का एक स्पष्ट खाका हो। वे जातिवादी और धर्मावलम्बी न हो। प्रतिनिधित्व हर वर्ग और क्षेत्र से हो। चुनाव आयोग प्रत्याशियों के लिए कुछ अनिवार्य अहताएं निर्धारित करे जैसे उनकी सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका, लोगों के बीच उनका व्यवहार, शैक्षिक स्तर, व्यवसाय और संपत्ति का विवरण, विषय विशेषज्ञता और देश के विकास का स्पष्ट ढांचा उनके दिलोदिमाग हो। एक और जरूरी सुधार की ज्वलंत आवश्यकता है, वह है सामूहिक जिम्मेदारी कानून की जो सामाजिक-आर्थिक और राजनैतिक खामियों सामूहिक जिम्मेदारी के तहत नियंत्रण करेगा। उदाहरण के लिए किसी भी विभाग या संस्थान या संस्थाओं कोई बड़ा घोटाला, भ्रष्टाचार, या

**हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र जरूर हैं पर कई क्षेत्रों में जो खुशहाली का खाका बनाते है अर्थात खुशहाली सूचकांक में हमसे छोटे देश जैसे 149 देशों की सूची में बांग्लादेश 101वें, नेपाल 87वें, पाकिस्तान 105वें और श्रीलंका 129वें स्थान पर होकर जैसे छोटे कम आयु वाले देश हमसे आगे हैं।**

संवैधानिक अनियमता होती है तो उस संस्था के सभी लोग जिम्मेदार होंगे। इससे सबकी जवाबदेही होगी तो सब कुछ पारदर्शी होगा। इस कानून को बनाते वक्त हमे काफी सावधानी बरतनी होगी ताकि नागरिकों के मौलिक अधिकार भी सुरक्षित रहे। किसी की कोई भी विचारधारा हो पर वह देश के सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक ताने बाने को प्रभावित न करे। सभी प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ें ताकि महानायकत्व और पार्टी का प्रभाव न रहे। जनता खुद प्रत्याशी चुने और उन्ही प्रत्याशियों को चुन कर जनता लोकसभा और विधान सभाओं में भेजे। सभी निर्दलीय प्रतिनिधि मिल कर सदन के नेता को सर्वसम्मत या मतदान द्वारा चुनें। सदन का नेता उन्ही प्रतिनिधियों के बीच से हो, विभागों की जरूरत के हिसाब से मंत्रियों का चयन करें?। प्रधानमंत्री की तरह ही सदन नेता प्रतिपक्ष का चुनाव करे और नेता प्रतिपक्ष एक समानंतर कैबिनेट बनाये जो सकारात्मक कार्यों में सरकार का सहयोग करे और सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करे और उसके विकल्प भी पेश करे। जनप्रतिनिधियों को सुविधाओं के नाम पर सिर्फ उनके निजी जरूरतों जैसे आवास, भोजन, ट्रांसपोर्ट आदि के अतिरिक्त कुछ आकस्मिक खर्च के धन की व्यवस्था की जाए। स्पीकर का चुनाव भी मतदान द्वारा सदन करे। यदि सर्व सम्मत से नेता सदन चुना जाता है तब तो हमे नेता प्रतिपक्ष चुनना होगा वरना हारा हुआ प्रतिद्वंद्वी ही नेता प्रतिपक्ष होगा और उसके समर्थक उसके साथ होंगे जो सत्ता पक्ष अर्थात सरकार पर अंकुश रखेगे। इस प्रकार स्वाभाविक रूप से सदन सत्ता पक्ष और विपक्ष दलों में बंट जायेगा।

जब हम बार बार यह कहते हैं कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देश हित में सोचना चाहिए तो उसका यही तरीका सर्वोत्तम विकल्प हो सकता है। चुनाव आयोग और न्यायपालिका एकदम स्वतंत्र और निष्पक्ष हों और सरकार के अधीन काम न करें। चीन की तरह हम देश की बहुराष्ट्रीय कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर देश की अर्थव्यस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है जैसे नेहरू जी टाटा एयरलाइंस का राष्ट्रीयकरण किया था। नौकरशाहों, नेताओं और पूंजीपतियों की आय से अधिक समाप्ति जब्त कर व्यापक स्तर पर छोटे, मझोले और बड़े उद्योगों के जरिये उत्पादन और रोजगार सृजित किये जा सकता। सरकार को देश में शिक्षा और स्वास्थ्य का राष्ट्रीयकरण सभी नागरिकों को स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध करानी चाहिए।

देश की जरुरत के मुताबिक और निर्यात बढाने की दृष्टि से शिक्षा का ढांचा खड़ा करना चाहिए। देश के समाजवादी विकास का ढांचा हमें संविधान की नौवी सूची में डाल कर सुरक्षित कर लेना चाहिए ताकि कोई बहुमत की सरकर देश की धन संपदा का सौदा पूंजीपतियों के हाथों न कर सके। विगत आठ सालों में देश आर्थिक रूप से खोखला हुआ है और देशी और विदेशी कर्ज में डूबा हुआ है। भारत को खुशहाल बनाने के लिए देश के मौजूदा राजनैतिक ढाँचे को बदलना होगा। सरकार बदलने से नहीं व्यावस्था बदलने दे देश खुशहाल होगा ?।

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94155 68836)**

# अपने समय में होने का एहसास कराती हैं पत्रिकाएं

**2022: एक दृष्टि**



**अवनीश यादव**

पत्रिकाएं लेखक और पाठक के बीच संवाद का रिश्ता कायम करती हैं। इन संवादों में संवेदनशीलता, जिज्ञासा, अपने समय की रचनाशीलता और समाज के सरोकारों की गहरी शिनाख्त होती है कहना ही होगा कि बढ़ते टेक्नोलॉजी के युग में आज जब चौतरफा जरूरी सवाल के लिए संवाद के अधिकांश रास्ते उत्तरोत्तर घटते जा रहे हों ,ऐसे में संस्थान, प्रतिष्ठान और अनुदान से दूर, जुनून और हौसले की मिशाल बनी लघु पत्रिकाएं अपना सरोकार बखूबी निभा रहीं हैं; बगैर किसी आश्रय की कामना के साथइसके पीछे केवल अपने समय के जरूरी सवाल - संवाद की अनुगूंज और जागरूक पाठकों की शक्ति ही है। अपने इसी शक्ति और लय के साथ गतिमान वर्ष 2022की कुछ महत्वपूर्ण लघु पत्रिकाएं, जो पाठकों के बीच अपनी एक खास जगह बना सकीं ,गौरतलब हैं।

महत्वपूर्ण सामग्री और संख्या के लिहाज से भी पाठकों तक अपनी अधिक उपस्थिति दर्ज. कराने वाली, दिल्ली से कथालोचक पल्लव के संपादन में प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'बनास जन' पाठकों के बीच काफी चर्चा में रही। इसके प्रकाशित अंकों में मसलन कहानी का वर्तमान, बस्तर कथा, कथेतर का समय, अलविदा शेखर जोशी, पुण्य स्मरण कविवर त्रिलोचन, मध्यकालीन आख्यान, उपन्यासों का समय आदि संग्रहणीय बन पड़े हैंपल्लव एक मिशन के तौर पर काम कर रहे हैं। 'कहानी का वर्तमान' अंक में इनके संपादकीय का एक अंश देखिए जो इन्हें पत्रिका को निर्बाध गति से गतिमान बनाए रखने के पीछे की जरूरी जिज्ञासा को समझने के लिए पर्याप्त होगा -,'नए रचनाकारों का स्वागत होना ही चाहिए, जिन्होंने हिंसा और आतंक के दिनों में भी शब्द का रास्ता चुना है।' प्रयाग से हितेश कुमार सिंह के संपादन में निकलने वाली पत्रिका 'प्रयाग- पथ' का ताजा अंक ऊर्जा और ओज के कवि रामधारी सिंह दिनकर पर केंद्रित रहा। मुख्यता दिनकर की काव्य कृतियों पर गंभीर लेख संकलित हैं। भारत भारद्वाज, राजेंद्र कुमार, कुमार वीरेंद्र, कृष्णमोहन आदि विद्वानों के लेख विशेष महत्व के हैं। रोहिणी अग्रवाल का लेख अब तक की उर्वशी की परंपरागत अर्थ सरंचना को प्रश्नांकित करता है। इलाहाबाद से ही कवि संतोष कुमार चतुर्वेदी के संपादन में निकलने वाली पत्रिका अनहद का गांधी विशेषांक अपने अन्य अंको भांति ही चर्चा में रहा। 648 पृष्ठों का यह विशेषांक सामग्री के लिहाज से काफी समृद्ध रहा। इसमें कई नए पहलुओं पर विद्वानों के लेख नई दृष्टि देते हैं। बकौल संपादक, असहयोग आन्दोलन का यह शताब्दी वर्ष है जिसे याद करते हुए हमने यह अंक गांधी पर केंद्रित किया है।'

विगत वर्ष में जहां सरस्वती का पुनः प्रकाशन हिंदी पाठकों के लिए सुखद रहा उससे भी अधिक खुशी की बात यह कि चर्चित एक्टिविस्ट ,साहित्यप्रेमी संजय श्रीवास्तव के कुशल संपादन में 'वर्तमान साहित्य' पत्रिका का पुनः प्रकाशन होना। प्रायः संजय श्रीवास्तव पर यह आरोप लगता रहा ये केवल मंचों से बोलते भर हैं, लिखते नहीं। वर्तमान साहित्य के प्रत्येक अंक की गंभीर संपादकीय इसका मुकम्मल जवाब है। मार्च अंक की संपादकीय जहां वर्तमान साहित्य के अतीत और वर्तमान के गाथा को ब्यंजित कर रहा है तो सितंबर -अक्टूबर अंक की संपादकीय साहित्य की नव प्रतिभा पर केंद्रित, जिसे संजय जी किसी भी दृष्टिकोण से कमतर नहीं आंकते। उनकी दृष्टि में,'सूचना की व्यापकता के कारण नए उन्मेष में संधान की गहराई ज्यादा लक्षित की जा सकती है।' अप्रैल अंक की संपादकीय काबिलेगौर है पूरे तीन पृष्ठ में महज तीन वाक्य जो अपने समय के मौजूदा चेहरे को बखूबी दर्ज.कर रहा है। जिसे एक जिम्मेदार नागरिक की संवेदनशीलता के तौर पर देखा, पढ़ा जा सकता है। इसका ताजा अंक नवजागरण कालीन स्त्री कविता विशेषांक रहा, जिसके अतिथि संपादक सुजीत कुमार सिंह। संपादकीय और सामग्री के लिहाज से इसके सभी अंक अनूठे रहें। इन दो पत्रिकाओं के अतिरिक्त इस वर्ष लोकतांत्रिक मूल्यों को संजोने के क्रम में युवा कथाकार कुणाल सिंह के संपादन में 'वनमाली कथा' और बागी बलिया की माटी से आशीष त्रिवेदी के संपादन में 'संकल्प सृजन' का प्रकाशन हिंदी समाज के लिए सुखद है। दोनों पत्रिकाएं तेजी से अपनी तरफ पाठकों का ध्यान खींचने में समर्थ रहीं। वनमाली कथा का नवंबर -दिसंबर (संयुक्तांक )नवलेखन विशेषांक रहा, जिसमें कई नये कलमकारों की पहली रचना आश्वस्त करती हैं। बहरहाल, दिल्ली से प्रकाशित होने वाली जनवादी लेखक संघ की पत्रिका नया पथ का जनवरी -जून अंक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लेखक और चिंतक एजाज अहमद की स्मृतियों को संजोए रहा और जुलाई- सितंबर अंक को जयपुर में सम्पन्न जनवादी लेखक संघ के दसवें राष्ट्रीय सम्मेलन का दस्तावेजी अंक कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त इस अंक में प्रकाशित समीक्षाएं महत्वपूर्ण रहीं। ऋत्विक भारतीय के अतिथि संपादन में प्रकाशित पत्रिका 'संवेद' का फरवरी अंक साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत चर्चित लेखिका अनामिका जी पर केंद्रित रहा। ए. अरविंदाक्षन, जितेंद्र श्रीवास्तव, राजेश जोशी, राधावल्लभ त्रिपाठी , मृदुला गर्ग का लेख और मदन कश्यप, ममता कालिया आदि की टिप्पणी इस अंक की मजबूती रही कवि आलोक धन्वा की टिप्पणी ,अनामिका अपनी रचनाओं से मानवीय गरिमा को समृद्ध करती रही हैं।'


खासकर अहिंदी प्रदेश से हिंदी की पत्रिका का निकलना कड़ी धूप में छतनार पेड़ की छांव जैसा सुकूं देता है। आलोचक पी. रवि. के संपादन में केरल से निकलने वाली साहित्य की गंभीर पत्रिका 'जन विकल्प' इसी अनुभूति की प्रतिफलन है। इस वर्ष का प्रकाशित अंक समकालीन लंबी कविताओं पर केंद्रित रहा, जिसमें केदारनाथ सिंह की लंबी कविता बाघ से लेकर युवा कवि निशांत की लंबी कविता फिलहाल सांप पर गहन विश्लेषण युवा और वरिष्ठ आलोचकों ने प्रस्तुत किया है। अंक संग्रहणीय बन पड़ा है। दिल्ली से प्रकाशित संपादक शंकर जी की पत्रिका 'परिकथा' इस वर्ष पाठकों तक अपने समय और समाज की परिक्रमा का 100वा अंक प्रस्तुत कर सक्रिय उपस्थिति दर्ज. की। निश्चित ही यह लघु- पत्रिका के सर्जनात्मक प्रयास की बडी घटना कही जा सकती है हरिनारायण जी के संपादन में निकलने वाली साहित्य, संस्कृति और कला का समग्र मासिक कथादेश का अप्रैल अंक स्त्रीलेखन और दिसंबर अंक कथाकार- चित्रकार प्रभु जोशी पर एकाग्र रहो नवंबर अंक में स्मृति शेष में कथाकार शेखर जोशी के रचनात्मक अवदान पर लिखते हुए नवीन जोशी ने श्रम के सम्मान और शिल्प के सौंदर्य के कथाकार कहा,जिसमें उनकी रचनात्मकता, उनका संघर्ष, दर्द और उनकी खुशी को साझा किया है। दिल्ली से कवि राकेश रेणु के संपादन में निकलने वाली प्रकाशन विभाग की पत्रिका , आजकल का नवंबर अंक वरिष्ठ लेखिका ममता कालिया पर विशेष रहा, जिसमें ममता जी पर रोहिणी अग्रवाल का लेख और मनोज मोहन का साक्षात्कार विशेष महत्व का है। बकौल रोहिणी अग्रवाल, अच्छा है कि ममता कालिया बड़ी रेंज के प्रलोभन में अपनी जमीन नहीं छोड़ती।' खैर, इसका दिसंबर अंक शताब्दी स्मरणः मदन वात्सायन पर विशेष रहा। इसी अंक में उर्दू कामायनी पर अब्दुल बिस्मिल्लाह का लेख विशेष पठनीय रहा, हिंदी की कामायनी का टी. एन. श्रीवास्तव द्वारा उर्दू में अनुवाद हिन्दी पाठकों के लिए रोचक और बड़ी घटना रही, जिसमें कुछ पंक्तियों के अर्थ में आए नवता और प्राचीनता का उल्लेख किया गया है।

वरिष्ठ पत्रकार गोपाल रंजन के संपादन में दिल्ली से प्रकाशित पत्रिका सृजन सरोकार का इस वर्ष का अंक सामान्य रहा। इस अंक में वरिष्ठ कवि- आलोचक राजेंद्र कुमार और वरिष्ठ कवि- संपादक सुभाष राय जी से क्रमशः आशुतोष सिंह और नीरज कुमार मिश्र की गंभीर बातचीत शामिल रही। लोकधर्मी आलोचक चौथीराम यादव पर राम बचन का लेख पठनीय रहा। नोएडा से अपूर्व जोशी के संपादन निकलने वाली पत्रिका पाखी को उनकी नई संपादकीय टीम ने और गति दिया है। बनारस से कवि - आलोचक सदानंद साही की पत्रिका साखी का रचनाकार अनामिका और कवि रहीम पर केंद्रित अंक चर्चित रहा। पत्रिका हंस का संजीव कुमार के अतिथि संपादन में आये आजादी के 75वर्ष पर केंद्रित अंक संजोने योग्य रहा, जिसमें रामचंद गुहा, वीरेंद्र यादव, गोपाल प्रधान आदि के लेख बेहद पठनीय रहे। आलोचक शंभुनाथ के संपादन में भाषा परिषद कोलकाता की पत्रिका वागर्थ के प्रत्येक अंक पूर्व की भांति ही परिचर्चा और संपादकीय के लिहाज संग्रहणीय रहें। सामग्री की गंभीरता के संबंध में यही बात कथाकार अखिलेश की पत्रिका तद्भव के संदर्भ में भी कही जा सकती है। बहरहाल, अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद इलाहाबाद से रामजी राय की पत्रिका समकालीन जनमत और पलामू जैसी छोटी जगहों से बेहद कम संसाधनों के बूते शिवशंकर के संपादन में निकलने वाली मासिक पत्रिका सुबह की धूप के साहित्यिक और राजनीतिक त्वरा और तेवर को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। साहित्य की केंद्रीय धुरी से दूर औरंगाबाद, बिहार से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'समकालीन जवाबदेही ' का हाल ही में आलोचक कुमार वीरेंद्र के अतिथि संपादन में आये लोक- संस्कृति अंक का स्वागत होना ही चाहिए।

**(युवा समीक्षक और शोधार्थी, हिंदी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मो.9598677625)**

## व्यंग्य

### नये साल में फेसबुक कम बुक ज्यादा



**सुरेश सौरभ**

नए साल पर मैंने प्रण किया है कि मैं फेसबुक कम चलाऊँगा और बुक पर अपनी निगाहें अधिक खर्च करूंगा। फेसबुक कम चलाने की वजह यह है कि फेसबुक चलाते-चलाते मेरी आंखें कमजोर होने लगीं हैं। बरसों से फेसबुक चलाते-चलाते तमाम नाजनीनों के फेस देखते-देखते यह नौबत मेरे सिर पर साया हुई है, जो समय मैं नाजनीनों के नृत्य, गायन, उनकी कमनीय काया को फेसबुक पर देखते-देखते बिताते रहा, अगर वही समय पैसा कमाने में लगाता तो अडानी अंबानी के लेवल का जरूर बन जाता। फिर तमाम-नेता मंत्री मेरी चरण वंदना या गुणगान करते हुए फिरते और दुनिया भर का यश अपने चौखटे पर लटकता फिरता। और अपने चौखटे की वैलू वैश्विक स्तर की होती।

फेसबुक की बहन व्हाट्सएप्प, चचेरा भाई ट्वीटर और इन सबकी अम्मा ऐसी-वैसी तमाम वेबसाइडों का मैं इस कदर दीवाना हुआ कि नौबत यहाँ तक आ गई कि हमेशा ऑफिस में लेट हो जाया करता था। बॉस की झाड़ हमेशा मेरे पीछे किसी जिन्द-पिशाच की तरह पड़ी रहती थी।

हमेशा मोबाइल, मैं ऐसे अपनी आँखों से चिपकाए रहता था, जैसे कोई बंदरिया अपने नवजात बच्चे को अपने कलेजे से चिपकाये रहती। मेरी इस नजाकत को देख, अक्सर पत्नी कहती-हमेशा मोबाइल में घुसे रहो। ऐसा लगता है यह मोबाइल नहीं समुद्र मंथन से निकला वह अमृत कलश है जिसे हर समय अपने मुँह पर औंधाए रखते हो। पत्नी कभी-कभी इतनी आग-बगूला हो जाती कि हालात और हमारे रिश्ते भारत-पाक जैसे बेहद तनावपूर्ण, नाजुक और संवेनशील हो जाया करते। फिर नौबत भयानक युद्ध जैसी खतरे की बन जाती। मगर मेरी इमोशन गुलाटियों की वजह.से द्वन्द युद्ध होते-होते टल जाता। फिर इसके लिए मैं ढकवा के जिन्द बाबा और ब्रह्म बाबा को प्रसाद चढ़ा आता। पर बकरे की माँ कब तक तक खैर मनायेगी, मेरी आंखें की जलन और सिर की पीड़ा बढ़ती गयी। तमाम अर्थिक और सामाजिक संबंधों का नुकसान होने लगा और तो और पत्नी को कम समय देने के कारण, वह मोबाइल को अपनी सौत और मुझे उसका गुलाम तक बताने लगी है। मित्रों यह दशा फेसबुक पर समय खपाने के कारण हुआ है।

मेरे जैसे कई सरकारी भले मनुषों को यह फेसबुक अपना शिकार बनाता जा रहा है। थोड़ा काम, फिर फेसबुक, फिर काम फिर फेसबुक, जो समय पब्लिक के काम का होता है, उस समय, कोई नाच में पड़ा है, कोई नंगई के खेलों में पड़ा है, कोई फालतू की टिप्पणियों में पड़ा है, कोई अपने यूट्यूब के पंचर में पड़ा है, कोई अपने लौंड़े के टपोरी मर्का डान्स के प्रमोशन में पड़ा है। कोई लंफगई-लुच्चई के वीडियों पब्लिक का काम छोड़ कर ऐसे देख रहा है, जैसे कुछ समय पहले कुछ माननीय विधानसभा में देख रहे थे। मेरी सरकार से गुजारिश है, बढ़ रहे सोशल मीडिया की इस लती महामारी से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी बनाए। इसके समूल उन्मूलन के लिए उस कार्यकारिणी का अध्यक्ष अमित मालवीय को बनाए। जिससे तमाम सरकारी काम बाधित न हो, जनता काम न रूके। विकास पंख लगाकर फर-फर उड़ता रहे। नाले से गैस धड़-धड़ बनती रहे। दरअसल मेरा बेटा, मेरी बेटी इस्ट्राग्राम के दीवाने होते जा रहे है। यानी दुनिवायी विषैला प्रदूषण मेरे घर में भी सोशल मीडिया के जरिए घुसने लगा है, इसलिए इसका विरोध करना भी मेरी मजबूरी बन गयी है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क-7376236066)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# नव वर्ष पर मां दक्षिणमुखी देवी का हुआ शृंगार

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। समाजसेवा और लोगों की मदद वही कर सकता है जिसके दिल में ऐसे लोगों के प्रति संवेदना हो। साथ ही देवी देवता और पूजा पाठ में विश्वास रखने वाला हो। ऐसे ही नगर के समाजसेवी ऋत्विक जायसवाल की चर्चाएं जनपद में खूब हो रही है। किसी की मदद हो या उसके दुख में शामिल होने का जज्बा जो उनके दिल में है वह किसी से छिपा नहीं है।

वर्ष 2022 की विदाई के दिन शनिवार को युवा समाजसेवी ऋत्विक जायसवाल नगर के प्रसिद्ध चैक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर पहुंचे और वहां के पुजारी शरद मिश्रा से मिल कर जनपद में सुख शांति के लिए पूजा अर्चना की और देवी मां का श्रृंगार कराया।



देवी मां का श्रृंगार करने जाते समाजसेवी ऋत्विक जायसवाल।

इस कार्य के पीछे उनका मकसद था कि वर्ष 2022 की विदाई के बाद आने वाले 2023 में देवी मां की कृपा उनके सहित जनपद वासियों पर बरसती रहे और जनपद में सुख शांति और अमन चैन का माहौल बना रहे। साथ ही मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने जनपद वासियों की सुख शांति की कामना किया।

### पूजन अर्चन कर की सुख समृद्धि की कामना

रानीकीसराय (आजमगढ़)। नव वर्ष की सुबह पर क्षेत्र के अवंतिकापुरी आवंक में लोगो ने सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। राजा जन्मेजय की नाग यज्ञ भूमि पर स्थित 84 बीघे के सरोवर में यूं तो वर्ष में दो बार स्नान मेला लगता है परंतु नये वर्ष के शुभारंभ पर रविवार को भी कड़ाके की ठंड के बीच लोग पहुंचे। सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजन अर्चन किया। लोगो ने सुख समृद्धि के लिए कामना की। मंदिर समिति के मुखराम गुप्त, अरुण विश्वकर्मा, गुलाबचंद, अजय कुमार आदि व्यवस्था संचालन में लगे रहे।

# चोरी की मोटर साइकिल बेचने वाले दो गिरफ्तार

## तमंचा, कारतूस बरामद

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। थाना निजामाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटर साइकिल को धोखाधड़ी से बेचने वाले 2 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

निजामाबाद पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में चेकिंग हेतु शेरपुर तिराहा पर मौजूद थी। इसी दौरान दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल से सोफीपुर की तरफ से आ रहे थे। पुलिस वालो को देखकर वापस मुड़कर भागना चाहे। संदेह होने पर घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमशः चालक अजय यादव पुत्र पत्तु यादव निवासी ग्राम जमीनबारी थाना निजामाबाद तथा पीछे बैठे हुए व्यक्ति ने अपना नाम मो.सेराज पुत्र रुस्तम शाह निवासी कुजियारी थाना निजामाबाद बताया। कड़ाई से पूछताछ में मो.सेराज ने बताया कि मेरे पास नाजायज तमंचा व कारतूस तथा यह मोटर साईकिल भी चोरी की है।

अजय यादव के पास से बरामद मोटर साइकिल के बारे मे पूछा गया तो बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है जिस पर मैं गलत नम्बर प्लेट लगाकर काफी दिन से चला रहा हूं। बरामद मोटर साइकिल का भौतिक सत्यापन ई-चलान एप के माध्यम से करने पर पता चला कि मोटरसाइकिल स्वामी का नाम चांदनी राजभर पुत्री राजकुमार राजभर निवासी खल्लोपुर गम्भीरपुर थाना जहानागंज है।

अभियुक्तों ने बताया कि अलग अलग स्थानों से मोटर साईकिल चुराकर बेचते हैं। चन्दाभारी सरकारी स्कूल के पीछे नदी के किनारे झाड़ियों में तीन मोटर साईकिल और बरामद करायी। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

# विधानसभा में उठाया जायेगा अजमतगढ़ का मामलाः हवलदार



मृतक के परिजनों से मिलने जाते सपा के लोग।

अंजानशहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अजमतगढ़ के गुरु गोविंद नगर मोहल्ला निवासी फिरोज अहमद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद पीड़ित परिवार के घर राजनीतिक पार्टियों का आना जाना लगा हुआ है। रविवार को सपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, मुबारकपुर विधायक अखिलेश कुमार यादव, गोपालपुर विधायक नफीस अहमद, सगड़ी विधायक एचएन पटेल, पीड़ित के परिजनों से मिले और न्याय का भरोसा दिलाया। निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि यहां के लोगों ने हमें अवगत कराया कि अब तक क्या कार्रवाई हुई है। परिजनों के आरोप और जो कार्रवाई हुई है उससे तालमेल नहीं बैठ रहा है। पुलिस द्वारा तथ्य छुपाया जा रहा है। घटना कुछ और है परिजनों पर दबाव देकर एफआईआर कुछ और लिखाई गई है। इन सब बातों का हम लोग अध्ययन कर रहे हैं। इसमें कहीं न कहीं पुलिस का रोल दिखाई दे रहा है। पुलिस अधीक्षक और वकील से इस पर वार्ता करेंगे। अगर जरूरत पड़ेगी तो डीआईजी से भी बात करेंगे। अगर इन लोगों से बात नहीं बनेगी तो इस बात को हम शासन स्तर पर ले जाएंगे और उसका मुद्दा विधानसभा में उठाया जाएगा। समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को आगे भी लड़ेगी। निश्चित तौर पर यह घटना बड़ी घटना है। परिजनों को जो भी मदद होगी वह मदद दी जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

फरिहा (आजमगढ़)। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मोहम्मदपुर रोड पर स्थित देशी शराब की दुकान के बगल में नाला हैं जिसमें पानी भरा हुआ था। नाले में.गिर कर युवक पड़ा हुआ था। सुबह के समय आसपास के लोगों ने देखा तों इसकी सूचना फरिहा पुलिस चैकी को दिया। फरिहा चैकी इंचार्ज सुल्तान सिंह मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकालकर शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान फरिहा ग्राम निवासी शोएब अहमद 40 वर्ष पुत्र स्व.अनवर अली के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की दो शादियां हुईं थीं लेकिन दोनों औरतें छोड़ कर चलीं गयी थीं। मृतक का एक बड़ा भाई है जो अलग रहता है। मृतक की माली हालत ठीक नहीं थी। वह किसी तरह से मजदूरी कर-के जीवन यापन करता था।

# एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मृतक के परिजनों से मिले

**सांत्वना**

**पुलिस पर साधा निशाना, कहा पुलिस ने आरोपियों को बचा लिया**

**बीजेपी पर भी जमकर साधा निशाना**

जनसंदेश न्यूज



मृतक के परिजनों से वार्ता करते एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली।

अंजान शहीद (आजमगढ़)। नगर पंचायत अजमतगढ़ के गुरु गोविंद नगर मोहल्ले में शनिवार को मंदिर परिसर में फिरोज अहमद का शव मिलने पर सनसनी फैल गई थी। लोगों ने जमकर हंगामा किया और पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने ही फिरोज को बुरी तरह से मारा पीटा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई। रविवार की शाम एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली मृतक के घर परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को इंसाफ दिलाने का का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि परिजन इस कार्रवाई से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस इस घटना में लीपापोती कर रही है। इस घटना में दोषियों को पूरी तरह से बचाया गया है। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण कोई स्पष्ट नहीं आया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस फिरोज को अपने साथ ले गई थी। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि बीजेपी मुसलमानों की हितैषी नहीं है। इस सरकार में इंसाफ मिलने की उम्मीद नहीं है। जबकि बीजेपी सबका साथ सबका विकास विकास की बात करती है। सामने निकाय चुनाव है इसलिए बीजेपी इस तरह का कार्ड खेल रही है। बुलडोजर से घर गिराये जा रहे हैं। कानून और अदालत का कुछ मतलब नहीं रह गया है। गुंडों क्रिमिनल को बचाया जा रहा है। गरीबों पर जुल्म हो रहा है। परिवार चाहता है कि इंसाफ मिले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। जबकि पुलिस ने अपने लोगों को बचा लिया है। परिवार जैसी मदद चाहेगा पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। हम लोग पुलिस अधीक्षक से मिलकर वार्ता करेंगे।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में बीटी पैलेस रही विजेता

**खेल**

**वेलकम गारमेंट्स की टीम को 21-4 से किया पराजित**

जनसंदेश न्यूज

लालगंज (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कटौली कलां गांव में शनिवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में बिसहम आजमगढ़ की बीटी पैलेस की टीम ने फाइनल मुकाबला जीत लिया।

मैच का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद अरशद बैरीडीह ने किया। उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव के लिए खेल बहुत उपयोगी होते हैं। एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल के सहायक प्रबंधक फैजान अहमद के संरक्षण में आयोजित इस टूनार्मेंट का सिराज अहमद व सरफराज अहमद ने आयोजित किया। टूनार्मेंट का फाइनल मैच देर रात खेला गया जिसमें बीटी पैलेस बिसहम की टीम ने वेलकम गारमेंट्स लालगंज की टीम को 21-4 से पराजित कर फाइनल मैच जीत लिया। विनर ट्रॉफी पूर्व वॉलीबाल खिलाड़ी शहजाद अहमद और रनर ट्रॉफी समाजसेवी अबूसाद के हाथों प्रदान की गई।



विजयी टीम को पुरस्कार देते आयोजक मंडल के सदस्य।

कमेंट्री हारिस, साकिब और विजय सिंह ने की। टूनार्मेंट में बीटी पैलेस बिसहम, एवर क्लीन ऑटोमेटिक लॉन्ड्री लालगंज, एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल बनारपुर, कटौली व बैरीडीह सहित रायबरेली की टीमों ने भाग लिया। मैन ऑफ द फाइनल मैच का पुरस्कार नितिन बाहुबली और मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब रॉबिन बालियान को प्रदान किया गया। वेलकम गारमेंट्स लालगंज के शाहरुख को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। शारिक और विजय सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ पूर्व खिलाड़ियों व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण का संचालन स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एहतेशाम अहमद ने किया। इस मौके पर मुहम्मद जैद, मुहम्मद ताहिर, अतीक अहमद, मुहम्मद आमिर, रेहान, फरहान एडवोकेट, बिलाल, मसरूर अहमद, मुआविया, सैफ, ओसामा, मुहम्मद कासिम उर्फ टाइगर आदि मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में सिपाही की मौत

जनसंदेश न्यूज

मोहम्मदपुर (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गंभीरपुर बाजार की घटना के बाद पुलिस घायल सन्तोष सिपाही को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद मोहम्मदपुर लेकर गयी जहां पर डाक्टरों ने सन्तोष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संतोष तिवारी के पिता स्व.दयाशंकर तिवारी भी पुलिस में ही थे उनकी मृत्यु के बाद संतोष को मृतक आश्रित में नौकरी मिली थी। मृतक संतोष तिवारी तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक के पास एक पुत्र कुणाल 7 वर्ष व एक पुत्री कनक 3 वर्ष है। मृतक की पत्नी रिंकी तिवारी व मां मनोरमा तिवारी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के भाई कन्हैया तिवारी ने अज्ञात वाहन के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# विधायक ने फीता काटकर किया क्रिकेट मैच का उद्घाटन



फीता काटकर मैच का उद्घाटन करते विधायक बेचई सरोज।

लालगंज (आजमगढ़)। स्थानीय विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय खनियरा में सर्व शिक्षा अभियान छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक बेचई सरोज व प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित, पुष्प अर्पित व फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बेचई सरोज ने क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इससे बच्चों के मन व मस्तिष्क के साथ साथ शारीरिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियो का परिचय के साथ प्रथम मैच के तेन्दुलकर टीम व रोहित टीम के कप्तानो के साथ टास कराकर खेल शुरू कराया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए संजीव सिंह ग्यारह सौ रुपया, अमर बहादुर सिंह एक हजार रुपया व विनय सिंह ने एक हजार रुपया दिया। इस अवसर पर विनय सिंह, डा.अमरेश मिश्र, अमर बहादुर सिंह, साधना सिंह, सारिका सिंह, संगीता सिंह, प्रमोद कुमार, सुशील यादव, विनय यादव, तेज वहादुर यादव, बबलू प्रसाद, संजीव सिंह, राजेश राम, राजकुमार, सिद्धार्थ सिंह, दिनेश यादव, अंकिता सिंह, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# हीराबेन की मौत से अभिभावक महासंघ मर्माहत

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी हीराबेन मोदी के निधन से उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ मर्माहत है। इसी को लेकर रविवार को नगर के एलवल स्थित वीरेन्द्र सिंह जी के आवास पर श्रद्धाजंलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए महासंघ ने शोक जताया।

श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए गोविन्द दुबे ने कहा कि गुजरात के गांधी नगर में एक साधारण परिवारिक पृष्ठभूमि से अपने पुत्र को निकाल कर देश सेवा का जज्बा भरने वाली मातृशक्ति के संघर्ष को शब्दों में रेखांकित किया जाना असंभव है।

मां हीराबेन एक असाधारण महिला थी। उन्होंने अनेक बलिदान देकर अपने पुत्र में आत्मविश्वास, मन एवं व्यक्तित्व का विशेष आकार दिया। माता हीराबेन भारत की मातृशक्ति की प्रतीक और तत्पस्या, बलिदान, योगदान की प्रतिमूर्ति थी। देश के पीएम की मां होने के बावजूद उन्होंने कभी किसी तरह का सरकारी सुख न लेने की दृढ़ प्रतिज्ञा को हर राजनीतिक परिवार को सीख लेने चाहिए। उनके निधन से अभिभावक महासंघ मर्माहत है और इस दुख की घड़ी में पीएम के साथ खड़ा है। अंत में दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करके मातृशक्ति की प्रतिमूर्ति को नमन किया गया।

श्रद्धाजंलि देने वालों में राकेश राय, युधिष्ठिर दूबे, पवन पांडेय, अरुण चैरसिया, सुजीत मिश्रा, राजू सोनकर, कुलदीप मौर्य, अमित राय, अनिल तिवारी, संदीप पांडेय, भानु सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, अमर यादव, अरविंद चित्रांश, राज कमल सिंह, अम्बरीष पांडेय, सुदेश अग्रवाल, शक्ति श्रीवास्तव, राकेश मौर्य, सुभाष यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, अजय राय, संतोष सोनकर, कन्हैया यादव आदि शामिल हैं।



हीराबेन को श्रद्धांजलि देते अभिभावक महासंघ के सदस्य।



अग्रवाल धर्मशाला में श्रद्धांजलि देते व्यापारी।

# व्यापारियों ने दी पीएम मोदी की मां को श्रद्धांजलि

**याद**

**अग्रवाल धर्मशाला में हुई शोक सभा**

आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर व्यापार मण्डल एवं स्वर्ण समाज सरार्फा एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से पुरानी कोतवाली स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष पद्माकर लाल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने हीराबेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया एवं दो मिनट का मौन रख गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

जिलाध्यक्ष पद्माकर लाल वर्मा ने कहा कि एक मां का निधन किसी भी व्यक्ति के जीवन में शून्यता लाता है, जिसकी भरपाई असंभव है। उन्होने उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन संघर्षों का सामना करते हुए परिवार का पालन पोषण किया वो सभी के लिए एक आदर्श हैं। सुआल प्रसाद गोंड ने कहा कि उनका राष्ट्र के प्रति प्यार और आदर जग जाहिर है, उनका स्थान कोई नहीं भर पाएगा। अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि हीरा बेन का जीवन संघर्षपूर्ण रहा। इस दुख की घड़ी में हम सभी प्रधानमंत्री के साथ हैं। मनोज बर्नवाल ने कहा कि हीरा बेन का कर्मयोगी जीवन हम सबको प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धाजंलि देने वालों में विवेकानन्द सिंह, पवन अग्रवाल, सूरज सेठ, श्रीनाथ सेठ, छेदी सेठ, सन्तोष सेठ, जयप्रकाश सेठ, प्रकाश सेठ, मोनू सेठ, इन्द्रेश वर्मा, बच्चन सोनक, अनिल सेठ, महेश सेठ, अनिल शुक्ला, कैलाश गोंड, श्याम नारायण सेठ, गौतम सेठ, राजेश वर्मा, कुबेर सेठ, अभिषेक वर्मा, विरेन्द्रसेठ, शालू सेठ, गजेन्द्र वर्मा आदि शामिल हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गयी भावभीनी विदाई

रानीकीसराय (आजमगढ़)। कृषि महाविद्यालय कोटवा में महाविद्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत राधेश्याम सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने कार्यकाल में विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवायें प्रदान की हैं जिसमें पशु चिकित्सा विज्ञान कुमारगंज, कृषि विज्ञान केन्द्र मऊ, कृषि विज्ञान केन्द्र सोनभद्र, कृषि विज्ञान केन्द्र आजमगढ़ एवं कृषि महाविद्यालय कोटवा थी। अपने पूरे कार्यकाल में इनको दो बार निदेशक प्रसार द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस तरह इन्होंने पूरे 32 वर्ष विश्वविद्यालय को प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ.विनीत प्रताप सिंह ने उनके जीवन के बारे मे सभी को अवगत कराया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने राधेश्याम को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने राधेश्याम के साथ अपने अनुभव को भी बताया और कहा कि महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में उनका योगदान सराहनीय है। राधेश्याम ने अपने कार्यकाल के दौरान का अनुभव भी साझा किया। इस अवसर डॉ.रेनू गंगवार आदि उपस्थित रहीं।

## संक्षेप

### यूरिया के लिए डीएम से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल



आजमगढ़। जनपद के किसानों को समुचित मात्रा में यूरिया उपलब्ध न होने, धान क्रय केंद्रों की अनियमितता सहित अन्य समस्याओं के संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सहकारी समितियों द्वारा किसान को समुचित मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ खुले बाजार में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि किसानों को जोत के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाए और यूरिया की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई हो। इसके अतिरिक्त डीसीएफ को भी उचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाय ताकि समितियों से जुड़े किसानों को खाद उपलब्ध हो सके। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को इस बात से भी अवगत कराया कि धान क्रय केंद्रों पर धान की नियमित खरीद नहीं हो रही है जिससे किसान बहुत परेशान हैं। किसानों द्वारा सरकारी गोदाम से कॉमन धान के अंतर्गत सफेद मंसूरी धान का बीज खरीद कर खेती की गई थी लेकिन अब धान क्रय केंद्र सफेद मंसूरी धान खरीदने से मना कर रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से कहा कि धान विक्रय केंद्रों को सफेद मंसूरी धान सहित कॉमन धान के अंतर्गत आने वाले सभी धान प्रजातियों को खरीदने का निर्देश दें। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश यादव, अजय कुमार सिंह, अवनीश मिश्र, पूर्व महामंत्री दिवाकर सिंह, प्रवीण सिंह, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त सुरेश राम को किया गया सम्मानित



आजमगढ़। जिला सूचना कार्यालय आजमगढ़ के वरिष्ठ कर्मचारी सुरेश राम के सेवानिवृत्त होने पर जिला सूचना अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में एक समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। सूचना अधिकारी ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवक के लिए एक अनिवार्य व्यवस्था है, जो सेवा में आने के दिन ही निश्चित हो जाता है। उन्होने सुरेश राम के द्वारा विभाग में दी गई लगभग 34 वर्ष अनवरत सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उन्हें धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुरेश राम द्वारा जनपद महराजगंज, मऊ, आजमगढ़ में सेवा दी गयी थी। इस अवसर पर जिला सूचना कार्यालय की तरफ से सुरेश राम को प्रतीक चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार मदन मोहन पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार सरोज एवं कार्यालय के सभी कर्मियों द्वारा उनकी सेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी।

### डॉ.सुरभि को मिली उपजा महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी



आजमगढ़। यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उपजा महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी डा.सुरभि सहाय को दी गई। जैसे ही इस बात की जानकारी आजमगढ़ में हुई तो जनपदवासियों में हर्ष व्याप्त हो गया। संगठन की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष डा.जीसी श्रीवास्तव द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि डा.सुरभि सहाय बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। उन्होंने पत्रकारिता जगत में अब तक बेहतर मुकाम हासिल किया है। उन्होंने दशकों से लखनऊ में पत्रकारिता के क्षेत्र में विभिन्न पत्र पत्रिकाओं एवं इलेक्ट्रानिक चैनलो में अपनी सेवा देकर सामाजिक सरोकारों पर अच्छी रिपोर्टिंग किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए महिला प्रदेश अध्यक्ष डा.सुरभि सहाय ने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। दिल्ली में महिलाओं ने पत्रकारिता में बहुत नाम कमाया है, अभी उत्तर प्रदेश में इस तरह की सक्रियता कम दिख रही है। बतौर प्रातींय संयोजक मेरा प्रयास होगा कि महिलाएं मात्र चूल्हा तक सिमट कर न रहें बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण करके अपने भविष्य को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर कभी समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भावुक होकर कहा कि आज मेरे पिता डा.श्रीनाथ सहाय जीवित होते तो उन्हें इस उपलब्धि की और खुशी होती। बधाई देने वालो में डा.पूनम तिवारी, डा.अंशू अस्थाना, आभा अग्रवाल, सुधा तिवारी, कलाकार ऋतिक तिवारी, अंजू श्रीवास्तव, काजल सोनी, पूर्णिमा श्रीवास्तव, लाल बहादुर त्यागी, हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, दीनू जायसवाल, प्रभाकर सिंह, गोविन्द दूबे, रईश अहमद, डा.संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार दत्ता, संजय राही, जगदम्बा प्रसाद उपाध्याय, पुनीत पाठक, जितेन्द्र पाठक, छाया श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार पांडेय, अभय तिवारी, बृजेश सिंह, संतोष कुमार राय, विजय यादव, आलोक लहरी, महफूज आलम, श्याम आदि शामिल हैं।

### प्रभु श्री राम के चरण रज से मिलती है शाप से मुक्ति



आजमगढ़। नगर के गुरूघाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन शनिवार की रात कथा वाचक अंकित चतुवेर्दी जी महाराज ने कहा कि गौतम ऋषि के शाप से शापित हुई अहिल्या माता जो पत्थर की शिला के रूम में परिवर्तित हो गई थी उनके इस शाप से मुक्त करने के लिए प्रभु श्रीराम के चरण की रज (धूल) के स्पर्श मात्र से ही माता अहिल्या को नव जीवन की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि जब माता जी ने देखा की सामने प्रभु श्रीराम खड़े हैं तो दोनो नेत्र से अश्रु पात होने लगा। उन्होंने कहा कि हे नाथ अब मुझे समझ में आया कि मेरे पति परमेश्वर ऋषि गौतम जी ने शाप नही बल्कि मेरे ऊपर उपकार किया। आपके दर्शन मात्र से मैं इस भव सागर से मुक्त हो गई। प्रभु हे नाथ गीता का सार भी यही है कि जो हुआ अच्छा हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, मंत्री महंत संजय कुमार पांडेय, राजीव आर्य, ढुनमुन सोनकर, ओम प्रकाश गुप्ता, अच्छेलाल सोनकर, कविकांत उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### गैंग लीडर गिरफ्तार



संजरपुर/सरायमीर (आजमगढ़)। सरायमीर थाना क्षेत्र के सिकरौर सहबरी बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास से मुखबिर की सूचना पर गैंग लीडर सर्वेश उर्फ सोनू जायसवाल पुत्र हरि प्रकाश निवासी सिकरौर सहबरी को रविवार को उप निरीक्षक विरेंद्र कुमार सिंह ने अपने हमराहियों के साथ घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सरायमीर विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि सर्वेश जायसवाल के ऊपर सरायमीर व फूलपुर में अपराधिक मामले दर्ज हैं जो गैंग लीडर भी है।

### देव स्थान पर अवैध कब्जे का आरोप

रानीकीसराय (आजमगढ़)। क्षेत्र के चकखैरुल्लाह गांव में देव स्थान पर अवैध कब्जा करने और नल के पानी इकट्ठा कर गंदगी फैलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कई बार प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की परंतु फाइल धूल फांक रही है। चकखैरुल्लाह गांव में देव स्थान के रुप मे ठाकुर जी का मंदिर है जो ग्रामीणों के लिए आस्था का प्रतीक है। मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। पास में ही लगे हैंडपंप का पानी भी यहीं पर इकट्ठा होता है जिससे गंदगी फैल रही है। ग्रामीणों ने मामले में जिलाधिकारी से लगायत एसडीएम आदि को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई परन्तु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। गांव के रवि कुमार, संजीव कुमार, राकेश चैहान आदि ने जिला प्रशासन से कब्जा मुक्त किये जाने की मांग की है।

### कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधी समां

आजमगढ़। हिंदी उर्दू साहित्य परिषद के तत्वाधान में हीरापट्टी में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष शायर ताज आजमी तथा संचालन संस्था के महामंत्री सेठ राजकुमार आशीर्वाद ने की। संस्था के संरक्षक साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पांडेय ने श्रमिक नेता व कवि प्रभु नारायण पांडेय प्रेमी को अंगवस्त्रम एवं महामंत्री आशीर्वाद एवं संस्था के अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अपने सम्मान से अभिभूत साहित्यकार प्रेमी ने अपनी देश प्रेम से ओतप्रोत रचना पढ़ी। तुमको मेरा प्रणाम मुल्क पे मरने वाले। हंसते हंसते हुए फांसी पर चढ़ने वाले सुनायी।

## संक्षेप

### खेल से स्वास्थ्य रहता है मनमस्तिष्क : देवांशु सिंह पटेल



**चुनार।** सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति कप रेहियाँ द्वारा कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया इस क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में देवांशु पटेल उर्फ दीपू अपना दल एस युवा राष्ट्रीय सचिव रहें। वहीं मुख्य अतिथि द्वारा फिता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगा रहा रहता है। कभी हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष करते रहना चाहिए सफलता जरूर मिलती है। कार्यक्रम आयोजक संदीप कुमार सिंह पटेल अपना दल एस जिला महासचिव के अलावा खेल कमेटी के सदस्यों द्वारा भी आएं अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर के पटेल, डॉ रितेश पटेल रहें। इस अवसर पर सदानंद सिंह पटेल अपना दल एस नेता, सुभाष सिंह भाजपा नेता, अध्यक्ष शैल कुमार, उपाध्यक्ष हिमांशु पटेल, आकाश पटेल, शिवम पटेल, गौरव सिंह, रविसेन पटेल, राहुल सिंह, विपिन पटेल, शैलेन्द्र सिंह, सर्वेश सिंह, अनुप पटेल, सोनू विश्वकर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद रहें। साथ ही पहला मैच सिरसी और सझौली के बीच खेला गया जिसमें सझौली की टीम विजेता रही। दूसरा मैच कैलहट बनाम गौरा के बीच खेला गया जिसमें कैलहट की टीम विजेता रही।

### गंगा तट पर मना उत्सव, गूंजा वेद मंत्र



**मीरजापुर।** विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्था का छठवां स्थापना दिवस संस्कृतिक कार्यक्रम एवं माँ गंगा की भव्य आरती कर मनाया गया। नगर के त्रिमोहानी पक्काघाट पर पदमश्री अजिता श्रीवास्तव ने भजनों की शानदार प्रस्तुति कर माँ गंगा को नमन किया। वाद्य यंत्रों के साथ लव कुश ने कुशल संगति की। वेद मंत्रो के साथ माँ गंगा की आरती की गई। भारतीय संस्कार, संस्कृति और प्राचीन धरोहरों को संरक्षित रखने के लिए गठित विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस भजन संध्या एवं मां गंगा की महाआरती कर मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कवियित्री सारिका चौरसिया ने सरस्वती वंदना से किया। पदमश्री से सम्मानित अजिता श्रीवास्तव ने चली गगन से तरणी तरङ्गे, नमामि गंगे नमामि गंगे की शानदार प्रस्तुति कर पतित पावनी मां गंगा की अविरलता, निर्मलता और स्वच्छता का संदेश दिया। संगीतकार मोहन स्वामी ने भजनों की शानदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। मायावी संसार में दिग्भ्रमित लोगों के सामने खुद को समझने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर संयोजक डा. राजेश मिश्र ने स्वागत किया। वेद मंत्रो के बीच माँ गंगा की भव्य आरती भक्तों ने किया। वेद मंत्रो का वाचन पं. नितिन अवस्थी, आदित्य उर्फ राजा बाबू मिश्र, राजू मालवीय एवं शिवम तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि भारतीय संस्कार और संस्कृति हमारी जड़ है। जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। जड़ से जुड़ने पर ही हरियाली के साथ ही फूल और फल मिलना संभव है। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष अमरेश मिश्र, राजेश मिश्र, विभूति मिश्र, आकाश दुबे, समर शर्मा, ललित मोहन खंडेलवाल, सारिका चौरसिया, प्रमोद अग्रवाल, आलोक मिश्र, रामलाल निषाद, गिरीश बरनवाल एवं मनीष कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### बाइक की चपेट में आने बालक की मौत



**अहरौरा।** अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर मुजडीह गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने 5 वर्षीय बालक बकड़ू को धक्का मार दिया, घटना में बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। बताया जाता है कि अहरौरा थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर मुजडीह गांव के पास देर शाम बाइक सवार जा रहा था, जहां पर अनियंत्रित होकर बाइक सवार ने 5 वर्षीय बालक बकडु पुत्र विनोद बिंद को रौंद दिया। घटना में बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की मौत हो जाने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस बाइक सवार को हिरासत में लेकर में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बकाया में मिला था पिस्टल, पुलिस ने किया जब्त

**मीरजापुर।** कछवां पुलिस ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर प्रमोद उपाध्याय को अवैध पिस्टल 32 बोर तथा 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया हैं। प्रमोद पर कुल 7 मामले दर्ज हैं। क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अवैध असलहा रखने व तस्करी करने बाले अपराधियों के विरूद्ध चल रही लगातार कार्यवाही के क्रम में 1 जनवरी को थाना प्रभारी राम स्वरूप वर्मा ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र से अभियुक्त प्रमोद उपाध्याय पुत्र स्व0 नन्दलाल उपाध्याय निवासी ग्राम बधवां को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 1 पिस्टल 32 बोर तथा 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करते हुए शातिर पेशेवर आपराधी को जेल भेजा गया। जिसके विरूद्ध मिर्जापुर और वाराणसी के थानों पर हत्या, लूट, चोरी व मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अपराधों में विभिन्न अभियोग पंजीकृत है। पकड़े गये अभियुक्त ने बताया कि मेरी पत्नी पाँच-छः वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान थी। उसी समय जौनपुर निवासी बब्बू पाठक जो जमीन का कारोबारी था। जिसके पास मेरे 50 हजार रुपया बकाया था। जिसके बदले में उसने पिस्टल मुझे दिया था। तभी से यह असलहा मेरे पास है। वर्तमान में बब्बू पाठक की मृत्यु हो चुकी है।

### अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। रविवार को उ0नि0 रविकांत मिश्रा चौकी प्रभारी गैपुरा व उ0नि0 रमाशंकर यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से 02 अभियुक्तों रंगनाथ पुत्र रामदुलार निवासी थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ व महेन्द्र सोनकर पुत्र स्व0 झल्लर सोनकर निवासी तीनपैलिया थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर उ0नि0 मोहम्मद शकील खां मय पुलिस टीम द्वारा थाना चील्ह क्षेत्र से 01 नफर अभियुक्त पंकज सदाना उर्फ गोलू पुत्र सियाराम निवासी कमसीन थाना चील्ह मीरजापुर को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रविवार को उ0नि0 धर्मेंद्र कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना कछवां क्षेत्र से 01 नफर अभियुक्त जाहिद पुत्र अजीमुद्दीन निवासी महवा थाना कछवां मीरजापुर को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### नाबालिग किशोरी ने पिता पर दुराचार का लगाया आरोप

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी के साथ 55 वर्षीय पिता पर दुराचार का आरोप लगाया। हलिया पुलिस सहित सीओ लालगंज दीक्षांत राज जाच पड़ताल में जुट गये। शनिवार को रात्रि में थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के साथ पिता ने दुराचार कर दिया। पुत्री की रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे पता पूछताछ के दौरान नाबालिग किशोरी ने बताया कि पिता ने मेरे साथ दुराचार किया है। रविवार को बड़े पिता ने हलिया थाने लाकर किशोरी के साथ तहरीर दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक हलिया संजीव कुमार सिंह एवं दीक्षांत राज गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटे है। सीओ दीक्षांत राज ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की गई है मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर रविवार को नये वर्ष के दिन अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां पर दोनों घायलों का इलाज किया गया जिसमें रिंकू पुत्र रामअसरे निवासी चकरा उम्र 28 वर्ष निवासी अहरौरा को गंभीर चोट होने के कारण वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वही दूसरी घटना में अनवर अली पुत्र मजनू अली उम्र 28 वर्ष निवासी मुबारकपुर मधुपुर सोनभद्र घायल हो गए।

# कड़ाके की ठंड पर भारी पड़ी जगत जननी की आस्था

**धर्म कर्म**

**नव वर्ष के पहले दिन सात लाख भक्तों ने लगाई हाजिरी**

**माता की एक झलक पाने को आतुर दिखे श्रद्धालु**

**भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के छूटे पसीने**

जनसंदेश न्यूज





मेले में भीड़ को कट्रोल करते एडीएम वित्त व एसपी सिटी व दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब।

**मीरजापुर।** नव वर्ष के पहले दिन विंध्याचल दरबार श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा कड़ाके की ठंड के बावजूद माता के दर्शन पूजन करने को ताता लगा रहा भोर में मंगला आरती के बाद से देर शाम तक सात लाख भक्तों ने मत्था टेक कर मंगल कामना की देवी धाम पहुंची भक्तों की अपार भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

देवी मां की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु आतुर दिखाई दिए। नव वर्ष के पहले दिन रविवार को आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा शनिवार की रात में भव्य आरती पूजन के उपरांत मां का कपाट बंद हो गया पुनः रविवार को भोर में माता की मंगला आरती के पूर्व ही मंदिर परिसर एवं अन्य स्थानों पर श्रद्धालु की लंबी कतारें लग गई थी।

मां विंध्यवासिनी की भव्य मंगला आरती पूजन श्रृंगार के उपरांत कपाट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। माता का कपाट खुलते ही विंध्य की विभिन्न गलियों में लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालु माता का जयघोष करने लगे। घंटों कतार में खड़े रहने के बाद मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन पूजन करके घर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नए साल के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जगह-जगह बैरिकेडिंग और यातायात पुलिस की व्यवस्था की गई थी। बावजूद इसके संपूर्ण विंध्याचल धाम श्रद्धालुओं से पटा नजर आया। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ के चलते निमार्णाधीन विंध्य कारीडोर के तहत निमार्णाधीन परिक्रमा पथ भी छोटा नजर आया। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के पूर्व श्रद्धालुओं ने विंध्याचल के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान ध्यान किया। तत्पश्चात दुकानों से माला फूल प्रसाद लेकर विंध्याचल दरबार में माता के दर्शन पूजन के लिए पहुंचे हुए थे।

रविवार को छुट्टी का दिन होने के चलते और नए साल का पहला दिन होने के कारण जगत जननी के दरबार में जनपद के साथ ही दूरदराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवी दरबार में मत्था टेक कर मंगल कामना की।

विंध्य दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की तरफ से चाक चौबंद इंतजाम कराए गए थे।

भीड़ को देखते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला व अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकांत प्रजापति ने मोर्चा संभाल रखा था। बढ़ती भीड़ को देखते हुए अपर जिलाधिकारी ने पुलिसकर्मियों को भी लताड़ लगाई। पुरानी बीआईपी पर मंदिर के पास तक अधिकारियों के वाहन आने पर एडीएम ने फटकार लगाते हुए कहा कि सभी वाहनों को मंदिर के पास में खड़ा न किया जाए बल्कि वाहनों को दूर खड़ा करके अधिकारी खुद पैदल चलकर आए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## अधिकारियों की लापरवाही से परेशान हैं प्रधान : संतोष तिवारी

### मोदी की मां को प्रधानों ने दी श्रद्धांजलि

**जिगना।** छानबे के ग्राम सभा करनी भावा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा उर्फ सन्नू सेवकिया के यहां सभी ग्राम प्रधान प्रधान संघ द्वारा बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री के माता के मृत आत्मा को शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया। तत्पश्चात आए हुए सभी ग्राम प्रधान द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि मनरेगा मटेरियल का भुगतान सभी ब्लॉकों में किया जा रहा है। छानबे ब्लॉक में कर्मचारियों की लापरवाही से पेमेंट नहीं हो पा रहा है। इसलिए हम प्रधान संघ एकजुट होकर दिन सोमवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस से मुलाकात कर कर्मचारी द्वारा की जा रही लापरवाहियों से अवगत कराएंगे और ज्ञापन देंगे। मटेरियल के भुगतान हेतु प्रस्ताव रखेंगे। इस तरह लापरवाही हम प्रधान संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में ग्राम प्रधान प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद यादव, प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, बृजेश मिश्रा उर्फ सन्नू सेवकिया, चंद्रशेखर कुशवाहा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, कमलेश बिंद, बृजेश जयसवाल, अमर बहादुर यादव, दिनेश कुमार, विकास कुमार, बऊ यादव, अनूप सिंह, शिव लखन बिंद, कुशल चंद बिंद, रवि यादव, अशोक कुमार बिंद, रमाशंकर निषाद, कृष्ण जीत सिंह, राम मणि शुक्ला, अवध पांडेय, राजेश मिश्रा, अजय कुमार पांडेय सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।



बैठक करने पहुंचे प्रधान।

## अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा, 2 गिरफ्तार

**पांच बाइक बरामद**

**विभिन्न जनपदों से वहां चोरी कर बेचने का काम करते थे गैंग के लोग**

**मीरजापुर।** पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा कर गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस के साथ ही 5 मोटर साइकिल बरामद किया गया। यह खुलासा एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइन में किया। बताया कि वाहन विभिन्न स्थानों से चोरी किया गया था। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटीं हैं। गैंग का खुलासा और वाहन बरामदी करने वाली टीम को एसपी ने पुरस्कार प्रदान किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध तथा वाहनों की चोरी बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। अहरौरा पुलिस को वर्ष के पहले ही दिन सफलता बड़ी सफलता पर साहब से पुरस्कार मिला। क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में अहरौरा थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वाराणसी से अहरौरा की तरफ आ रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी ने अहरौरा में सघन वाहन चेकिंग कर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम संजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद तथा मनोज पुत्र छेदीलाल राजभर निवासी बढ़ौली थाना राजातालाब जनपद वाराणसी बताया। मौके पर बरामद मोटरसाइकिल को चोरी का बताया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के कब्जे से एक-एक अवैध तमंचा 315 बोर का एक-एक जिंदा कारतूस, 2 मोबाइल तथा 1110 नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थाना अहरौरा क्षेत्र से चोरी की छिपाकर रखी हुई अन्य 4 मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया। इस प्रकार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की कुल 5 अदद मोटरसाइकिले बरामद की गयी। मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। अभियुक्तों ने बताया कि इनका एक संगठित गैंग है। जो जनपद वाराणसी, चन्दौली, मीरजापुर और भदोही समेत आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिलों की चोरी कर बिक्री करने का काम करते है। चोरी की मोटर साइकिलों को बिक्री हेतु थाना अहरौरा क्षेत्र निवासी अपने एक साथी को बेच देते है। जिसके द्वारा मोटरसाइकिल को कम दाम पर क्रय कर ग्राहक की तलाश कर बिक्री की जाती है।



पत्रकारों को जानकारी देते एसपी

### दहेज हत्या आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने 25 हजार की ईनामिया दहेज हत्या आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। अदलहाट पुलिस ने क्षेत्र की परसिया ग्राम निवासिनी सोना नामक महिला को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफल हुई। जिसकी तलाश में पुलिस अर्से से हलकान थी। नव वर्ष के प्रथम दिन ही अदलहाट थाना प्रभारी विजय चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना के पर दबिश दी। दहेज हत्या की आरोपी तथा 25 हजार का ईनामिया अभियुक्ता सोना देवी पत्नी महेश सिंह निवासिनी ग्राम परसिया को गिरफ्तार किया। कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

## गांव को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

**जागरूकता**

**अधिकारियों की मदद से नव वर्ष पर किया गया अनोखा पहल**

**कंजड़ बस्ती में ग्राम प्रधान एवं थानाध्यक्ष ने लगाई चौपाल**

**अवैध शराब बनाने व बेचने वालों से थानाध्यक्ष ने किया सीधा संवाद**

**समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर करें जीविकोपार्जन**

जनसंदेश न्यूज



कंजड़ बस्ती में वार्ता करते ग्राम प्रधान एवं थानाध्यक्ष

**राजगढ़।** नव वर्ष के शुभारंभ पर क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादाई तथा न?ए युग के शुरूआत की आस जगाई है जिसके परिणामस्वरूप बहुत बड़े बदलाव के साथ नववर्ष की शुरूआत की जाएगी। क्षेत्र में नव वर्ष को काफी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया जा रहा है ऐसे में एक युवा ग्राम प्रधान अपने नैतिक जिम्मेदारी को निभाते हुए गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेकर नियत समय पर एक साहसी कदम उठाया है जिससे हजारों घरों का जीवन सुरक्षित एवं सुखमय हो जाएगा।

स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के राजगढ़ ग्राम पंचायत अन्तर्गत कंजड़ बस्ती में अवैध शराब बनाने का काम कई दशकों से किया जा रहा है। जिसमें बस्ती के बच्चे बुढ़े एवं महिलाएं सब मिलकर शराब निर्माण के कार्य को अंजाम देते हैं और अपना जिविकोपार्जन करने का मुख्य साधन मानते हैं। लेकिन इस अवैध कारोबार से न तो राजस्व को लाभ मिलता है और न ही आमजन को इससे कोई फर्क पड़ता है लेकिन नशे की लत में फंस चुके लोगों का घर परिवार उजड़ रहा है और पीने वाले का जीवन हमेशा खतरे में पड़ा रहता है। साथ ही सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है। ऐसे में नव वर्ष के शुभारंभ पर राजगढ़ ग्राम पंचायत के युवा ग्राम प्रधान आशीष जायसवाल ने प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से कंजड़ बस्ती के लोगों से समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आह्वान किया। अपने गांव को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर राजगढ़ थानाध्यक्ष अरूण कुमार दूबे ने कंजड़ बस्ती के लोगों को रोजगार के अन्य अवसर तलाशने तथा सम्मानित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस प्रशासन एवं ग्राम प्रधान के इस पहल की चहुंओर सराहना की जा रही है।


## नववर्ष के प्रथम दिन हजारों भक्तों ने प्राचीन गणेश मंदिर पर टेका मत्था

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर क्षेत्र स्थित रामपुर रिक्शा में गांव में स्थित प्राचीन गणेशजी दरबार में नव वर्ष की बेला में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन चालू हो गया। कहा जाता है सबसे प्रथम पूजनीय देव गणेश जी ही होते है जिस क्रम में नए वर्ष की शुरूआत में हजारों भक्तों ने साल के प्रथम दिन की शुरूआत प्राचीन गणेश जी की दरबार मे मत्था टेक कर वर्षान्त तक के लिए उन्नति की मन्नत मांगी। इसी क्रम में विशेष सचिव ग्राम विकास से सेवा निवृत्त अरबिंद कुमार पांडेय भी सपरिवार प्राचीन गणेश भगवान का दर्शन कर अपनी पुरानी यादों को ताजा कर प्राचीन गणेश जी के महत्ता पर प्रकाश डालते फूले नही समाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003-04 में मड़िहान तहसील में उपजिलाधिकारी के पद पर था। उसी समय पहली बार प्राचीन गणेश जी के दरबार मे मत्था टेकने आया था। दक्षिणाभिमुख अद्भुत मूर्ति देख काफी प्रभावित हुआ था। उनके साथ बीडीओ पहाड़ी पवन कुमार सिंह व ब्लाक के ग्रामसचिव पुष्पराज सिंह भी रहे।

## संदेह करने से होता है भटकाव जरूरी है सत्संग : भावानंद महराज

**लालगंज।** परमहंस आश्रम जयकर में भावानंद महराज ने कहा कि मानव समाज अपने कर्म से सुख दुःख पाता है। व्यक्ति जिस दिन जागता है, वहीं दिन नया दिन है। कहा कि बाल्मीकि, तुलसी, मीरा, कबीर को जिस दिन ज्ञान मिला वह दिन उनका नया दिन वर्ष था। भक्तों को कथा सुनाते हुए स्वामी जी ने कहा कि संदेह करने से भटकाव होता है। इसलिए सत्संग जरूरी है। बताया कि गरूण को भी भ्रम हो गया था। उनको भी सत्संग की दवाई जरूरत हो गई। जिसके कारण काकभुशुण्डि के यहां जाना पड़ा। वहां जाकर सत्संग करने ज्ञान मिला। जिससे उनके समस्त भ्रम दूर हो गया। उन्हें लगा कि यह दिन उनके जीवन का नया दिन है। कहा कि कलह, लड़ाई झगडे के विचार पुराने है। इससे मुक्ति के ज्ञान नये विचार है क्योंकि अहंकार, अज्ञानता की मुक्ति से नये भाव, विचार, सेवा, सहयोग, आपसी विश्वास का भाव नवयुग के प्रकाश फैलाते हैं। जिसमें शांति, विकास, विश्वास,खुशी की हिलोरें लेने लगती है, जहां भगवत भक्ति का विकास होता है। कहा कि ज्ञान के लिए गुरु की जरूरत है। जिससे मानव समाज जीवंत होता है। जिसे सभी अपने पाप पुण्य की पूंजी से भोगते व मुक्त होते हैं। इस अवसर पर शंभू प्रसाद यादव, पन्नालाल सिंह, गणेश यादव, अरविंद यादव, संजय पाल, सिपाही लाल कोल, टाटा गुप्ता, नीरज यादव आदि भारी संख्या में भक्त श्रोतागण मौजूद रहे।



















# जनपद में थिरकते कदमों से किया गया नव वर्ष का स्वागत

**नव वर्ष**

## रात 12 बजते ही छूटने लगे पटाखे, डीजे की धुन पर थिरके युवा, काटा केक

## पिकनिक स्पाट हुए गुलजार, लजीज व्यंजनों के साथ ही लोगों ने बाटी-चोखा का चखा स्वाद

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में धूमधाम व पूरे हर्षोल्लास के साथ नये वर्ष का स्वागत किया गया। शनिवार की रात घड़ी की सुई जैसे ही 12 के कांटे पर पहुंची लोग एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देना शुरू कर दिए।

नगर भर में जगह-जगह पटाखों की आवाज गूंजने लगी। चौराहे से लेकर गलियों में युवाओं की टोली मस्ती में झूमती-नाचती गाती नजर आई। रविवार की सुबह लोगों ने मंदिरों में पूजन अर्चन किया और पिकनिक स्पाटों पर पहुंचकर बाटी-चोखा का आनंद लिया। बता दें कि इंटरनेट पर लोगों को अपने चहेतों द्वारा नए साल की शुभकामनाएं देने का दौर जो शुरू हुआ वह देर रात तक चलता रहा। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो से लेकर ग्रीटिंग भेजने का क्रम भी चला। फेसबुक पर कोई अपनी वर्ष भर की गलतियों को मान रहा था कोई अन्य मुद्दों पर बात करता रहा। नए साल आने से पहले ही लोगों का प्लान नए वर्ष के पहले दिन घूमने का बन गया था। शनिवार की शाम से ही नगर के चौक-चौराहों पर नए वर्ष आने पर जश्न मनाने को लेकर युवाओं की टोली एकत्रित होने लगी थी। इसके अलावा मंदिरों में भी लोगों की उपस्थिति देखी गई।

इस दौरान नगर व जिले के अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कड़ाके की ठंड के बीच नए व पुराने फिल्म के गानों पर युवा न्यू ईयर की मस्ती में ऐसे झूमे कि हर कोई आनंदित दिखा। जिला मुख्यालय पर कई जगहों पर डीजे के धुन पर हर कोई झूमता दिखा। नगर के कई स्थानों पर आयोजित पार्टी में हर कोई नए साल के जश्न में रंगा रहा। इस दौरान सड़क पर भी युवाओं की टोली मस्ती करते देखे गए। कड़ाके की ठंड भी युवाओं का जोश ठंडा नहीं कर पाया। कई जगहों पर तो लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए लोग नजर आए। नव वर्ष के दौरान जिले के पिकनिक स्पॉटों पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। यहां लोगों ने बाटी-चोखा के साथ ही अन्य लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। लोगों की भीड़ को देखते हुए पिकनिक स्पाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इसके लिए पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने सभी थानाध्यक्षों को पहले ही निर्देशित कर दिया था।

## नव वर्ष के प्रथम दिन दर्शन पूजन के लिए भक्तों का लगा तांता



पिंडी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतार



अबाड़ी पिकनिक स्पॉट पर आनंद लेते लोग

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** वैष्णो मंदिर, अचलेश्वर महादेव मंदिर समेत पिकनिक स्थल अबाड़ी, बाजार, मुहल्लों में नए वर्ष का स्वागत विभिन्न तरीकों से मनाया गया। बाड़ी स्थित वैष्णो मंदिर में नव वर्ष के प्रथम दिन रविवार को दर्शन पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शनिवार को घड़ी की सूई ने जैसे ही रात के 12 बजने का इशारा किया उसी दौरान ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्न की आवाज गूंजने लगी। गुजरते साल को विदा देने और नए साल के स्वागत करने के लिए लोग बच्चे, महिलाओं संग जश्न मनाने में जुट गए। नए साल के जश्न में रविवार को आकर्षक सजा मनोहारी छटा विखेर रहे सुप्रसिद्ध वैष्णो मंदिर में धार्मिक विचारधारा वाले लोग साल के पहले दिन पूजा पाठ कर सुख शांति और समृद्धि की कामना करते रहे। मंदिर परिसर में भक्तों कि अचानक भीड़ लगने लगी हजारों भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता रानी का दर्शन पूजन किया। सुरक्षा व्यवस्था में चोपन इंस्पेक्टर लक्ष्मण पर्वत व चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय हमराहियों संग चक्रमण करते रहे।

## ऊर्जांचल में गुलजार रहे पिकनिक स्पाट व मंदिर

**अनपरा।** 2023 का पहला दिन कुहरे के धुंध के चलते काफी सर्द रहा। दिन भर बादल छाए रहे बावजूद इसके ऊर्जान्चलवासियों ने उत्साह पूर्वक नववर्ष मनाया। ऊर्जांचल में धूमधाम से नववर्ष का पहला दिन मनाया गया। लोग सुबह से ही पार्को, टूरिस्ट स्थानों, मंदिरों, नदी और रिहंद डैम के किनारों, होटलों आदि में अपने तरीके से नववर्ष की खुशियां मनाने में जुटे रहे। सबसे अधिक भीड़ बेलवादह पिकनिक स्पॉट, औड़ी हनुमान मंदिर, मुड़वानी इको पॉइंट, विन्ध्यनगर पार्क, चिल्का लेक, अनपरा में हाथी पार्क में रही। इस दौरान कई जगह बाटी चोखा, पूड़ी-पनीर व अन्य व्यंजन बनाया गया। फिल्मी धुनों पर युवाओं ने मदमस्त डांस भी किया और कुछ लोग मंदिरों में जाकर अलसुबह से ही दर्शन पूजन कर आने वाले साल में अपने उज्जवल भविष्य की कामना की। ठंड के बावजूद के लगभग सारे पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष नागेश सिंह, चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सुबह 10 बजे तक भीषण कोहरा के वजह से काफी धुंध रहा और दिन भर ठंड। इसके बावजूद नववर्ष का स्वागत करने वालों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। वहीं रेनुसागर स्थित गुरुद्वारे में शानदार लंगर का आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षेप

### एसपी ने शिव मन्दिर में किया दर्शन, असहायों को बांटा कम्बल



ग्रामीणों को कंबल वितरित करते एसपी

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षकडा. यशवीर सिंह ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को शिव मन्दिर बाबा भिच्छुक भिखारी जंगली दास कसारी में दर्शन- पूजन किया। इसके उपरान्त ठंड से बचाव हेतु असहायों में कम्बल का वितरण करते हुए उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। एसपी के हाथों कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल गये। इस दौरान एसपी ने वहां उपस्थित साधु संतों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया। इस मौके पर सीओ सदर डा. चारु द्विवेदी, संदीप चंदेल, भरत सिंह कुशवाहा, मनोज केसरी, राजेश यादव, मंजीत, धर्मेंद्र मिश्रा, भिखारी बाबा, अजय कुमार, चिंतामणि, रामबाबू मोदनवाल, पवन गुप्ता, राममूरत गुप्ता, जमुना गुप्ता, संदीप सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के खन्ना कैंप के पास रविवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मौके पर पहुंच गए और घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि अभिनन्दन यादव पुत्र रामफल यादव निवासी हिनौता, मड़िहान, मिजार्पुर अपने कुछ साथियों के साथ बाइक से डाला वैष्णो मंदिर दर्शन करने आया था कि ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे अन्य साथी ट्रक चालक को पीटने लगे। जिससे पूरा मार्ग जाम हो गया। जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल अभिनन्दन को निजी अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं घटना में शामिल दोनों वाहनों को पुलिस चौकी परिसर में खड़ा कराके आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

### करंट से झुलसकर अधेड़ की मौत, कोहराम

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनडीहा गांव में शनिवार की रात एक अधेड़ की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया। जानकारी के अनुसार बभनडीहा गांव निवासी मिश्रीलाल 45 पुत्र दशरु अपने घर पर शनिवार की रात बिजली का तार जोड़ रहा था कि अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पेशे से राजमिस्त्री था। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया।

### ट्रक से कुचलकर वृद्धा की मौत

**सोनभद्र।** चुर्क चौकी क्षेत्र के घसिया बस्ती में रविवार को ट्रक से कुचलकर एक वृद्धा की मौत हो गयी। कहा जा रहा है कि वृद्धा अंधी थी, जिससे वह ट्रक की चपेट में आ गयी। बताया गया कि जुपनी 70 पत्नी रामदास अपने घर के बाहर बैठी थी, तभी उसका बेटा बसंत अपनी ट्रक लेकर घर के पास खड़ी करने आ रहा था, इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गयी जिससे गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचानामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### सड़क हादसे में चिकित्सक गंभीर, रेफर

**रेणुकूट।** स्थानीय बाजार में शनिवार की देर रात हुए एक हादसे में एक चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें हिंडाल्को चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि मुर्धवा क्षेत्र के निवासी डॉ पूर्णेन्दु चौधरी 52 किसी कार्यक्रम से भाग लेकर हिंडाल्को कॉलोनी से वापस लौट रहे थे कि इस दौरान गांधी मैदान के सामने अचानक एक गाय से वह टकराकर सड़क पर गिर गये। इस दौरान पीछे से आ रही ट्रक उन पर चढ़कर निकल गई। अचानक हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उन्हें हिंडालको चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देख वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक टोले में रह रही एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस क्रम में रविवार की सुबह एसआई धर्म नाथ सिंह को मुखबिर ने सूचना दिया कि आरोपी युवक जयराम निवासी ग्राम पंचायत परसोई, ओबरा कहीं भागने की फिराक में पंडित सुदामा पाठक चौराहे के समीप खड़ा है। सूचना पर पहुंचे एसआई ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आईपीसी की धाराओं में चालान कर दिया। वहीं किशोरी को भी आरोपी के बताने के अनुसार हिरासत में लेकर चिकित्सकीय परीक्षण कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया।

### खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार की मौत

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में शनिवार की रात्रि सड़क के किनारे खड़े पंचर ट्रैक्टर ट्राली में बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। चोपन पुलिस ने बताया कि परास पानी में मुख्य मार्ग पर खड़ी एक पंचर ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बाइक सवार मंजित सिंह 40 पुत्र रणजीत बहादुर सिंह निवासी आपायल बलिया ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि विधिक कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया गया। घटना के पश्चात मृतक के परिवारजनों को सूचित किया गया है। घटना के सन्दर्भ में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### चोरों ने उड़ाया इंगल व हैंडपंप का मुंडा

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी में हाट बाजार से रविवार की रात्रि टीन शेड की पांच इंगल व हैण्डपम्प का मुंडा चोरी कर लिया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को दे दी गई। कोटा ग्राम पंचायत के वार्ड तेरह ग्राम पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने बताया कि परासपानी का हाट बजार वर्ष 2019 में मनरेगा द्वारा बनाया गया है, जहां साप्ताहिक बाजार मंगलवार को लगता है। प्रत्येक मंगलवार को हजारों लोग यहां बाजार करने आते हैं, साप्ताहिक बाजार में आने वाले को पानी पीने का एक मात्र साधन वह केवल हैण्डपम्प ही था, जिसका मुंडा चोरी हो गया।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 50 के खिलाफ केस दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 30 दिसंबर की रात्रि 8 बजे के करीब एक वाहन से नगर में प्रतिबंधित प्लास्टिक की आपूर्ति हो रही थी। इस सूचना पर नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा वाहन पर लदे 500 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक गाड़ी समेत थाने में लाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच चूड़ी गली सिनेमा रोड मोड़ के समीप के कुछ लोगों द्वारा मौके पर पहुंच कर नगर पंचायत कर्मियों से विवाद करने के साथ उक्त प्लास्टिक को जबरन वाहन से उतार लिया गया था। इस मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली प्रभारी मिथिलेश कुमार मिश्रा ने मामले में आरोपी प्रकाश जायसवाल, मनोज पटेल, गुलाम अली, छोटू सहित 50 अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

# कार से 49 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**सफलता**

### क्राइम ब्रांच व बभनी पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

जनसंदेश न्यूज



पकड़े गये तस्करों को मीडिया से रुबरू कराते एएसपी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बभनी पुलिस, एसओजी टीम/स्वाट एवं सर्विलांस टीम ने रविवार को अन्तरप्रान्तीय गैंग के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 49 किलो 350 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद गांजा की कीमत लगभग रुपये पांच लाख रुपये बतायी जा रही है।

पुलिस लाइन सभागार में रविवार को इसका खुलासा करते हुए एएसपी आपरेशन विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बभनी पुलिस व एसओजी/स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा अम्बिकापुर वाराणसी मार्ग पर प्रधान ढाबा बभनी के पास से हुंडई कार से 49 किलो 350 ग्राम गांजा एवं नगद 2600 रुपये बरामद किया गया।

पूछताछ में तस्करों ने बताया गया कि गांजा उड़िसा से लाकर उसका संगठित रुप से व्यापार करते हैं, जिसे वाराणसी व आस-पास के स्थानों पर बेचते हैं, इससे जो भी मुनाफा होता है उसे आपस में बाट लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में विजय शुक्ला पुत्र श्रीनाथ शुक्ला निवासी दीपापुर, राजातलाब, वाराणसी, अखिलेश कुमार त्रिपाठी पुत्र राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी निवासी वादीपुर, मिजार्मुराद, वाराणसी व रितेश मिश्रा पुत्र नीलकण्ठ मीश्रा निवासी तांतरी, घरड़ो बोकारो झारखण्ड शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह बभनी, साजिद सिद्दकी प्रभारी सर्विलांस टीम, देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी, रामसिंहासन शर्मा, जगदीश मौर्या, अतुल सिंह, अमर सिंह, शशिप्रताप सिंह, सतीश कुमार सिंह, रितेश पटेल, सौरभ कुमार राय, प्रकाश सिंह, अमित सिंह, अक्षय कुमार यादव, आशुतोष शुक्ला, रोहित कुमार शामिल रहे।

## नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर व्यवसायी से की लाखों की लूट

सोनभद्र। चुर्क पुलिस चौकी क्षेत्र में नव वर्ष के जश्न के बीच शनिवार की रात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बिल्डिंग मैटेरियल व्यवसायी को तमंचा सटाकर हजारों नकदी व जेवरात लूट लिये। दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की। लूट की सूचना मिलने पर पुलिस मकहमे में हड़कंप मच गया। मौका मुआयना करने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। लेकिन रविवार की शाम तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका था। बताया गया कि चुर्क रेलवे स्टेशन रोड निवासी शोभनाथ वार्ड नं एक में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चलाते हैं। शनिवार की रात दुकान बंद कर सब्जी लेने के लिए वह रेलवे स्टेशन रोड पहुंचे ही थे कि पीछे से एक बाइक से आये तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। वह कुछ समझ पाते ही तब तक एक ने उनकी कनपटी पर तमंचा सटा दिया और दूसरे ने उनके पास मौजूद नकदी, सोने की एक चैने, अंगूठी व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। अचानक हुई इस वारदात से हड़कंप मच गया। जाते वक्त बदमाशों ने दहशत पैदा करने के लिए हवाई फायरिंग भी की। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ सिटी राहुल पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# एनसीएल ने पार किया 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण का आंकड़ा

**उपलब्धि**

### बिजली घरों को 90 मिलियन टन से अधिक की कोयला आपूर्ति

जनसंदेश न्यूज



**अनपरा।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वर्ष 2022 के पूरे होने के पहले ही 100 मिलियन टन कोयला प्रेषण के आंकड़े को पार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शानदार 9 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 100.05 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर एनसीएल ने यह मुकाम हासिल किया है। इसके अलावा कंपनी बिजलीघरों को भी पर्याप्त कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है और अभी तक बिजली घरों को 90 मिलियन टन से अधिक कोयले की आपूर्ति कर चुकी है। शानदार प्रदर्शन पर सीएमडी भोला सिंह व कार्यकारी निदेशक मण्डल ने आने वाले समय में कंपनी की भरपूर कोयला उत्पादन एवं देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में ग्राहकों को अबाध कोयला प्रेषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

उन्होंने इस विशिष्ट उपलब्धि को कंपनी कर्मियों की अथक मेहनत का प्रतिफल बताया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में एनसीएल ने अब तक 12.66% की शानदार वृद्धि के साथ 96.89 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। एनसीएल जल्द ही 100 मिलियन टन उत्पादन का आंकड़ा भी हासिल करेगी। वहीं अधिभार हटाव में नया कीर्तिमान स्थापित किया है और शुक्रवार को अपनी स्थापना से लेकर अब तक एक दिन का सर्वाधिक 14.88 लाख क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। चालू वित्त वर्ष में एनसीएल अधिभार हटाव में शानदार प्रदर्शन कर रही है और 410 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य के सापेक्ष 26% की शानदार वार्षिक वृद्धि के साथ अब तक 326.10 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटा चुकी है। एनसीएल को चालू वित्त वर्ष में 122 मिलियन टन कोयला उत्पादन और प्रेषण का लक्ष्य सौंपा गया है और वर्तमान प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद है कि कंपनी तय समय से पहले ही निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करेगी।

# 20 मीटर में यूपी के महावीर, 40 मीटर तीरंदाजी में गुजरात की दीपाली विजेता

**मुकाबला**

### दूसरे स्थान पर बालिका में आसाम और बालक में रहा झारखंड का रहा दबदबा



**बभनी।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में चल रहे 23 वें राष्ट्रीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में रविवार को रानी दुर्गावती धनुर्विद्या स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कराया गया। प्रतियोगिता में 40मीटर रेंज में जूनियर बालिका वर्ग में गुजरात की राथ्वा दीपाली बेन 290 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल की। आसाम की अनुजा वसुम मतारी 273 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर तथा आसाम की स्नेहा रावा 270 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। जूनियर बालक वर्ग में उत्तर बंगाल का विशाल तामंग 322 अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रहा तो झारखंड का शुकलाल पूरती 320 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर तथा उत्तर बंगाल का सोनम टी लेप्चा 319 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा।

जूनियर वर्ग 30 मीटर बालक वर्ग में उत्तर बंगाल का विशाल तामंग 330 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया तथा झारखंड का शुकलाल पूरती 322 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा और उत्तर प्रदेश का दीपक कुमार 312 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। सब जूनियर 20 मीटर बालक वर्ग फाइनल मुकाबला में उत्तर प्रदेश का महावीर 339 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर तथा उत्तर प्रदेश का ही आदित्य सिंह 335 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। झारखंड का अरूण बेदिया 329 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानों पर झारखंड का दबदबा कायम रहा। झारखंड की माधुरी पूरती 333, राधिका उरांव 306 तथा शिमला पूरती 303 अंक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों से राज्यसभा सांसद रामशकल ने परीचय प्राप्त किया साथ में सह मंत्री आलोक चतुर्वेदी रहे।निर्णायक मंडल में बंगाल के प्रबोध नंदा, झारखंड से डोमन चंद्रा महतो, राजस्थान से हररतन दामुर, उत्तर प्रदेश से सूर्यदेव, जितेंद्र कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, उड़िसा से रंजन महाकुल,सोम रंजन साहू, उत्तराखंड से अमरनाथ तथा बंगाल से फूल चरेंगी लेप्चा रहे।

# मॉडल प्रस्तुत कर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

जनसंदेश न्यूज



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत करते एमवीएम के छात्र

**सोनभद्र।** मां वैष्णो माडर्न पब्लिक स्कूल राबर्ट्सगंज में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्री-नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा दिखायी। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन सीबीएसई की बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करके सीखो नीति पर किया गया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने आवर्त सारिणी के गुण, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, श्रेणीक्रम व समांतरक्रम में प्रतिरोध, कार्बन के अपरूप, खाद्य श्रृंखला, ऊर्जा संरक्षण, विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज मॉडल आदि प्रदर्शित कर उनके बारे में जानकारी दी। प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने अध्यापिकाओं और अभिभावकों के मार्गदर्शन की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी में आरती, नैन्सी, नाहिदा, सौम्या, अनुष्का, अंश पति त्रिपाठी, अनमोल, सौम्या, भव्या, जान्हवी, प्रियांशी, सक्षम श्रीवास्तव, पिहू श्रीवास्तव, निशिका, रूचि, कीर्ति आदि छात्र-छात्राओं ने अपने स्थैतिक एवं सजीव गतिक मॉडल प्रदर्शित कर सभी को प्रभावित किया। इसे सफल बनाने में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर संजय कुमार पाण्डेय, ऋचा पाण्डेय, विशेष पाठक, अमित पटेल, अमित त्रिपाठी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, निगम, प्रियंका शुक्ला, विनय केशरी, जय प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राम राज्याभिषेक की सजी झांकी उत्सव में मग्न हुए श्रद्धालु

जनसंदेश न्यूज



महायज्ञ पंडाल में मंचासीन यज्ञ समिति के पदाधिकारी

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब में चल रहे रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के नौवें दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ। इस अवसर पर मानस पंडाल को फूलों से सज्जित किया गया और भक्तों द्वारा दिव्य आरती की गई। वही वशिष्ठ की भूमिका निभा रहे मंच आचार्य एवं संचालक आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने राम का तिलक लगाकर राज्याभिषेक किया इसके पश्चात वहां उपस्थित समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, मुख्य यजमान अजय कुमार शुक्ला, धर्मपत्नी माधुरी शुक्ला, राकेश त्रिपाठी सहित भारी संख्या में भक्तजनों ने भगवान श्री राम दरबार की दिव्य आरती की। वही व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस उत्तरकांड की चौपाई राज बैठे राज्य बैठे त्रैलोका।

हर्षित भये गए सब सोका का गायन किया गया। राम राज्याभिषेक के दौरान भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा की जाने लगी, पटाखे छुड़ाए जाने लगे और मुद्राएं लुटाई जाने लगी। मुख्य व्यास द्वारा भरत पीड़ा तथा भरत हनुमान मिलन, अयोध्या में आनंद, राम राज्याभिषेक, वेद स्तुति, शिव स्तुति, वानरों और निषादो की विदाई, रामराज्य का वर्णन आदि कथाओं का वाचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर कृपा नाथ मिश्रा, डॉ कुसुमाकर श्रीवास्तव, मिठाई लाल सोनी, इंद्रदेव सिंह, अयोध्या दुबे, जितेंद्र श्रीवास्तव, बब्बू तिवारी, रविंद्र पाठक, महेश दुबे, सुधाकर दुबे, मनु पांडे, चंदन चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**हादसा**

## मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज



मृतक नवमी



मृतक राजेश कुमार

**चंदौली।** नगर स्थित मझवार स्टेशन के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गयी मौके पर जुटे आस पास के लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को मौके पर पहुची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

बताते हैं कि नगर पंचायत वार्ड नंबर 13 निवासी राजेश कुमार उर्फ दद्दन सैनी 40 वर्ष किसी काम से मुंसफ कटरा की तरफ से सकलडीहा रोड की तरफ जा रहा था। जैसे ही वो रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। कि अचानक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना स्थल पर जुटे आस पास के लोगो ने तत्काल उसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुची जीआरपी पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वही मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया लोग रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुच गए। मृतक अपने पीछे दो बेटे आशीष कुमार कृष्ण कुमार व बेटी लक्ष्मी को छोड़ गया। वही दूसरी ओर शनिवार की देर रात सैयदराजा वार्ड नंबर 10 निवासी नवमी 30 वर्ष रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। लोगो की सूचना पर पहुची जीआरपी पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत जीआरपी प्रभारी विद्या सागर ने बताया कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत की ओर से कोई इंतजाम नहीं



जिला पंचायत कार्यालय के समीप कार्टून जलाकर ठंड से राहत पाते लोग



पुलिस चौकी के समीप खुद से लकड़ी का इंतजाम कर अलाव जलाते लोग

**आफत**

## बढ़ती गलन व ठिठुरन के बीच घरों में दुबके लोग

### कागज, पॉलीथिन व गत्ते आदि जलाकर लोग ठंड से कर रहे बचाव

**चंदौली।** सर्द मौसम व हवाओं से बढ़ती गलन एवं ठिठुरन के बीच लोग घरो में दुबकने को बेवश हो रहे है। तो वहीं नगर पंचायत द्वारा कड़ाके की ठंड से निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। पारा दिन पर दिन गिरता जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते चिह्नित स्थानों पर भी अलाव के मुकम्मल इंतजाम ना होने के कारण आमजनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती सर्दी में आमजनमानस को राहत देने के लिए नगर में चिन्हित स्थानों व सार्वजनिक जगहों पर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा बढ़ती ठंड में अलाव नहीं जलवाए जा रहे हैं। लाखों रुपए का टेंडर होने के बावजूद भी मुख्य चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल आदि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव थोड़ा बहोत आलाव जलाकर कोरमपूर्ती किया जा रहा है। जो एक-दो घंटे बाद ही ठंडे पड़ जाते हैं। ऐसी हालत में अन्य सार्वजनिक जगहों पर लोग ठिठुरने पर मजबूर होते हैं। लोगो को कागज, पॉलीथिन व गत्ते आदि जलाकर ठंड से बचाव करना पड़ता है। रविवार को देर शाम चिन्हित स्थानो पर नगर पंचायत की तरफ से अलाव जलाया गया। लेकिन दिन भर लोग ठंड से ठिठुरते रहे। इस बाबत इओ शिव कुमार ने बताया की ठंड में अलाव का मुकम्मल इंतजाम किया जा रहा है। चिन्हित स्थानो पर अलाव जलाए जा रहे है जल्द ही अन्य जगहो पर भी अलाव जलाए जायेंगे।

**संक्षेप**

## नए वर्ष में पर्यटक स्थलों पर रही चहल-पहल



नए वर्ष पर लतीफशाह में पिकनिक मनाते सैलानी

**चकिया।** नए साल के आगाज के साथ ही जनपद में स्थित सभी पर्यटक स्थलों पर रविवार को धूम रही। हजारों की संख्या में पहुंचे सैलानियों ने पिकनिक मनाने के साथ ही जमकर मस्ती की। सैलानियों की भारी तादाद को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। चंद्रप्रभा वन्य जीव विहार में स्थित राजदरी, देवदरी चंद्रप्रभा बांध, कोईलरवा हनुमान मंदिर, जमसोती और नौगढ़ क्षेत्र में औरवाटाड़ जलप्रपात, बड़ी दरी, भैसौड़ा बांध, नौगढ़ बांध,दिवानी चुंआ,गहिला बाबा के अलावा चकिया क्षेत्र में लतीफशाह, जागेश्वरनाथ मंदिर, मूसाखाड़ बांध, चकिया काली मंदिर, घूरहूपुर, मुजफ्फरपुर गांव स्थित बौद्ध बिहार में सैलानियों का जमावड़ा रहा। जहां लोगों ने पिकनिक मनाने के साथ ही मस्ती की। जलप्रपातों से गिर रहे पानी के पास सेल्फी लेने के लिए आम जनमानस के अलावा युवाओं में होड़ लगी रही। खाना बनाने का सामान लेकर पहुंचे सैलानियों को चंद्रप्रभा सेंचुरी के गेट पर ही वन कर्मियों द्वारा रोक दिया गया, जिसके चलते उन्हें पिकनिक मनाने के लिए अन्यत्र जाना पड़ा।

## राजनीतिक पार्टियों ने राजभर समाज को किया उपेक्षित



घानापुर में राजभर समाज को संबोधित करते अरविंद निषाद।

**चंदौली।** घानापुर ग्राम सभा में राजभर प्रबुद्ध वर्ग द्वारा बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार निषाद ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस की सरकारों ने चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर का सम्मान नहीं किया। जबकि अवध व तराई क्षेत्र से लेकर पूर्वांचल तक उनकी वीरता के कई किस्से हैं राजभर समुदाय की बड़ी विरासत को संभालने वाले सुहेलदेव अपनी शक्ति और संगठन के बल पर राज्य स्थापित करने में कामयाब हो जाते थे। कहा कि राजभर समाज के साथ भेदभाव किया जा रहा है 70 सालों से राजनैतिक पार्टियों द्वारा राजभर समाज को फुटबॉल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। कहा कि चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव राजभर द्वारा राष्ट्र के लिए किया गया योगदान समाज कभी भूल नहीं सकता। राजभर समाज के हक अधिकार की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक निषाद पार्टी सदैव लड़ती रहेगी। इस अवसर पर शुभम राजभर, परमानंद राजभर, वीरेंद्र राजभर, दरोगा राजभर, बसावन राजभर, नानक राजभर, अग्नि राजभर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कंदवा।** पुलिस ने रविवार की सुबह ककरैत नहर पुलिया के समीप अंग्रेजी शराब सहित शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्कर के पास से 21 पाऊच 8 चउ बरामद किया। उसे कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिय। वही पुलिस ने सिसौड़ा नहर पुलिया के पास से अवैध शराब सहित शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्कर को 31 शीशी देशी शराब बरामद कर कागजी कार्रवाही कर जेल भेज दिया। कन्दवा प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के गठित टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर पुलिस बकौड़ी पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जांच में एक तस्कर के पास तलाशी में अवैध शराब बरामद हुआ।

# खेलकूद से मन व मस्तिष्क रहता है स्वस्थ्य

**बोले मनोज सिंह डब्लू**

## विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर किया उत्साहवर्धन



विजेता टीम का उत्साहवर्धन करते पूर्व विधायक मनोज सिंह व भूमि संरक्षण अधिकारी रामकेश सिंह यादव

**चंदौली।** चंद्रशखर स्पोर्ट एकेडमी की ओर से रविवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसका समापन पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू व सेवानिवृत्त भूमि संरक्षण अधिकारी रामकेश सिंह यादव ने किया वही दोनों अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलकूद को हार जीत के लिए नहीं बल्कि हमेशा आगे बढ़ने के लिए ही खेले। हार में ही जीत छुपी होती है। वही फाइनल मैच में ओम साईं राम स्पोर्टिंग क्लब कोड एरिया और टारगेट स्पोर्टिंग क्लब मुगलसराय के बीच खेला गया जिसमें ओम साईं राम स्पोर्टिंग क्लब विजय हासिल किया।

इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि खेलकूद के आयोजनों से हमेशा शरीर में स्फूर्ति व मन और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी खेलकूद में प्रतिभा ही दबी हुई है। उसको निखारने की जरूरत है। सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं है। लेकिन हम सभी को अपने भविष्य को लेकर चिंता करने की जरूरत है। तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी सेवानिवृत्त रामकेश सिंह यादव ने कहा कि खेलकूद हमेशा हार जीत के लिए नहीं खेला जाता बल्कि हार में ही जीत छुपा होता है। बच्चों को हमेशा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करना चाहिए कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।

फाइनल बाइक ओम साईं राम स्पोर्टिंग क्लब गुलरिया और टारगेट स्पोर्टिंग क्लब मुगलसराय के बीच खेला गया है। पहले टॉस जीतकर ओम साईं राम ने बल्लेबाजी की जहां 16 ओवर में 2 विकेट गवांकर 228 रन बनाकर एक लंबा स्कोर खड़ा किया वही टारगेट स्पोर्टिंग क्लब 5 विकेट में 80 रन बनाकर ही सभी खिलाड़ी पवेलियन लौट गए जिससे साईं राम स्पोर्टिंग क्लब ने 140 रनों से जीत हासिल कर लिया। इस दौरान अमित सिंह, शंकर सिंह, अजय सिंह राजपूत, दीनबंधु मिश्रा, राकेश सिंह, मनोज सिंह, शिवाकांत तिवारी, विजय अग्रहरी, सुजीत कुमार, काशी यादव, अभिषेक,विवेक, शिवम, भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर लोगों ने मंदिरों में टेका मत्था



बाबा कीनाराम का दर्शन पूजन व हवन करते ग्रामीण

**चहनियां।** नव वर्ष के पहले दिन मंदिरों देवालयों में लोगो ने मत्था टेक कर दिन की शुरूआत किया । वही लोगो ने बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नान दान किया । दिन भर लोगो को नव वर्ष की बधाइयां देने का दौर चला । नव वर्ष मंगलमय की शुभकामनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगो ने बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नान कर मंदिरों देवालयों में दर्शन पूजन किया। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में अत्यधिक ठंड के बावजूद नए वर्ष के प्रथम दिन बाबा कीनाराम में हजारों दर्शन पूजन करने वाले श्रृद्धालुओ की भीड़ लगी रही। व्यवसायी सरकारी कर्मचारियों तथा छात्र ,छात्राओ आदि का भीड़ सुबह से ही लगी रही । युवा वर्ग के उत्साही लोग रेस्टोरेंट में जश्न मनाते रहे। घरों में भी जमकर जश्न मनाया गया।

# रमेश उर्फ पप्पू केशरी बने सांसद प्रतिनिधि



राजेश कुमार को नियुक्ति पत्र देते सांसद पकौड़ी कोल

जनसंदेश न्यूज

**नौगढ़।** सांसद पकौडी.लाल कोल ने अपने राबर्टसगंज संसदीय क्षेत्र के विधान सभा चकिया अन्तर्गत विकास खण्ड नौगढ का प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी को नियुक्त किया है।

जिलाधिकारी ईशा दूहन को प्रेषित पत्र में सांसद पकौड़ी लाल कोल ने इंगित किया है कि संसदीय क्षेत्र के विधानसभा चकिया का विकास खण्ड नौगढ अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। लोग कम पढे लिखे होने के कारण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ठीक से नही उठा पाते हैं। आम लोगों का सहयोग के लिए मेरे अनुपस्थिति में संबंधित जिला एवं विकासखंड मे होने वाली बैठकों कार्यक्रमों में रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी मौजूद रहकर संसदीय कार्यों में सहयोग करेंगे। इसकी जानकारी होते ही शुभचिंतकों मे काफी हर्ष व्याप्त है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**सकलडीहा।** क्षेत्र के अमिलाई गांव के समीप रविवार को घना कोहरे के कारण तीन बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर जूटे आस पास के लोगो ने तत्काल तीनो को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार घायल सकलडीहा निवासी बताये गए। चालक वाहन स्वामी राजू गुप्ता 25 वर्ष दीपा कुमारी 20 व रोशनी कुमारी 19 वर्ष अपने निजी काम से कही जा रहे थे जैसे ही तीनो अमलाई गांव के समीप पहुंचे कि घने कोहरे कारण उनकी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में तीनो के हाथ पैर व चेहरे पर गंभीर चोटे आई। ग्रामीणों ने घायलो को देख तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन कर सकलडीहा सामूदायिक स्वास्थ्य पर भर्ती कराया । वही प्राथमिक इलाज के दौरान रोशनी व दीपा की हालत ठीक बताई गई परन्तु राजू गुप्ता की हालत गंभीर देख डॉ0 धीरेंद्र सिंह ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कस्तूरबा की बच्चियों संग मनाया नववर्ष



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चियों को केक खिलाती जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की पत्नी सपना सिंह

**चकिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार की दोपहर सपरिवार पहुंचकर बच्चियों के साथ केक काटकर नए वर्ष का जश्न मनाया।

इस दौरान जिला बेसिक और उनकी पत्नी ने केक और मिठाई बांट कर उनको आशीर्वाद दिया। मुरारपुर ग्राम सभा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार की दोपहर पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने पत्नी सपना सिंह और बेटी शगुन सिंह के साथ कस्तूरबा की बच्चियों के साथ घुल मिलकर नए साल का जश्न मनाया।

इस दौरान जिला बेसिक और उनकी पत्नी ने केक काटकर बच्चियों को अपने हाथों से खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कस्तूरबा की आवासीय बच्चियों के साथ जश्न मनाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कस्तूरबा की बच्चियों द्वारा जिला बेसिक को स्मृति स्वरूप उनका चित्र बना फोटो फ्रेम भेंट किया। इस दौरान विद्यालय की प्रभारी वार्डन रंजना पटेल, साधना तिवारी, भूपेंद्र यादव दिनेश कुमार मौर्य, कन्हैयालाल, चिंता, समुद्र देवी सहित तमाम बच्चियां मौजूद रही।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

जनसंदेश न्यूज





मां शीतला पब्लिक स्कूल के खेलकूद कार्यक्रम में सम्मानित होते उम्दा प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

**चंदौली।** मां शीतला पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान इनडोर व आउटडोर खेलों में बच्चों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। अंतिम दिन शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मिस क्विन वैभवी पांडेय व मिस्टर किंग संदीप रहे। इसके अलावा मिस परफार्मेंस का अवार्ड आलिशा को मिला। इसका शुभारंभ प्रबंधक अजय उर्फ कमलेश सोनकर ने किया।

उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाया। कहा कि बच्चों ने पांच दिवसीय खेलकूद में उम्दा प्रदर्शन किया है। निश्चित ही आगे चलकर इनकी प्रतिभाओं में और निखार आएगा। विद्यालय के शिक्षक बच्चों के हुनर को तरासने में अपना सहयोग ऐसे ही प्रदान करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को भी बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखने और देश की संस्कृति व सभ्यता एवं संस्कारों से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने नृत्य व गीत की सुंदर प्रस्तुति कर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर अश्वनी कुमार पांडेय, कावेरी पांडेय, शालू विश्वकर्मा, चन्दा यादव, संदीप व मनीष आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधानाचार्य दीपक कुमार सिंह ने किया।

# हाइवा की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, आक्रोशितों ने लगाया जाम

**गुस्सा**

## पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा



मौके पर पुलिस प्रशासन से वार्ता करते लोग

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के कोठा टोला में रविवार की सायं छः बजे हाईवा की टक्कर से बाईक सवार युवक गंभीर रूप घायल हो गया।घायल युवक को इलाज हेतू ओबरा परियोजना अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना से गुस्साएं लोगों ने ओबरा डाला मार्ग को जाम कर दिया।घंटो बाद पुलिस ने हल्का-फुल्का बल प्रयोग करके रास्ता को खाली कराया।

ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराज नगर निवासी 32 वर्षीय सत्यम ऊर्फ मनीष पुत्र रमेश चौरसिया शराब की दुकान पर शराब लेने के लिए ज्यों ही मुड़ा की अचानक ओबरा की तरफ से आ रही एक हाइवा ने टक्कर मार दिया, अचानक टक्कर लगने की वजह से मोटरसाइकिल सवार हाईवा के अगले हिस्से में फंस गया।दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए।हाइवा ट्रक में फंसे सत्यम को इलाज के लिए एक टेम्पो से ओबरा परियोजना अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना की खबर लगते ही गजराज नगर से सैकड़ों लोग आ गए और मुआवजे की मांग को लेकर ओबरा-डाला मार्ग को जाम कर दिया।जाम होने की सूचना मिलते ही आनन फानन मे सीओ सिटी राहुल पाण्डेय, चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत व डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स मौके पर पहुच गए और लोगों को समझाने बुझाने में जुट गए।समझाने के दौरान कुछ लोग आक्रोशित हो गए।आक्रोशित लोगों को तितर बितर करने के लिए हल्का पुलिस बल का प्रयोग करना पड़ा। पुलिस की सख्ती देखते ही सभी लोग मौके से भाग निकले, तब जाकर ओबरा डाला मार्ग का संचालन बहाल हो सका।

## पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शिक्षकों ने जताया शोक

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के जिलामंत्री प्रत्युष त्रिपाठी के पिता पूर्व प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष रहे जयप्रकाश त्रिपाठी के शनिवार को आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में सर्वप्रथम उपस्थित सभी शिक्षक पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने शोक सभा की अध्यक्षता की। श्री सिंह ने कहा कि उनके निधन से शिक्षक समाज को बड़ी चोट पहुंची है। श्री पांडेय हमेशा शिक्षकों की आवाज को बुलंद करते रहे। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि उनके निधन से शिक्षक परिवार को अपूर्णनीय क्षति हुई है। इस मौके पर नारायण उपाध्याय, डॉ रियाज अहमद, अमित कुमार राय, रत्नेश राय, जयशंकर राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, सूर्यप्रकाश राय, सत्येन्द्र सिंह, पंकज राय, जयप्रकाश राय, पुष्कल तिवारी, कुँवर अविनाश गौतम, अभिषेक राय, प्रदीप कुमार वैश्य, राजकुमार राम, अरविंद पाठक आदि उपस्थित थे।

## रेलवे प्लेटफार्म पर फर्राटा भर रहीं बाइकें

गाजीपुर। सिटी रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म इन दिनों पूरी तरह से सड़क बन गई है। बाइक और साइकिल सवार प्लेटफार्म पर बिना किसी डर भय के फरार्टा भरते दिखाई पड़ते हैं। सब कुछ जानते हुए भी आरपीएफ द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यह यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो इन दिनों नगर सहित स्टेशन से सटे गांवों के बाइक और साइकिल चालकों के चलने के लिए मुफीद रस्ता बन गया है। दिन हो या रात वह बिना किसी डर भय इस फरार्टा भरते हैं। कई बार तो प्लेटफार्म पर यात्री बाइकों की चपेट में आकर घायल हो गए हैं। यही नहीं स्टेशन के बाहर वाहन स्टैंड होने के बाद भी लोग बाइक और साइकिल प्लेटफार्म पर ही खड़ी कर ट्रेन से यात्रा करने चले जाते हैं जबकि स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट पर जवानों की तैनाती भी है फिर भी ड्यूटी के प्रति सजग नहीं रहते हैं, जबकि रेलवे द्वारा प्लेटफार्म पर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश आरपीएफ पुलिस को है।

## बिग बैश लीग में इस खिलाड़ी ने सीमा रेखा पर पकड़ा हैरतअंगेज कैच

ब्रिसबेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच केएफसी बिग बैश लीग मैच में सीमा रेखा पर सबसे अजिबिगरिब कैचों में से एक पकड़ा गया। गाबा में सिडनी सिक्सर्स ब्रिस्बेन के 225 के विशाल स्कोर का पीछा कर रहे थे, जीत के लिए 11 गेंदों में 26 रनों की जरूरत थी. 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर सिल्क ने मार्क स्टेकेटी की गेंद को लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारने की कोशिश की लेकिन वहां फील्डिंग कर रहे माइकल नेसर ने उसे लपक लिया. जैसे ही वह रेखा के ऊपर से आगे बढ़ रहा था, उसने गेंद को ऊपर फेंकने के लिए संतुलन बनाया, गेंद अभी भी छक्के के लिए जा रही थी. इसके बाद उन्होंने दूसरी बार छलांग लगाई, गेंद को रस्सियों के अंदर उछाला और सिल्क ने बाहर आकर गेंद को लपक लिया।



# यो-यो टेस्ट और डेक्सा अब चयन मापदंड का हिस्सा होंगे

## बीसीसीआई ने भारतीय टीम की समीक्षा बैठक के बाद कहा, वर्ल्ड कप के लिए 20 खिलाड़ियों के नाम भी शॉर्टलिस्ट

**मुंबई।** मुंबई में रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा बुलाई गई सीनियर टीम की समीक्षा बैठक से जो प्रमुख सिफारिशें आई हैं, उनमें यो-यो टेस्ट और डेक्सा अब चयन मापदंड का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन के योग्य होने के लिए पर्याप्त घरेलू सत्र खेलना होगा।

बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के लिए 20 खिलाड़ियों के नाम भी शॉर्टलिस्ट कर लिए हैं, जो टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। अगर कोई खिलाड़ी चोट से वापसी करता है और यो-यो टेस्ट और डेक्सा टेस्ट पास कर लेता है तो उसे विश्व कप में खेलने की अनुमति मिल सकती है।

बीसीसीआई ने कहा कि पुरुषों के एफटीपी और आईसीसी वनडे 2023 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए, एनसीए आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ मिलकर आईपीएल 2023 में भाग लेने वाले लक्षित भारतीय खिलाड़ियों की निगरानी के लिए काम करेगा। यह बैठक श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले हुई है, जो 3 जनवरी से मुंबई में शुरू हो रही है। यह टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड द्वारा भारत को दस विकेट से हराने के बाद आयोजित होने की प्रक्रिया में था, जिसने 2013 के बाद से आईसीसी प्रतियोगिताओं में बेहतर नहीं किया है, 2013 में एमएस धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। बीसीसीआई ने यह भी कहा कि आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के रोडमैप के साथ बैठक के दौरान खिलाड़ी की उपलब्धता, कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस मापदंडों के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसकी मेजबानी भारत वर्ष के अंत में करेगा। संयोग से, भारत का आखिरी वनडे विश्व कप खिताब 2011 में घर पर आया था। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, मानद सचिव जय शाह, कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, क्रिकेट के प्रमुख (एनसीए) वीवीएस लक्ष्मण और वरिष्ठ पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने भाग लिया, जिनके पैनल को नवंबर में बर्खास्त कर दिया गया था। बीसीसीआई की समीक्षा बैठक में बैंक के निदेशकों ने चर्चा की कि अपने खेल को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। बीसीसीआई की समीक्षा बैठक में यह फैसला किया गया कि राष्ट्रीय टीम के लिए युवा खिलाड़ियों का चयन करते समय घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन को ध्यान में रखा जाएगा। हालाँकि, इउउक ने तब से एक बयान जारी कर कहा है कि यह केवल एक अस्थायी उपाय है।

बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा सभी उपस्थित थे. साथ ही, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा मौजूद रहे। बीसीसीआई ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों के उपलब्ध रहने, टीम को कैसे मैनेज किया जाएगा और खिलाड़ी के फिटनेस के बारे में बात की. उन्होंने 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना पर भी चर्चा की है। बीसीसीआई की समीक्षा बैठक में क्रिकेट को लेकर अहम बातें तय हुईं. राष्ट्रीय टीम के लिए चयन प्रक्रिया में घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ी के प्रदर्शन को देखना शामिल होगा। टीम कौन बनाता है यह तय करने में यह मुख्य कारक होगा। अब से सभी खिलाड़ियों को यो-यो टेस्ट में खेलने के लिए डेक्सा टेस्ट पास करना होगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी आईपीएल टीमों के साथ मिलकर उन खिलाड़ियों पर नजर रखेगी जो आईपीएल 2023 का हिस्सा होंगे। *एजेंसी*

**चोट से वापसी करने वाला खिलाड़ी यो-यो टेस्ट और डेक्सा टेस्ट पास कर लेता है तो उसे विश्व कप में खेलने की अनुमति मिल सकेगी**




## आंद्रेस्कू ने एडिलेड टेनिस इंटरनेशनल में मुगुरुजा को हराया



**एडिलेड।** कनाडा की बियांका आंद्रीस्कू ने रविवार को यहां एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में स्पेन की गरबाइन मुगुरुजा को एक संघर्षपूर्ण मैच में 0-6, 7-6 (3), 6-1 से हराया। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन आंद्रीस्कू एक समय 0-6, 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और दो घंटे 12 मिनट तक चले मैच में जीत दर्ज की। आंद्रीस्कू ने इस जीत से मुगुरुजा के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 3-0 कर दिया। आंद्रीस्कू ने बाद में कहा कि मैंने दूसरे सेट में अपनी रणनीति बदली। मैंने स्वयं से कहा जो कुछ भी हो जाए तुम्हें अपनी रणनीति पर अडिग रहना है। इस टूनार्मेंट में सभी की निगाहें पुरुष एकल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पर टिकी रहेंगी जो सोमवार को पहले दौर के मैच में फ्रांस के कॉन्स्टेंट लेस्टीन से भिड़ेंगे। जोकोविच को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। जोकोविच ने 2007 में 19 साल की उम्र में एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब जीता था जो उनका तीसरा एटीपी टूर खिताब था।

# धोनी-कोहली ने दुबई में मनाया न्यू ईयर, कप्तान रोहित शर्मा मालदीव गए

## पंड्या ने शेयर की सेलिब्रेशन के फोटोज




नए साल का जश्न मनाने में टीम इंडिया के स्टार्स भी पीछे नहीं रहे। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली फैमिली के साथ दुबई में रहे और उन्होंने वहीं न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। रोहित शर्मा पत्नी के साथ मालदीव में मौजूद हैं। उन्होंने नया साल वहां के खूबसूरत माहौल में मनाया।

पिछले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज की कप्तानी हासिल करने वाले हार्दिक पंड्या भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने नया साल सेलिब्रेट किया और इसके फोटो सोशल मीडिया पर शेयर। लोकेश राहुल एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ नजर आए।

धोनी ने दुबई के द पाम होटल में नए साल का जश्न मनाया। पत्नी साक्षी ने रविवार सुबह 'ए स्काई फुल स्टार्स' लिखते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें धोनी बेटी जीवा को गोद में लिए रात के आसमान में आतिशबाजी का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं।

टी-20 से ब्रेक पर चल रहे विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ फोटो शेयर कर नए साल की शुभकामनाएं दीं। अनुष्का ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विराट के साथ एक तस्वीर शेयर की। विराट के साथ दुबई में उनके भाई-बहन भी है। कोहली श्रीलंका के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वो 3 मैचों की वनडे सीरीज के जरिए क्रिकेट मैदान पर वापसी करेंगे।

श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पत्नी नताशा स्टेनकोविक के साथ फोटो शेयर का शुभकामनाएं दी। यह फोटो किसी होटल में पार्टी से पहले का है।





*सूर्यकुमार यादव 2023 के पहले दिन पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर*

सूर्यकुमार यादव साल के पहले दिन रविवार को सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। इंस्टाग्राम पर उन्होंने स्टोरी अपलोड की। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव को उप-कप्तान बनाया गया है। वो इस साल वनडे टीम में भी दिखेंगे।

# भारत दौरे से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**19 साल में पहली बार भारत में सीरीज जीतना ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य**

**रणनीति के साथ पिच पर उतरेगी टीम फिटनेस बरकरार रखना है जरूरी**

**अभ्यास मैच खेलने के बजाय शिविर लगाने की योजना**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि विदेशी दौरों से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने की उनकी रणनीति भारत के खिलाफ फरवरी-मार्च में होने वाली चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में भी कारगर साबित होगी।

ऑस्ट्रेलिया का बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले अभ्यास मैच खेलने की संभावना नहीं है और वह नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच से एक सप्ताह पूर्व ही भारत आएगा। मैकडोनाल्ड ने कहा कि भारत जाकर अभ्यास मैच खेलने और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से अधिक महत्वपूर्ण मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रहना है। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य 19 साल में पहली बार भारत में श्रृंखला जीतना है।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमने विदेशी दौरों पर पिछली कुछ श्रृंखलाओं में अभ्यास मैच नहीं खेलने की रणनीति अपनाई है। हमें लगता है कि हमारी टीम को इस तरह के मैच अभ्यास की जरूरत नहीं है। हम पहले टेस्ट मैच से एक सप्ताह पूर्व ही भारत जाएंगे। हम तैयारियों पर बहुत अधिक समय खर्च नहीं करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया का पिछले साल मार्च में पाकिस्तान दौरे के समय अपनाई गई इसी तरह की रणनीति कारगर साबित हुई थी और तब उसने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती थी।

ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान मेलबर्न में शिविर में विशेष रूप से तैयार पिचों पर अभ्यास किया और वह रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट में से एक सप्ताह पूर्व ही पाकिस्तान पहुंचा था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमें लगता है कि तैयार होने और चार टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला के दौरान फिटनेस बरकरार रखने के लिए एक सप्ताह का समय पर्याप्त है। हमने ऐसा करके पाकिस्तान में सफलता हासिल की थी। हमने वहां पहले मैच से पूर्व काफी कम समय बिताया था।

ऑस्ट्रेलिया ने इस बार भारत दौरे से पहले उन खिलाड़ियों के लिए सिडनी में तीन दिवसीय शिविर लगाने की योजना बनाई है जो बिग बैश लीग में नहीं खेल रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हम अपनी परिस्थितियां तैयार कर सकते हैं। हमने पूर्व में पाकिस्तान दौरे से पहले ऐसा किया था। हमने ऐसे विकेट तैयार किए थे जो हमारे उद्देश्य के अनुकूल थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय मैदानकर्मियों के साथ काम करने से हमें वास्तव में मदद मिलती है। हमें लगता है कि अभ्यास मैच खेलने के बजाय हमें इससे अधिक सहायता मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में आखिरी बार 2004-05 में एडम गिलक्रिस्ट की अगुवाई में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी। वह 2017 में पुणे में पहला टेस्ट मैच जीतकर श्रृंखला जीतने की स्थिति में पहुंचा था लेकिन विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके 2-1 से श्रृंखला अपने नाम कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने उस समय दुबई में आईसीसी अकादमी में विशेष रूप से तैयार पिचों पर 10 दिन तक कड़ा अभ्यास किया था। उसने पुणे में पहले टेस्ट में से पूर्व भारत में नौ दिन बिताए थे। मैकडोनाल्ड ने संकेत दिया कि वह बड़ी टीम लेकर भारत जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई की गेंदबाजी के अगुआ मिशेल स्टार्क और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हां मुझे पूरा विश्वास है कि वह (ग्रीन) तब तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। हमें लगता है कि वह पहले टेस्ट में खेलने के लिए तैयार रहेगा। पीटर हैंड्सकॉम्ब, मिशेल स्वेपसन और टॉड मर्फी जैसे खिलाड़ियों को भी दौरे के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है।



## ऋषभ पंत समेत ये दिग्गज खिलाड़ी हो सकते हैं आईपीएल से बाहर



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन के मिनी ऑक्शन हाल ही में समाप्त हुए थे। इस ऑक्शन में इंग्लैंड के दिग्गज आलराउंडर सैम करन और ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज कैमरून ग्रीन जैसे कई युवा खिलाड़ियों का बोलबाला देखने को मिला था। वहीं आईपीएल के आगामी सीजन से पहले कुछ टीमें इंजरी की समस्या को लेकर काफी परेशान हैं। उसमें से मुंबई इंडियंस लिए टेंशन ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम दो दिग्गज खिलाड़ियों की चोट से चिंतित हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स अपने कप्तान ऋषभ पंत के भयानक एक्सीडेंट के बाद अलग ही संकट में फस गई है। ऋषभ पंत समेत आईपीएल के कुल पांच ऐसे दिग्गज खिलाड़ी हैं जो आईपीएल आगामी सीजन से बाहर हो सकते हैं। उनमें से दो खिलाड़ी मुंबई इंडियंस के हैं। वहीं एक खिलाड़ी पंजाब किंग्स और एक खिलाड़ी आरसीबी का हैं। कप्तान ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद दिल्ली कैपिटल्स खुद चिंता में पड़ गई है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत का 30 दिसंबर 2022 की सुबह दर्दनाक एक्सीडेंट हो गया था। इस घटना में ऋषभ पंत को काफी चोटे आई. पंत के घुटने का लिगामेंट फट गया है, वहीं उनके सिर में और पीठ में भी चोट लगी है। इस घटना के बाद अभी कुछ साफ नहीं है कि ऋषभ पंत कितने समय में पूरी तरह फिट होकर मैदान पर लौट पाएंगे। डॉक्टरों के बयान और विशेषज्ञों की राय के मुताबिक लिगामेंट इंजरी में कम से कम 2 महीने और ज्यादा से ज्यादा 6 महीने रिकवर होने में लगते हैं। ऐसे में अप्रैल-मई में होने वाले आईपीएल के 16वें सीजन में ऋषभ पंत के खेलने पर खतरा हो सकता है।

# स्मृति मंधाना : एक बार फिर आईसीसी ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के तौर पर किया नामांकित



**नई दिल्ली।** जाते साल के आखिरी दिन खबरों से भरपूर रहे। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां का निधन, दुनियाभर में फुटबॉल के भगवान माने जाने महान पेले का निधन और सड़क दुर्घटना में ऋषभ पंत के घायल होने जैसी बड़ी खबरों के बीच खेल के पन्ने पर छपी एक कॉलम की खबर देखने में तो छोटी थी, पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना के लिए बहुत बड़ी थी। दरअसल उन्हें एक बार फिर आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। कहने को यह नामांकन भर है और बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज के सामने दुनिया की बेहतरीन खिलाड़ियों से बाजी मार लेने की चुनौती है। आईसीसी ने 2022 के लिए वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए कुल चार महिला खिलाड़ियों को नामांकित किया है। इनमें मंधाना के अलावा इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट सीवर, न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर और ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वैसे मंधाना के इस साल के प्रदर्शन को देखें तो उनके विजेता होने के आसार ज्यादा नजर आते हैं। मंधाना ने 2022 में भारत के लिए टी20 में 594 रन बनाए और उनसे ज्यादा रन दुनिया में किसी ने नहीं बनाए। इसी तरह एकदिवसीय क्रिकेट में 696 रन के साथ वह दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। स्मृति ने इस साल दो बड़े टूनार्मेंट- महिला वनडे वर्ल्ड कप और राष्ट्रमंडल खेलों में अपने बल्ले का जौहर दिखाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रारंभिक जीवन और शिक्षा की बात करें तो महाराष्ट्र के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखने वाली स्मृति मंधाना का जन्म 18 जुलाई 1996 को मुंबई में श्रीनिवास और स्मिता मंधाना के यहां हुआ। स्मृति बहुत छोटी थीं, जब उनका परिवार सांगली जिले के माधवनगर में जाकर बस गया। उन्होंने अपने पिता और भाई को बहुत छुटपन से ही जिला स्तर पर क्रिकेट खेलते हुए देखा तथा बैट, बॉल, विकेट, पैड और ग्लव्ज के साथ उनकी पहचान बहुत जल्दी हो गई। पहचान हो तो दोस्ती होते वक्त नहीं लगता। देखते ही देखते स्मृति ने बल्ले के साथ अपनी दोस्ती बढ़ा ली और उनके भाई ने उनके लिए गेंदबाजी करके उन्हें बल्लेबाजी का अभ्यास कराया। इसी का नतीजा था कि मात्र नौ साल की उम्र में उन्हें महाराष्ट्र की अंडर 15 टीम में चुन लिया गया। अभी 11 बरस की ही हुई थीं कि महाराष्ट्र की अंडर-19 टीम में उनका चयन हो गया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन और आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए उन्हें 2014 में महिला टेस्ट क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। स्मृति का परिवार उनके खेल को बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से लगातार प्रयास करता है। मां स्मिता जहां उनकी डाइट, उनके कपड़े और अन्य जरूरतों का ख्याल रखती हैं, वहीं भाई अब भी नेट में गेंदबाजी करते हैं। पिता केमिकल का कारोबार करने के साथ साथ स्मृति के क्रिकेट कार्यक्रम का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी संभालते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी की चमक जब तब दिखाई देती रहती है और बहुत मुमकिन है कि एक बार फिर वह आईसीसी की तरफ से वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर करार दी जाएं। *एजेंसी*



कार एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल भारतीय टीम के क्रिकेटर ऋषभ पंत से मिलने उत्तराखंड के सीएम रविवार को अस्पताल पहुंचें। ऋषभ पंत पिछले तीन दिन से देहरादून के अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। ऋषभ पंत के हेल्थ अपडेट पर सब की नजर बनी हुई है।

# ईंट से सिर कूंचकर युवक की निर्मम हत्या

**दहशत**

**झाड़ी में मिला निर्वस्त्र शव**

**बरसठी के सराय विक्रम गांव में शनिवार की रात हुई वारदात**

**खोजी कुत्ते के दिए सुराग पर संदिग्ध युवक हिरासत में**

**मौके पर शराब की शीशियां और खून से सनी ईंटें मिलीं**

**बरसठी।** सराय विक्रम गांव में शनिवार की रात युवक की ईंट से सिर कूंचकर हत्या कर शव झाड़ी में फेंक दिया गया। रविवार की सुबह निर्वस्त्र शव दिखाई पड़ते ही गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर बुलाए गए खोजी कुत्ते के दिए सुराग पर पुलिस संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गांव निवासी 40 वर्षीय पंधारी वनवासी का खून से लथपथ शव गांव के दक्षिण तरफ भगवान सिंह के घर के पास झाड़ी में देखकर किसी ग्रामीण ने शोर मचाया। मृतक के शरीर पर कोई वस्त्र नहीं था। पंधारी की हत्या सिर कूंचकर की गई थी। घटनास्थल पर रक्तरंजित दो ईंट, शराब की बोतल व चिलम पड़ी थी। जहां शव पड़ा था, उससे करीब 40 फीट दूर खड़ंजा पर हत्या की गई थी। वहां भी खून गिरा था। मृत युवक की पत्नी छन्ना देवी ने गांव के दो युवकों पर शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। कुछ ग्रामीणों ने रात करीब आठ बजे पंधारी को गांव के ही बउआ वनवासी व गोविंदा गौतम के साथ नशे की हालत में बाजार में टहलते देखा था।

बरसठी के साथ ही मड़ियाहूं कोतवाली की पुलिस भी मौके पर आ गई। सीओ मड़ियाहूं अशोक सिंह ने भी आकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने सुराग की तलाश में मदद के लिए जिला मुख्यालय से खोजी कुत्ता व फारेंसिक टीम को बुलाया। खोजी कुत्ता घटनास्थल व शव सूंघने के बाद गांव की अनुसूचित जाति बस्ती तक गया। इसी आधार पर पुलिस बस्ती के एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**मजदूरी कर परिवार का करता था भरण-पोषण**

मृत पंधारी वनवासी मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार में पत्नी छन्ना देवी, दो बेटियां सात बरस की व दो वर्ष की रंजू और भाई झुल्लुर है। पत्नी व भाई रो-रोकर बेहाल हैं।

> मामले की छानबीन गहराई से की जा रही है। जल्द ही कातिलों को गिरफ्तार कर राजफाश कर दिया जाएगा।
>
> **अशोक सिंह, सीओ मड़ियाहूं**

## अधिवक्ता की मोबाइल छीनकर भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**पवांरा।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनूप कुमार शुक्ल पुत्र भैयालाल शुक्ल निवासी थौर जलालपुर रविवार को अपने गांव से बाइक द्वारा अपने मामा को बैठाकर इलाहाबाद जा रहे थे। पवांरा बाजार से एक किलोमीटर आगे बाइक पर सवार तीन अज्ञात लोग पीछे से आकर चलती बाइक पर उनके मामा के हाथ से मोबाइल झपट्टा मारकर भागने लगे जिसका उन्होंने पीछा किया और 6-7 किलोमीटर आगे जाकर तीनों बाइक सवार ई-रिक्शा से टकराकर गिर गये जिनमें से एक मौके से भाग गया और दोंनों को पकड़ कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों बदमाशों राहुल पटेल पुत्र फूलचन्द्र पटेल, अनूप पटेल पुत्र जवाहर लाल पटेल निवासीगण करौंदा थाना पवांरा को पकड़कर थाने लायी। पुलिस अधिवक्ता अनूप कुमार शुक्ल की तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों व एक अज्ञात के खिलाफ धारा 356 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# नौकरी करने गए युवक की छत से गिरकर मौत

**हादसा**

**परिजनों में छाया मातम**

**रोजी-रोटी के लिए नोएडा में करता था नौकरी**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** नोएडा शहर में नौकरी करने गए सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के नरौली गांव के एक युवक की शनिवार को छत से गिरने पर दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि नरौली गांव निवासी रामचरन यादव का 25 वर्षीय पुत्र पंकज यादव विगत 3 वर्षों से नोएडा में रहकर एक निजी स्मार्टफोन कंपनी में नौकरी करता था। शनिवार शाम वह जब छत पर बैठा था इसी दौरान वह छत से गिर गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई।



मृतक की फाइल फोटो

मृतक के परिजनों ने बताया कि पंकज भाइयों में दूसरे स्थान पर था। पंकज के बड़े भाई की शादी बीते वर्ष हो चुकी थी। घर का खर्च पंकज वहन करता था।

पंकज की मौत से घर का जलता हुआ चिराग बुझ गया। पंकज के परिवार में भाई और बहन को मिलाकर कुल 6 लोग थे जिसमें से दो लोगों की शादी हो गई थी। शनिवार शाम को पंकज छत पर टहलने के लिए गया हुआ था और इसी दौरान व छत की इमारत से नीचे गिर गया जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। वहीं दर्दनाक मौत की घटना से पंकज के पिता रामचरन और उनकी माता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

रामचरन ने बताया कि पंकज की शादी का योजना बनाई जा रही थी। मौत की खबर ने सारे अरमानों को तहस-नहस कर दिया। वहीं घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में मायूसी छा गई है। सुबह से ही शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए लोगों के आने-जाने का सिलसिला जारी है।

# नई सब्जी मंडी में लगी भीषण आग



**शाहगंज।** आजमगढ़ मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति नई सब्जी मंडी में अज्ञात कारणों से रात तीन बजे आग लग गयी। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर अपनी चपेट में दो डीसीएम वाहन, दो गोदाम को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने अथक प्रयास से आग पर काबू पाया। हालांकि फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आ गयी।

**दो डीसीएम वाहन तीन हजार खाली कैरेट, तीन डीप फ्रिजर जला**

मंडी में शोभनाथ मौर्या का गोदाम है। गोदाम में लगभग तीन हजार प्लास्टिक कैरेट समेत बगल में तीन डीप फ्रिजर रखा था जो आग की चपेट में आने से पूरी तरह जल गया। वहीं गोदाम के बाहर खड़े शोभनाथ मौर्या एवं मोहम्मद नसीम राईन का डीसीएम आग की चपेट में आ गया। दोनों डीसीएम पूरी तरह जल कर खाक हो गया। सूचना के बाद कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय मयफोर्स के मौके पर पहुंच गए। वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी जिले से आने में काफी देर हो चुकी था। भुक्तभोगियों के मुताबिक दस लाख रुपये मूल्य से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

# त्याग, वात्सल्य व बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है मां

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की 20वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव बनसफा में रविवार को श्रद्धापूर्वक मनायी गई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने के लिए दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहा।

**कार्यक्रम**

**पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता लालती देवी की 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने बनसफा में उमड़ी भीड़**



स्व. लालती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री जमा खां ने कहा कि मां त्याग, वात्सल्य और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है। वह अपने बच्चों की कुशलता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहती है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि मां ईश्वर की धरती पर सर्वोत्कृष्ट कृति है। माँ की सेवा भक्ति का सौभाग्य जिसे मिला वही व्यक्ति धरती पर सबसे धनवान है। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहाकि स्व. लालती देवी में एक आदर्श मां के सारे गुणों का समावेश था, उन्होंने सदैव गरीब असहायों की भलाई के लिए कार्य किया। अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि मां के बताए रास्ते पर चलकर जरूरत मंद लोगों की आजीवन सेवा करता रहूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला धनंजय सिंह ने अतिथियों के साथ लालती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शनिवार से ही आरंभ श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री व चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डा. समर बहादुर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू, वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, प्रमुख बक्शा मनोज यादव, महराजगंज के प्रमुख विनय सिंह, रामपुर प्रमुख राहुल सिंह, विजय सिंह धीरू, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र बहादुर सिंह, शिक्षक रमेश सिंह, संतोष सिंह, अमित सिंह, राकेश सिंह, सुधाकर सिंह, सुशील उपाध्याय सहित जनपद व गैर जनपद के विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

अध्यक्षता पूर्व विधायक राजदेव सिंह व संचालन प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह ने किया।

## संक्षेप



गिरफ्तार आरोपी और पुलिस टीम

### गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मियांपुर गांव के समीप मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के बकुची गांव निवासी सुफियान पुत्र स्व. खलिल को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर एसआई विजय सिंह गौड़ ने हमराहियों के साथ मियांपुर गांव के समीप 2 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर भादवि की धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को चालान भेज दिया गया।

### सेवानिवृत्त दो उप निरीक्षकों को दी गई विदाई

**सुजानगंज।** थाना परिसर में रविवार को प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला द्वारा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को अंग वस्त्र, श्रीरामचरित मानस व माला पहना कर उनकी विदाई की गई। थाना के सभी पुलिस कर्मचारियों ने अपने सीनियर का माला पहनाकर विदाई की। भगवानदास, श्रीराम सिंह लगभग 2 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे थे, 31 दिसंबर 2022 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर एसआई शिवपूजन, मनजीत कुमार, सुरेश कुमार सिंह, कांस्टेबल अरुण कुमार यादव, अनिल कुमार यादव, पवन यादव, विजय शंकर यादव, धनंजय यादव, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का करें काम : अजीत सिंह

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना वीमा योजना, सिंचाई हेतु सौर ऊर्जा से संचालित सौर पंप, गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए समाज कल्याण व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं, गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना के साथ ही उन योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम करें जो लोगों के जीवन स्तर को बदल सकती है। उक्त बातें चंदवक स्थित आइटीआइ परिसर में क्षेत्रीय विकास कल्याण समिति के सदस्यता अभियान समारोह को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक व समाजसेवी अजीत सिंह ने कही।



श्री सिंह ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि जागरूकता व शिक्षा के अभाव में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को नहीं हो पाती जिससे वह लाभ से वंचित हो जाते हैं। कहा कि जनजागरण के कारण ही जहां सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव डोभी स्टेशन पर सुनिश्चित हो पाया वहीं हाइवे निर्माण व किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास जारी है। एकजुट रहे, जागृत रहे सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को अरुण चौबे, रामेश्वर सिंह, जय प्रकाश राम ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता सूर्यनाथ सिंह व संचालन सुजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधान अमरजीत यादव बाले, अरविंद पाण्डेय, मोहन सिंह, सतीश सिंह, राजू सिंह, संतोष सिंह, सोनू राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बछड़े से टकराकर बाइक सवार राजगीर घायल

**जफराबाद।** क्षेत्र के लाडनपुर गांव के पास रविवार को बाईपास रोड पर गुरुवार की देर शाम को बछड़े से टकराकर 45 वर्षीय बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे चिकित्सालय भेजवाया। क्षेत्र के रामरायपट्टी निवासी सुरेंद्र राजभर राजगीर का काम करता है। वह महरुपुर गांव के पास से काम करके लौट रहे था। उक्त बाईपास पर अचानक दौड़ कर एक छुट्टा बछड़ा आकर टकरा गया जिसके कारण सुरेंद्र बाइक सहित गिर पड़ा। उसको हाथ पैर में काफी चोट आई। लोगों ने उनके घर सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गये। ज्ञात हो उक्त स्थान पर दर्जनों की संख्या में छुट्टा बछड़े व सांड़ टहलते है। अक्सर वे एक दूसरे से लड़ाई करते हुए सड़क पर आ जाते हैं। इसके कारण दुर्घटना होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आये दिन लोग बाईपास पर लाकर छुट्टा बछड़ों को लाकर छोड़ते हैं। ये काफी खतरनाक हो गए है। इसके साथ ही किसानों की फसल को भी नुकसान पहुचाते हैं।

# पांच चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**कामयाबी**

**आये दिन बाइक चोरी से व्याप्त था आतंक**

**डाक्टर से खुन्नस में पार किया मरीजों की बाइक**

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बाइक चोरी की घटनाओं में शामिल एक शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा है इसकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित चिरैयामोड़ के समीप हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक चोरी की बाइक स्प्लेंडर प्लस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान युवक आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के अहीराना गांव निवासी शनि गौतम पुत्र लालमन गौतम बताया। पकड़े गए आरोपित युवक की निशानदेही पर पुलिस ने युवक के घर से चोरी की चार और बाइक सुपर स्पेंलडर, एचएफ डिलक्स बरामद किया। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। ज्यादातर बाइक नगर के निजी चिकित्सालयों के बाहर से उड़ाये गये थे। पूछताछ में चोर ने बताया कि एक डाक्टर ने मरीज से ज्यादा पैसा ले लिया था जिससे दुश्मनी निकालने हेतु कई बाइक उसके चिकित्सालय से पार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, सलीम खान, बृजेश मिश्र, विनोद यादव, विकेश चौहान, कुंदन कुमार, चालक मनोज चौबे मौजूद रहे।



चोरी की बाइक के साथ आरोपी और पुलिस टीम

# किरन की कार्यशैली से कार्यकर्ताओं को मिलती थी प्रेरणा : सीमा द्विवेदी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** भाजपा नेत्री स्व. किरन श्रीवास्तव ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया, उनका इस दुनिया से जाना संगठन व पूरे जनपद जौनपुर के लिए अपूर्ण क्षति है।

**आयोजन**

**सर्वसमाज की नेता थीं स्व. किरन : गिरीश चंद्र यादव**



गरीब महिलाओं को साड़ी वितरित करते अतिथिगण

उक्त विचार राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने मंगलम लान मियांपुर में आयोजित स्मृति शेष किरन श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि व श्रंद्धाजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा।

सांसद श्याम सिंह यादव ने कहा कि किरन एक अच्छी समाजसेवी व कर्मठ नेत्री थी। सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि रहा करती थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द यादव ने कहा कि किरन पार्टी के प्रति समर्पित रहती थीं। उनका जिले की हर सामाजिक व धार्मिक कार्यो में विशेष योगदान रहता था। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि किरन के साथ संगठन में कार्य करने का अनुभव बेहद ही अच्छा रहा, जो भी कार्य उन्हें सौपा गया और उन्हें जिस भी क्षेत्र में संगठन द्वारा भेजा गया उन्होंने वो कार्य बहुत ही सरलता एवं समर्पण के साथ किया। उनका जाना हमारे संगठन के लिए अपूर्ण क्षति है।

एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि किरन ने अपने सेवा भाव के बल पर समाज में काफी लोकप्रियता हासिल किया था। उक्त श्रंद्धाजलि सभा में विभिन्न दलों के राजनीतिक नेताओं व सामाजिक संगठनों के लोगो ने श्रंद्धाजलि दिया। शोक संवेदना पत्र लिखकर भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि किरन भाजपा की एक सच्ची सिपाही थीं उनके त्याग व बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। मैं पूरे काशी क्षेत्र भाजपा के तरफ से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि आज यहाँ उपस्थिति विभिन्न राजनीतिक दलों की सैकड़ो लोगों की भीड़ यह दर्शाती है कि उन्होंने समाजहित में कार्य किया था उनकी कमी आज समाज को खल रही है। सपा नेता शकील अहमद ने कहा कि कोई भी त्योहार हो किसी धर्म का त्योहार हो किरन श्रीवास्तव किसी न किसी माध्यम से समाजसेवा करती रहती थी। व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल ने कहा कि किरन बिजनेस, व्यापार करने वाले लोगों के भी दुख दर्द में साथ खड़ी रहती थी। समाज में उनकी एक अलग पहचान थी। बसपा नेता व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दिनेश टण्डन ने कहा कि किरन इतनी सरल थी कि चुनाव प्रचार में भी कभी मुलाकात हो जाती थी तो ये नहीं लगता था कि हम लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि उनकी जिले के साथ-साथ प्रदेश संगठन में भी काफी लोकप्रियता थी।

मछलीशहर भाजपा जिलाध्यक्ष राम विलास पाल ने कहा कि मुझे भी किरन श्रीवास्तव के साथ कार्य करने का मौका मिला था उनकी मेहनत व लगन देखकर प्रेरणा मिलती थी। नगर पालिका आजमगढ़ की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि किरन एक महान महिला थी, महिलाओं को देखते ही उनका दुःख समझ जाती थी व निवारण हेतु लग जाती थी। श्रंद्धाजलि सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या, वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश सिंह बब्बू, दीवानी अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री जय प्रकाश सिंह कामरेड, सुरेंद्र सिंघानिया, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह, संतोष त्रिपाठी, ब्रम्हेश शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव, सरस चन्द श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता सुभाष कुशवाहा, शिक्षक नेता संतोष सिंह, वरिष्ठ नेता सुभाष अग्रहरि, कवि प्रखर ने भी सम्बोधित करते हुए अपना अपना श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किया।

उक्त अवसर पर किरन फाउंडेशन की स्थापना की गई और 51 महिलाओं को किरन श्रीवास्तव फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से साड़ी वितरण किया गया। श्रंद्धाजलि सभा में दयाशंकर निगम, पीयूष गुप्ता, सुशील मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, आनंद मोहन श्रीवास्तव, एससी लाल श्रीवास्तव, विमला श्रीवास्तव, डॉ. अंजू सिंह, करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव सहित हजारों लोगों ने अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में आये हुए लोगों का आभार आयोजक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्त किया किया।

# दिव्यांगजनों की सहायतार्थ आयोजित हुआ एक्सपो मेला

**जौनपुर।** नव वर्ष पर लायंस क्लब क्षितिज द्वारा दिव्यांगजनों के सहायतार्थ एक बिजनेस एक्सपो मेला रविवार को राजमहल मे आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-ई के मंडल अध्यक्ष सौरभ कांत व लायंस क्लब क्षितिज के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व अध्यक्ष विष्णु सहाय के द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष द्वारा सारे स्टालों का भ्रमण किया गया। बिजनेस एक्सपो मेले में चुनिंदा ब्रांड के ऑटो स्टाल, इलेक्ट्रॉनिक स्टॉल, फूड स्टॉल, बुटीक स्टॉल, गेम्स, बच्चों के झूले, घुड़सवारी आदि रहे। मेले मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक्सपो मेले में दिन भर लोगों की भीड़ रही। एक्सपो मेले में बुद्धा मोटर स्टॉल से दो ई-बाइक व पाठक होंडा से एक बाइक की बिक्री हुई और बाकी सभी स्थानों पर दिन भर ढेर सारी इंक्वायरी बनी रही। दिव्यांग बच्चों को जो मेले में आए हुए थे उन्हें टिफिन बांटी गई। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजन गहना कोठी ने किया। कार्यक्रम में मनीष गुप्ता, मोहम्मद मुस्तफा, अजीत सोनकर, देव आनन्द, दिलीप सिंह, अतुल सिंह, जय कृष्ण साहू, संजय गुप्ता, कौशल त्रिपाठी, डॉ. चंदन, हाफिज आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह व हर्षित गुप्ता द्वारा किया गया।



फीता काटकर मेले का शुभारम्भ करते मण्डल अध्यक्ष व अन्य

# गर्मजोशी से किया नए साल का स्वागत

**सीतामढ़ी में उमड़े सैलानी**

### पूरे दिन मेले जैसा दिखा माहौल, श्रद्धालुओं ने मंदिरों में टेका मत्था

जनसंदेश न्यूज


सीतामढ़ी में उमड़े सैलानी

**ज्ञानपुर।** रंगारंग सांस्कृतिक व भक्तिमय कार्यक्रमों के बीच वर्ष 2022 शनिवार की आधी रात को अलविदा हो गया। वहीं रविवार को नववर्ष के स्वागत की खुमारी लोगों के सिर चढ़कर बोली। खासकर युवाओं और युवतियों ने पूरे दिन नववर्ष का उमंग और गर्मजोशी से स्वागत किया। पिकनिक स्पॉट से लेकर मंदिरों में लोगों की खासी भीड़ दिखी।

देशों विदेशों तक रमणीक व पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थल के रूप में मशहूर काशी व प्रयागनगरी के मध्यान्तर जनपद भदोही के सीतामढ़ी गंगा तट पर स्थित सीता समाहित स्थल में तो रविवार को मेले जैसा माहौल दिखा। ठंड को मात देता लोगों का रेला सीतामढ़ी में सुबह से लेकर शाम तक लगा रहा जिससे मंदिर परिक्षेत्र गुलजार रहा। नए साल के मौके पर श्रद्धालुओं व सैलानियों की भारी भीड़ ने सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि गंगा घाट पर डुबकी लगाकर जीवन धन्य किया। नए वर्ष के शुभारंभ पर सीतामढ़ी पहुंचे हजारों भक्तों ने माँ सीता व हनुमानजी सहित अन्य देवी-देवताओं की विधिविधान से पूजा अर्चना कर मनोकामना की। इस दौरान नए साल के स्वागत के लिए सीता समाहित स्थली को प्रबंधन द्वारा आकर्षक तरीके से सजाया गया था।

वर्ष 2023 के आगाज पर प्रेमी जोड़ों व नवविवाहितों की भारी भीड़ उमड़ी जो परिसर में अलग अलग बैठकर प्रेमवार्ता में मशगूल रहे।

# जो पत्थर दिल थे ख्वाजा ने उन्हें पानी बना डाला

**हाफिज आबिद**

### दुनिया व आखिरत में कामयाब होने के लिए अपने नबी के बताए रास्ते पर चलना जरूरीः मुफ़्ती मो. हारून

### जश्ने गौसुल वरा कांफ्रेंस में समाज को दी गई नसीहत

जनसंदेश न्यूज


जश्ने गौसुल वरा कांफ्रेंस में नातो मनकबत पेश करते हाफिज आबिद

**भदोही।** जो पत्थर दिल थे ख्वाजा ने उन्हें पानी बना डाला, दिले बे नूर को नूरानी कर डाला, अना सागर चला आया मेरे ख्वाजा के कहने पर, हुसैने पाक कह देते तो पानी क्यों नहीं आता आदि नातो मनकबत पेश कर निजामत करते हुए हाफिज आबिद ने मुहल्ला गोरियाना स्थित मैदान में बीती रात अराकिने अल अक्सा कमेटी जमुंद की जानिब से आयोजित इस्लाहे मआशरा व जश्ने गौसुल वरा कांफ्रेंस में लोगों को शुरू से अंत तक लोगों बांधे रखा।

कांफ्रेंस का आगाज कुरआने हकिम की तिलावत से हाफिज अली रजा, हाफिज फहद अत्तारी व हाफिज शादाब ने की। उसके बाद शायर ताहिर रजा, फैयाज भदोहवी, सैयारे कमर व गुलाम साबिर आदि शायरों ने नातो मनकबत पेश किया।

मुबारकपुर आजमगढ़ से आये मौलाना हारून मिस्बाही ने इस्लाही तकरीर करते हुए कहा कि दुनिया व आखिरत में कामयाब होने के लिए अपने नबी के बताए रास्ते पर चलना होगा, उनकी मोहब्बत को अपने दिल मे बसानी होगी। अगर बच्चों को नेक बनाना चाहते चाहते हैं तो उन्हें शुरू से ही दीनी तालीम देनी होगी। वहीं मौलाना सैय्यद शाने आलम मिस्बाही ने कहा कि हमने मुस्तफा जाने रहमत के बताए हुए रास्ते को छोड़ दिया। गुनाहों में डूब चुके है। कहा ऐ लोगो अभी तौबा का दरवाजा खुला है रब की बारगाह में अपने गुनाहों से तौबा कर लो अल्लाह माफ करने वाला है। मौलाना मुफ़्ती जाकिर इस्माइली, मौलाना महफूज आलम, हाफिज अब्दुल माबूद, हाफिज शहजाद, हाफिज अल्तमश, हाफिज हसनैन आदि लोग भी स्टेज पर मौजूद रहे। कांफ्रेंस की सदारत हाफिज व कारी अशफाक रब्बानी व सरपरस्ती हाजी हाफिज व कारी परवेज अच्छे मियां व जेरे हिमायत हाफिज व कारी मौलाना अरफात हुसैन अशरफी रहे।

# पूजन व धर्म ध्वजारोहण कर डीएम ने माघ मेला कल्पवास का किया शुभारम्भ

**आयोजन**

### बाबा सेमराधनाथ धाम में मत्था टेककर डीएम ने सर्व कल्याण के लिए की कामना


पूजन अर्चन कर माघ मेला कल्पवास का शुभारम्भ करते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरंग राठी ने रविवार को बाबा सेमराधनाथ माघ मेलें का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन, भूमि पूजन कर एवं झंडा लगाकर शुभारम्भ किया। सर्व प्रथम डीएम ने बाबा सेमराधनाथ धाम में भगवान शिव पर जलाभिषेक कर भदोही वासियों के सर्व कल्याण हेतु कामना किया। तत्पश्चात नव वर्ष पर दर्शन पूजन करने आए दर्शनार्थियों को नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं देते हुए आत्मीय भाव से उनका कुशल क्षेम पूछा। काशी-विन्ध्य-प्रयाग के महासंगम स्थल महातीर्थ सेमराधनाथ धाम में कल्पवास के 28वें वर्ष के परम पुनीत अवसर पर गंगा तट पर मॉ गंगा का निर्मल एवं अविरल सतत धारा हेतु वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजन अर्चना किया। उन्होने माघ मेला कल्पवास के प्रतीक स्वरूप मॉ गंगा तट पर धर्म ध्वजारोहण कर भारतीय सनातन धर्म एवं आस्था का प्रतीक माघ मेला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर दर्शन पूजन उपरान्त जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरू मंहत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए उन्हें नमन किया। आगामी 14 जनवरी 2023 से शुरू हो रहे कल्पवास माघ मेलें में श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग द्वारा समस्त तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव व अन्य जन प्रतिनिधिगण, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय, नायब तहसीलदार संजय कुमार, मंहत करूणाशंकर दास, ग्राम प्रधान सेमराध, अध्यक्ष माघ मेला समिति सहित साधु संत, भक्तगण उपस्थित रहें।

# हजरत बाबा जिंगन शाह शहीद का सालाना उर्स संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** चुड़िहारी मोहाल स्थित हजरत बाबा चिंगन शाह शहीद का चालीसवां सालाना उर्स बड़ी ही सादगी के साथ मनाया गया। शनिवार को उर्स कमेटी ने बाद नमाज फर्ज आप का गुस्ल किए जाने के बाद कुरानखानी के बाद अकीतदमंदो द्वारा चादरपोसी की गई। अकीदतमंदों का सिलसिला दिनभर चलता रहा। लोग आते रहे चादर चढ़ाते रहे और अपनी मुरादो मन्नतो की दुवाएं मांगते रहे। ईशा की नमाज के बाद नातिया कलाम और मिलाद का दौर देर रात्रि तक चलता रहा। दरगाह के आसपास दुकानें सजी रही काफी संख्या में महिलाएं बच्चो ने खरीददारी की। मजार के खादिम इजहारूल हसन ने कमेटी और जायरीनों के साथ देश की खुशहाली के लिए अल्लाह की बारगाह में रो रोकर दुवाएं मांगी। दरगाह पर आगामी चुनाव के मद्देनजर देखा गया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने भी अपनी कामयाबी के लिए दरगाह पर जाकर दुवाएं मांगी। जिसमे मुख्य रूप से गुड्डू चौधरी, माबूद खान सहित सरवर खान, हाजी लाला, अफसर अली, फैय्याज खान, सलमान सहित काफी संख्या में जायरीन मौजूद रहे। नगर पालिका की तरफ से अलाव का इंतजाम कराया गया था।



# विभिन्न स्थानों से कुल 75 अदद मोबाइल सेट बरामद

**जनसुनवाई**

### बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए

जनसंदेश न्यूज



पुलिस लाइन ज्ञानपुर में बरामद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट को स्वामियों को सौंपते एएसपी राजेश भारती

**ज्ञानपुर।** क्राइम ब्रांच साइबर सेल व सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर में 75 अदद गिरे खोये मल्टीमीडिया मोबाइलों को उनके स्वामियों के बीच वितरित किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। भदोही पुलिस की बड़ी कार्यवाही से 75 अदद गिरे खोये मोबाइल बरामद हुए हैं। मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए बतायी जारही है। डा. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त खोये गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए क्राइम ब्रांच के विभिन्न शाखा क्रमशः सर्विलांस सेल स्वाट साइबर की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में गठित टीम के अथक प्रयास से कुल 75 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट विभिन्न कम्पनियों के कीमती लगभग 13 लाख रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# मंगला प्रसाद गिरी ब्लॉक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनोनीत

**बैठक**

### संतोष द्विवेदी, लालचंद निषाद को तहसील की जिम्मेदारी

जनसंदेश न्यूज


शिक्षक सभा के निर्वाचित पदाधिकारी

**सुजानगंज।** शिक्षक सभा ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी, अखिलेश सिंह महामंत्री, तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी लालचंद निषाद को दी गई।

जेपी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में अखिलेश सिंह शिक्षक महासभा के प्रधान की अध्यक्षता में ब्लाक के वित्तविहीन विद्यालय शिक्षक महासभा के मंडल संरक्षक की देखरेख में ब्लॉक क्षेत्र के समस्त प्रबंधक, प्रधानाचार्य की उपस्थिति में बैठक की गई। मंडल संरक्षक में प्रमुख रूप से अखिलेश सिंह, डॉक्टर विद्यासागर त्रिपाठी, डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी, इंदु प्रकाश त्रिपाठी, माताफेर पटेल की मौजूदगी में चुनाव अधिकारी डॉ. प्रमोद के. सिंह ने चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की। अध्यक्ष पद के नाम का प्रस्ताव मांगा गया जिसमें मंगला प्रसाद गिरी के नाम का प्रस्ताव किया गया। सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वहीं तहसील अध्यक्ष पद पर संतोष द्विवेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई। लालचंद निषाद को मीडिया प्रभारी बनाया गया। उपस्थित सभी प्रबंधकों ने ताली बजाकर पुरजोर समर्थन किया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि संघ की तरफ से जो जिम्मेदारी दी गई है, हमेशा समस्त प्रबंधकों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करूंगा। चुनाव के उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं संरक्षक मंडल के संरक्षकों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्लाक क्षेत्र के समस्त विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सीढ़ी से गिरकर किशोर हुआ घायल

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के जी टी रोड स्थित सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड थाना गोपीगंज जनपद भदोही के पास का एक युवक आदित्य यादव 16 पुत्र सब्बू यादव नामक युवक सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रविवार को आदित्य यादव 16 वर्ष पुत्र सब्बू यादव निवासी बस स्टैंड गोपीगंज अपने घर के छत के ऊपर से जब वापस आ रहा था, सीढ़ी पर पैर फिसलने से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बाइक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ किया पुलिस के हवाले

गोपीगंज। नगर के ककराही गांव के समीप खड़ी कोटेदार के बाइक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के माधोरामपुर के कोटेदार गोरख सिंह ककराही के पास अपनी दुकान पर बैठकर शनिवार की शाम कार्ड धारकों का अंगूठा लगवा कर गल्ला बांट रहे थे। इस दौरान भीड़ का फायदा उठा कर दुकान के सामने खड़ी बाइक लेकर चोर पैदल जाने लगा तो ग्रामीणों ने कोटेदार से सूचना दें दी।

# हिदायतूल मुस्लामिन गौसिया रिजविया की रखी बुनियाद


मदरसे की बुनियाद रखते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर व गुलाब पाठक

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने लालानगर मदरसा हिदायतुल मुस्लमिन गौसिया रिजविया की बुनियाद रखी। लालानगर में दीनी तालीम के साथ ही दुनियावी तालीम के लिए आधुनिक शिक्षा से युक्त मदरसे की नींव रखने के लिए अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष गांव में पहुंचे, जहां पर सिराज अख्तर आयोजित जलसे में शामिल हुए और उसके बाद मदरसे की नींव रखने का काम किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस मदरसे में आधुनिक शिक्षा के साथ ही दीनी दुनियाबी तालीम भी दी जाएगी। इस दौरान मदरसों में दीनी तालीम के नाम पर उन्होंने कहा कि मुसलमान बहुत ही तेजी से तालीम की तरफ बढ़ रहे है। मदरसों में दीनी तालीम के साथ ही साथ ही हिंदी उर्दू और अन्य पाठ्यक्रम भी पढ़ाए जाएंगे। कार्यक्रम में लालानगर के सम्मानित नागरिकों में मुख्य रूप से गुलाब पाठक, दीपक मिश्रा, मेराज अहमद, नानहक हाफिज, इरशाद अली, सदर नजरे आलम अंसारी, जुल्फिकार अंसारी, तस्लीम अंसारी, शाहिद अंसारी, मौलाना हाफिज इरशाद अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बढ़ी ठंड,गलन से छूटी कंपकपी

**ज्ञानपुर।** मौसम में आए बदलाव के साथ ठंड व गलन में बेहिसाब इजाफा हो चुका है। सुबह-शाम सार्वजनिक स्थलों रेलवे, बस स्टेशन, वाहन स्टैंड से लेकर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचने वाले लोग ठिठुरते देखे जाने लगे हैं। चुनिंदा स्थानों को छोड़ दें तो कहीं भी अलाव की व्यवस्था होते नहीं दिख रही है। कई जगह लोग अपनी व्यवस्था कर अलाव का इंतेजाम करते देखे गए। नए वर्ष के पहले दिन की सुबह की शुरूआत कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ हुई। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन और गलन बढ़ा दी है। वार को भीषण कोहरे व ठंड से जनजीवन प्रभावित दिखा। माना जाता है कि मकर संक्रांति से 15 दिन पूर्व व 25 दिन बाद तक ज्यादा जाड़ा पड़ता है। इस दौरान कड़ाके की सर्दी होती है और गलन व ठिठुरन ज्यादा होती है। शीतलहर से गलन व ठिठुरन बढ़ी है। जनवरी के पहले हफ्ते में शीतलहर व देर रात से सुबह तक घना कोहरा भी बने रहने के आसार हैं। आसमान में ऊंचाई पर बादलों की आवाजाही रहेगी, इसके कारण दिन में हल्की धूप खिलेगी। रविवार को दोपहर तक बिल्कुल भी धूप नहीं निकली जिससे लोगों को दिन भर सर्दी से परेशानी हुई। बाजार में निकलने वाले राहगीर भी अलाव में हाथ सेंकते रहे। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मौसम विशेषज्ञ सर्वेश बरनवाल ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर बर्फ पड़ने के कारण ठंड में बढ़ोत्तरी होगी। आगामी मकर संक्राति तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

# जेसीआई चेतना ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

जनसंदेश न्यूज



दिव्यांग बच्चों के साथ जेसीआई चेतना के पदाधिकारी

**जौनपुर।** जनपद की महिलाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर चेतना के सदस्यों ने नया वर्ष दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में नव वर्ष 2023 अभिनंदन कार्यक्रम दिव्यांग बच्चों को भोजन कराने के साथ केक काटकर फल, चॉकलेट, टॉफी, चिप्स, बिस्किट इत्यादि भेंट करते हुए सभी बच्चों को नववर्ष की बधाई दी।

वक्शा स्थित हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ दिव्यांग बच्चों की दुआओं व प्यार को पाकर चेतना के सभी पदाधिकारियों में एक अलग खुशी देखने को मिली। चेतना अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने हर्षिता स्कूल के संचालक डॉक्टर प्रमोद सैनी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहाकि प्रमोद जैसे बच्चों की सेवा कर रहे हैं ऐसी सेवा से भगवान सबसे ज्यादा प्रसन्न होते हैं ईश्वर ने इसीलिए इनको इतनी उर्जा दी है ताकि वो इतना पवित्र काम कर सके।

निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेटर अभिलाषा श्रीवास्तव ने जेसीआई जौनपुर की नव चयनित अध्यक्ष और उनकी टीम को वर्ष के पहले दिन इतने सुंदर कार्यक्रम करने के लिए बधाइयां दी और बच्चों में गिफ्ट और फल इत्यादि वितरण किया। कार्यक्रम में सचिव मीरा अग्रहरी, कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, मंजू जायसवाल, ममता गुप्ता, यशी गुप्ता, स्कूल के प्रबंधक विनोद कुमार माली, सहायक शिक्षक मनोज कुमार, प्रमोद दुबे, संदीप सैनी, बृजमोहन, सोनम यादव, मंजू प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव मीरा अग्रहरी ने किया। संचालक डॉक्टर प्रमोद सैनी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहाकि इन बच्चों में भगवान का रूप दिखता है सभी लोगों को समय-समय पर इन बच्चों के साथ थोड़ा समय अवश्य बिताना चाहिए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## समाचार विक्रेता की पत्नी के निधन पर शोकसभा

**करंजाकला।** सोधी ब्लॉक क्षेत्र के मेहरावाँ गांव निवासी प्रहलाद गौतम की पत्नी अंजू देवी 38 वर्ष का बीमारी के कारण बीते शनिवार को मौत हो गई। समाचार पत्र विक्रेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। कोईरीडीहा चौराहे पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में हरिंदर यादव, अनिल गुप्ता, हरिंदर माली, प्रेम गौतम बच्चा, विरेन्द्र कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों को दिया कंबल

**सुजानगंज।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला ने अपने सभी थाने के चौकीदारों को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर थाने के सभी उप निरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

जनसंदेश न्यूज


प्रकाशोत्सव पर निकली शोभायात्रा में शामिल लोग

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर में गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व नगर में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगत करने वालों ने हाथी घोड़ा, बैंड बाजा आदि के साथ गुरु गोविंद सिंह की संकीर्तन, शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए गुरुद्वारे तक ले जाया गया।

संकीर्तन व शोभायात्रा करीब 5 घंटे तक चलता रहा। सड़क के दोनों तरफ स्त्री पुरुष वृद्ध प्रकाश पर्व का दर्शन करते रहे और कर्तव्य भी देखते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज से दिन में 2 बजे प्रारंभ होकर शाम 7 बजे के करीब गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा वाराणसी रोड पर समाप्त हुआ। दशमेश पिता सरवंश दानी खालसा पंथ के जनक शाहे शहंशाह श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में कीर्तन शोभायात्रा में दीप खालसा रागी ज्ञानी नरेंद्र सिंह ज्ञानी गुरूबाग वाराणसी भी संकीर्तन में सम्मिलित हुए। मिलिट्री बैंड चंडीगढ़, रज्जब अली बैंड प्रतापगढ़ गतका फरी सोनभद्र व गुरु गोविंद सिंह के तमाम कृतियों का स्मरण करते हुए उनके उपदेशों को बताते हुए अपने वाणी से अमृत संदेश भी दिया। समूह संगत द्वारा लंगर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इस मौके पर विधानसभा 370 अपना दल एस के स्थानीय विधायक डाक्टर आरके पटेल व विधायक पत्नी सुरभि पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्र प्रकाश सिंह, सुमित सिंह, मनप्रीत सिंह रहे।

समस्त छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

2023 2023

# आशा पी0जी0 कालेज

सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर
धिरजीजोत, सिखड़ी गाजीपुर।

**B.A.** हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृहविज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, ललित कला (चित्रकला), शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेलकूद शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान व संगीत (गायन)

**B.Sc.** रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान, भूगोल व गृहविज्ञान

**M.A.** भूगोल, गृहविज्ञान समाजशास्त्र, हिन्दी

**M.Sc.** रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कालेज कोड-450143 | बी.एड. कोड SP5309 | B.Sc.(Ag.)

## आशा कालेज ऑफ एजुकेशन बी-एड कोड SP-2899

## समा महेन्द्र कालेज ऑफ एजुकेशन

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कोड-450095 | डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कोड-450144

## SAMA MAHENDRA
### COLLEGE OF PHARMACY
DHIRJIJOTE SIKHARI-GHAZIPUR

**D. PHARMA**
(Allopathic)
College Code : 4896

Mob. 8572910025
9415988231
9792089569



## प्रस्तावित सतीश विधि महाविद्यालय
धिरजीजोत, सिखड़ी गाजीपुर

**सतीश यादव**
(प्रबंधक)



जनपदवासियों को नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं

# अनुस्का नेत्र क्लीनिक

## कस्बाकोईरी शादियाबाद-गाजीपुर

* आँख सम्बन्धित सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध
* टॉपिकल फेको विधि द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन
* मल्टीफोकल, ट्राईफोकल, टोरिक IPCL लेन्स की सुविधा उपलब्ध
* आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
* कैशलेस ट्रीटमेंट की सुविधा उपलब्ध



HAPPY 2023 NEW YEAR



2023

**डॉ0 आर0के0 मौर्या**

मो0-9450318621, 8948582213



समस्त जनपदवासियों को नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं

## उर्मिला नेत्र परीक्षण एवं चश्मा घर

# आँख का अस्पताल

तरवाँ रोड, पल्हना (हीरो एजेन्सी के बगल में), आजमगढ़।
Mob: 9452571486, 9792575386, 9415653196

आप लोगों को जानकर अपार हर्ष होगा कि यहाँ पर भदोही-खमरिया एवं शादियाबाद वाले Dr. Vivek Singh (M.B.B.S., M.S.) अब आपके बाजार तरवाँ रोड पल्हना (हीरो एजेन्सी के बगल में)। आजमगढ़ में प्रत्येक मंगलवार को आँखों से सम्बन्धित इलाज एवं ऑपरेशन के लिए उपलब्ध रहें गें। मोतियाबिन्द का ऑपरेशन बिना सुई, बिना टांका, बिना चीरा, दर्द रहित जापानी माइक्रोस्कोप एवं फेको विधि द्वारा करायें।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल | आपरेशन का दिन प्रत्येक सोमवार, शुक्रवार शादियाबाद, गाजीपुर

जाँच एवं आपरेशन का दिन प्रत्येक मंगलवार

### उपलब्ध सुविधाएं

1. आँख के सभी प्रकार के रोगों का इलाज एंव ऑपरेशन जैसे-मोतियाबिन्द, समलबाई, नाखुना इत्यादि। 2. Potec, Autorefractometer द्वारा कम्प्यूटराइज नेत्र परीक्षण। 3. Galaxy Pro Phaco मशीन (फेको विधि) द्वारा लेंस प्रत्यारोपण। 4. याग लेजर (झिल्ली काटने वाली मशीन) की सुविधा। 5. आधुनिक CARL PM ZIESS जर्मन माइक्रोस्कोप द्वारा लेंस प्रत्यारोपण। 6. NIDEK ASCAN मशीन द्वारा IOL POWER की जाँच करके मोतियाबिन्द का आपरेशन।

Dr. Vivek Singh (M.S.) नेत्र सर्जन | Dr. Alok Kumar (M.S.) नेत्र सर्जन
Dr. N.K. Singh (M.S.) नेत्र सर्जन | Dr. K.K. Pandey (M.B.B.S.) फिजीशियन

मुख्य शाखा
**उर्मिला आँख अस्पताल**
मेन रोड दक्षिण तरफ, शादियाबाद-गाजीपुर

निवेदक
**डा. संतोष कुमार गुप्ता**



समस्त जनपदवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

## प्रवेश प्रारंभ 2023-24



(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)

# शबरी पी.जी. कालेज

## सिखडी - गाजीपुर

| B.A. | B.Sc. | M.A. | M.Sc. |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | भौतिक विज्ञान | मनोविज्ञान | भौतिक विज्ञान |
| प्राचीन इतिहास | रसायन विज्ञान | गृहविज्ञान | रसायन विज्ञान |
| संस्कृत | जन्तु विज्ञान | शिक्षाशास्त्र | जन्तु विज्ञान |
| समाजशास्त्र | वनस्पति विज्ञान | समाजशास्त्र | वनस्पति विज्ञान |
| राजनीतिशास्त्र | गणित | | गणित |
| भूगोल, शिक्षाशास्त्र | | | |
| मनोविज्ञान | | | |
| गृहविज्ञान | | | |

प्रस्तावित
## शबरी विधि महाविद्यालय
सिखड़ी-गाजीपुर

सम्पर्क सूत्रः-
9984748888, 9559631112, 7651839022